


हिन्दी दैनिक पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, सोमवार | 03 फरवरी 2025 | वर्ष : 03 | अंक : 33 | पृष्ठ - 12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण




## ब्रीफ न्यूज

### आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध द्रमुक सरकार: मुख्यमंत्री



एजेंसी

**तमिलनाडु:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि उनकी द्रविड़ मॉडल सरकार आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत की रक्षा के लिए बढ़-चढ़कर कदम उठाती रहेगी।मुख्यमंत्री ने एक्सपर पोस्ट किया, इस विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर मुझे रामनाथपुरम जिले में दो और स्थलों-सक्करकोट्टई और थेर्थंगल पक्षी अभयारण्यों को रामसर स्थल के रूप में नामित करने की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जिससे तमिलनाडु में रामसर स्थलों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो जाएगी, जो देश में सबसे अधिक है। 2021 में तमिलनाडु आर्द्रभूमि मिशन शुरू होने के बाद 19 स्थलों को रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है।ह्वह्व तमिलनाडु में स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने मई 2021 में सत्ता संभाली थी।मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यहमारी द्रविड़ मॉडल सरकार आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। वह अपनी समृद्ध प्राकृतिक विरासत की रक्षा के लिए बढ़-चढ़कर कदम उठाती रहेगी।

## बिहार के पहले स्मार्ट विलेज का सीएम नीतीश ने किया उद्घाटन,

# बांका को 362 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

**बांका जिला बिहार के पहले स्मार्ट विलेज के रूप में नई पहचान बनाएगा। साथ ही जिले को मेडिकल कॉलेज, आधुनिक बुनियादी ढांचे और जल आपूर्ति जैसी योजनाओं से विकास को नई दिशा मिलेगी।**

एजेंसी

**पटना:** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा जारी है। इस यात्रा के चौथे पड़ाव के तहत सीएम नीतीश रविवार को बांका जिले में होंग। इस ऐतिहासिक आवसर पर सीएम बिहार के पहले स्मार्ट विलेज की सौगात देंगे। साथ ही बांका में मेडिकल कॉलेज, सिंचाई, जल आपूर्ति, सड़क, शिक्षा, पर्यटन और ग्रामीण विकास से जुड़ी 178 योजनाओं स जिले के विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इसमें वे यहां धरातल पर उतारी गई 161 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जबकि जिले के विकास को गति देने वाली 17 योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। सीएम के इस दौरे से जिले के विकास को नई रफ्तार मिलेगी। बांका जिला बिहार के पहले स्मार्ट विलेज के रूप में नई पहचान बनाएगा। साथ ही जिले को मेडिकल कॉलेज, आधुनिक बुनियादी ढांचे और जल आपूर्ति जैसी योजनाओं से विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री की इस यात्रा से विकास के नए युग की शुरूआत होगी।



बिहार के विकास में एक नई पहल करते हुए मुख्यमंत्री राज्य के पहले स्मार्ट विलेज (उन्नती ग्राम)का शुभारंभ करते हुए उसे लाभार्थियों को सुपुर्द करेंगे। यह गांव आधुनिका सुविधाओं, डिजिटल कनेक्टिविटी, स्मार्ट सड़कों और ऊर्जा प्रबंधन से लैस होगा। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई दिशा मिलेगी। ये स्मार्ट विलेज राज्य ही नहीं देश का रोल मॉडल बनेगा।जिले में लंबे इंतजार के बाद लोगों को मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की सौगात मिलेगी। जिसका निर्माण 150.94 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इसके लिए अमरपुर के राजपुर मौजा में 26 एकड जमीन चिह्नित की गई है। इसका अवलोकन सीएम अपने प्रगति यात्रा के क्रम में करेंगे। यहां मेडिकल कॉलेज व अस्पताल की स्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा और जिले के युवाओं को चिकत्सा क्षेत्र में शक्षा और रोजगार के अवसर मिलेंगे।इन नई परियोजनाओं का सीएम करेंगे शिलान्यास

?मुख्यमंत्री 234.2 करोड़ की लागत से नई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिनमें शामिल हैं।

? नए सरकारी भवन और छात्रावासः 17.08 करोड़ की लागत से सरकारी दफ्तर, छात्रावास और पुलिस आवासों का निर्माण।

? सिंचाई एवं जल संसाधनः किसानों के लिए 11.58 करोड़ रुपए की नई सिंचाई परियोजनाएं।

129 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ? मुख्यमंत्री 128 करोड़ 50 लाख से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, जिनमें शामिल हैं: ? जल आपूर्तिः 77 परियोजनाओं पर 653.5 करोड़, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा दुरूस्त होगी।? पर्यटन विकासः 3 योजनाओं पर 15.6 करोड़, जिससे धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को बढ़ावा मिलेगा।? ग्रामीण एवं शहरी विकासः 33 योजनाओं पर ₹9.5 करोड़ का निवेश।

## RK Puram में पीएम मोदी ने जताया भरोसा, 5 फरवरी को Delhi में आएगी विकास की नई



एजेंसी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के आरके पुरम में बीजेपी की 'विकसित दिल्ली संकल्प रैली' में हिस्सा लिया। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली में विकास की नई बहार आने वाली है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। पीएम ने रैली में आप सरकार पर भी निशाना साधा।आप सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, 'दिल्ली की अअढ-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा।'पीएम ने कहा, 'गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है। जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।' उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां अअढ-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे।आप पार्टी छोड़ रहे सांसदों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। अअढ-दा के लीडर्स, उसे छोड़कर जा रहे हैं, ये जान चुके हैं कि ग्राउंड पर जनता अअढ-दा से कितना नाराज है।बजट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी।

## सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना फिर न हो: दलित युवती प्रकरण पर मायावती ने कहा



एजेंसी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला उठाते हुए अपील की है कि सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मायावती ने रविवार को ह्लएक्सह्व पर पोस्ट किया, ह्लउत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के सहनवां में दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं तथा अमानवीय व्यवहार भी हुआ है। मायावती ने कहा, यह बेहद दुःखद एवं अति गम्भीर मामला है। सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।ह्व इसके पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ह्लएक्सह्व पर लिखा था, ह्ल बेहद दुःखद खबर है कि अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां (सरदार पटेल वार्ड) में तीन दिन से गायब दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है।

## निर्मला सीतारमण ने कहा, देश राजकोषीय मजबूती के साथ कर्ज कटौती के लक्ष्य की राह पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने इस बात को तवज्जो नहीं दी कि मूडीज जैसी एजेंसियों ने इन सबके बावजूद भारत की साख को नहीं बढ़ाया है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट में राजकोषीय सूझबूझ के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के बीच बेहतर संतुलन साधा है। उन्होंने न केवल मध्यम वर्ग को बड़ी कर राहत दी है, बल्कि अगले साल राजकोषीय घाटे को कम करने तथा 2031 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के



प्रतिशत रूप में कर्ज में कमी लाने का खाका भी पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक चुनौतियों, आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर समस्याओं और दुनिया में संघर्षों के बीच अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए महामारी के दौरान अधिक कर्ज लेना पड़ा।सीतारमण ने पीटीआई-के साथ साक्षात्कार में कहा, ह्यह्यइन सबके बावजूद हमने प्रतिबद्धता दिखाई है और राजकोषीय घाटे के संबंध में हम अपनी कही बातों का पालन कर रहे हैं। एक भी साल ऐसा नहीं है, जब हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हों।मूडीज रेटिंग्स ने शनिवार को सरकार द्वारा अपने वित्त को विवेकपूर्ण ढंग से प्रबंधित करने के प्रयासों के बावजूद भारत की साख को तत्काल बढ़ाने की बात से इनकार किया था।

## भगवान राम-माता सीता आप कहां हैं? दलित महिला की कथित हत्या पर रो पड़े अयोध्या के सांसद

एजेंसी

**उत्तर प्रदेश:** अयोध्या (फैजाबाद) के सांसद अवधेश प्रसाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में प्रसाद रोते हुए कह रहे हैं कि मैं उसे बचा नहीं सका। आपको बता दें, प्रसाद 22 वर्षीय दलित महिला के बारे में बात कर रहे थे, जिसका शव उसके गांव के पास एक सुनसान नहर में मिला था।समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार मृतक के परिवार ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी, जो लापता थी, की हत्या कर दी गई



है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उसकी आंखें गायब थीं और उसके शरीर पर गहरे घाव और फ्रैक्चर थे।अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद, जिन्हें इस घटना की जानकारी मिली, पत्रकारों के सामने रो पड़े और अपना दुख व्यक्त किया। ऑनलाइन सामने आए वीडियो में, साथी सहकर्मी प्रसाद को यह कहते हुए सांत्वना देते हुए दिखाई दे रहे हैं, 'आप उसके लिए लड़ेंगे, उसे न्याय दिलाएंगे' इस बीच, भावुक और आक्रोशित प्रसाद कहते हैं, 'मुझे दिल्ली जाने दो, लोकसभा में। मैं इस मामले को (पीएम) मोदी के सामने रखूंगा और अगर हमें न्याय नहीं मिला, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैं लोकसभा से भी इस्तीफा दे दूंगा।'अयोध्या के सांसद भगवान का नाम पुकारते हुए दिखाई दे रहे हैं, 'भगवान राम आप कहां हैं, माता सीता आप कहां हैं?'

## भाजपा कार्यकताओं ने ह्यआपह्न के कार्यकताओं पर किया हमला, चुनाव प्रचार रोकने की कोशिश की: संजय सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली:** राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह ने निर्वाचन आयोग को शनिवार को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के कार्यकताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकताओं पर हमला किया और उन्हें नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करने से रोकने की कोशिश की।भाजपा ने सिंह के इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सिंह ने कहा कि यह ह्यह्यशर्मनाकह्नह्न है कि ऐसा हमला दिनदहाड़े और संसद से मात्र 100




मीटर की दूरी पर हुआ।ह्यआपह्न के वरिष्ठ नेता ने दावा किया,यह बहुत ही दुखद है कि लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन से ठीक 100 मीटर की दूरी पर यह झुग्गी बस्ती है। हमारे कार्यकर्ता यहां प्रचार करने आए थे। हमारे नेता और साथी कार्यकर्ता मौजूद थे, लेकिन भाजपा कार्यकताओं ने उन पर हमला किया, उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें प्रचार करने से रोकने की कोशिश की जबकि उनके पास ऐसा करने की उचित अनुमति थी।निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में सिंह ने मांग की कि संबंधित पुलिस थाने के थाना प्रभारी (एसएचओ) को निलंबित किया जाए। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नयी दिल्ली सीट पर ह्यआपह्न प्रमुख अरविंद केजरीवाल, भाजपा के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित के बीच

## बच्ची की बातों ने मुझे रात में परेशान किया..,

# जब किसान की बेटी को खोज लैपटॉप देन पहुंचे तेजस्वी यादव




एजेंसी

**पटना:** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार में कार्यकर्ता संवाद यात्रा कर रहे हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान वो कई लोगों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं को भी सुन रहे हैं। तेजस्वी यादव ने अब खुद इस यात्रा के दौरान एक दिलचस्प वाकये का जिक्र किया है। तेजस्वी यादव ने बताया है कि किस तरह एक बच्ची की बातों ने उन्हें रात भर सोने नहीं दिया और फिर अगले ही दिन वो खुद उस बच्ची के पास जा पहुंचे। दरअसल छपरा से पटना लौटने के दौरान तेजस्वी यादव दिघवारा के फोरलेन सड़क के बगल में रुके थे।इस दौरान सड़क के किनारे एक खेत में जाकर उन्होंने कुछ किसानों से बातचीत की थी। इसी दौरान उनकी मुलाकात कन्या उच्च विद्यालय शंकर रोड दिघवारा में पढ़ने वाली खुशी नाम की एक लड़की से हुई थी। तेजस्वी यादव ने जब इस लड़की से पढ़ाई-लिखाई को लेकर बातचीत की थी तब उसन बताया था कि स्कूल में कम्प्यूटर है लेकिन पढ़ाई नहीं होती है। लड़की ने तेजस्वी यादव से कहा था कि वो कम्प्यूटर पढ़ना चाहती है। किसान की बेटी ने तेजस्वी यादव को बताया कि स्कूल में कम्प्यूटर सिखाने वाला कोई नहीं है। लड़की ने तेजस्वी यादव को बताया कि उसे कम्प्यूटर चलाने का मन है।किसानों और उनके परिवार के सदस्यों से बातचीत के बाद तेजस्वी यादव वहां से चले गए।

## कांग्रेस ने अपने 8 नेताओं को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, तैयार की अपनी EAGLE टीम, जानें क्या काम करेंगे?

एजेंसी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए 'ईगल' नाम की एक टीम का गठन किया है। ईगल का मतलब है नेताओं और विशेषज्ञों का सशक्त कार्य समूह (Empowered Action Group of Leaders and Experts)?कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस टीम का गठन किया है। यह टीम चुनाव दर चुनाव नतीजों और मतदाता सूची का विश्लेषण कर पार्टी नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपेगी।कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी की इस अधिसूचना को जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन की निगरानी के लिए तत्काल प्रभाव से नेताओं और



विशेषज्ञों का एक सशक्त कार्य समूह (ईगल) गठित किया है, जिसमें आठ सदस्यों को शामिल किया गया है। कांग्रेस की ईगल टीम में अजय माकन, दिग्विजय सिंह, डॉ. अभिषेक सिंघवी, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, डॉ. नितिन राउत और चल्ला वंशी चंद रेड्डी शामिल हैं।'ईगल' को दिया गया पहला काम महाराष्ट्र चुनाव को लेकर है, जहां वे मतदाता सूची में हेराफेरी के मुद्दे पर आलाकमान को विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। कांग्रेस ने बताया कि ईगल अन्य राज्यों में पिछले चुनावों का भी विश्लेषण करेगा और आगामी चुनावों और देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन से संबंधित अन्य सभी मुद्दों पर सक्रिय रूप से निगरानी करेगा।कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी की इस अधिसूचना को जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन की निगरानी के लिए तत्काल प्रभाव से नेताओं और विशेषज्ञों का एक सशक्त कार्य समूह (ईगल) गठित किया है, जिसमें आठ सदस्यों को शामिल किया गया है।

# पंडौल बुनियाद केंद्र, मधुबनी में 12 दिव्यांग लाभुकों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिया गया



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी पंडौल बुनियाद केंद्र, मधुबनी में 12 दिव्यांग लाभुकों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिया गया। मधुबनी जिला पदाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा के निदेर्शानुसार यह वितरण सदर अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र से किया गया।जयनगर अनुमंडल के 20 लाभुकों को कॉल करके बुलाया गया जिसमे से 12 लाभुक ट्राइसाइकिल लेने आए। वितरण अऊर श्री आशीष अमन के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। वितरण के पहले लाभुकों को ट्राइसाइकिल चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया जिसके पश्चात ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। लाभुकों से वऊक्कऊ बनाने हेतु अनुरोध किया गया।

# बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम: सांस्कृतिक रंग और जागरूकता का संगम

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

- बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम: सांस्कृतिक रंग और जागरूकता का संगम।
- युवाओं को वित्तीय समस्याओं और उनके समाधान के बारे में दी गई जानकारी।
- भूकंप, साँप के काटने, बाढ़ और कार्डियक अरेस्ट जैसी आपदाओं से निपटने के उपायों पर विस्तार से की गई।चर्चा ।




मधुबनीः नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित *बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के प्रथम दिवस की रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बिहार के प्रसिद्ध लोक नृत्य चौमासी डांस, कजरी और छठ पूजा से जुड़े सांस्कृतिक रंगों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। असम से आए प्रतिभागियों अमजद अली, दीपांकर ओझा, शाहनवाज खान और जैकब नाथ ने अपने पारंपरिक लोक नृत्य "बोहोहो" की शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। दूसरे दिवस के पहले सत्र में श्री अनिल कुमार झा (सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक, एस बीआई) ने युवाओं को वित्तीय समस्याओं और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने खान-पान और वैचारिक समृद्धि के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान यूपी के शिवम शर्मा ने पाचन से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

दूसरे सत्र में एसडीआरएफ के एसआई राम नारायण पासवान सहित हेड कांस्टेबल देवाशीष कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, अमित कुमार और निलेश कुमार ने आपदा प्रबंधन पर विशेष सत्र लिया। इसमें भूकंप, साँप के काटने, बाढ़ और कार्डियक अरेस्ट जैसी आपदाओं से निपटने के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रैक्टिकल डेमो के दौरान तरुण गहलोत और शिवम शर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई और सीपीआर व हृदय संबंधी आपात स्थितियों से निपटने की महत्वपूर्ण तकनीकें सीखीं। इस यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम ने न केवल सांस्कृतिक विविधता को मंच दिया बल्कि प्रतिभागियों को जीवन रक्षा और वित्तीय जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से भी अवगत कराया।

# प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री ललित नारायण मिश्र की 103 वीं जयन्ती मनायी गयी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

पटना 2 फरवरी, 2025आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री ललित नारायण मिश्र की 103 वीं जयन्ती मनायी गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधान पार्षद लालबाबू लाल ने किया ।

इस अवसर पर लाल बाबू लाल ने कहा कि ललित बाबू विकास पुरूष थे।उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के सदस्य के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता से पहले उपेक्षित कोशी एवं मिथिला क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये अनेक कार्यक्रम चलाये। ललित बाबू के प्रयास से मिथिला पेंटिंग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति और स्थान मिला। रेल एवं सड़क मार्ग के विकास के लिये ललित बाबू ने कोशी एवं मिथिलांचल क्षेत्र में कई योजनाएँ कार्यान्वित कीं। आज कृतज्ञ राष्ट्र, ललित बाबू के योगदान को स्मरण कर, उनकी स्मृति को शत-शत नमन करती है।इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद प्रेमचंद मिश्रा , कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा , मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ ।

# सरस्वती पूजा के सभी पंडालों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी/कर्मी तैनात किए गए है एस. पी मधुबनी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मो. अबु बकर सिद्दीकी




आज लोजपा रा के प्रदेश कार्यालय 1 व्हीलर रोड पटना में आयोजित प्रेस वार्ता को लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर लोजपा (रामविलास) की गहरी संतुष्टि हैं। पार्टी की और से मै विशेष रूप से बिहार के लिए घोषित सौगात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताता हूँ।

श्री तिवारी ने कहा "यह बजट बिहार के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।" खासतौर पर किसान, माहिला, युवा, कोसी और मिथिला क्षेत्र के लिए दी गई सौगात को लेकर पूरे बिहार की जनता गदगद नजर आ रही है। मेरे नेता श्री चिराग पासवान जी की सोच बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की नीतियों का खास ध्यान रखा गया हैं ।इस बजट से विकसित भारत की नींव रखी गई है , और यह बजट सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है मेरी पार्टी इस बजट का स्वागत करती है ।प्रधानमंत्री की कार्यशैली को सराहना करते हुए कहा राजू तिवारी ने कहा

कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास को प्राथमिकता देते हैं। "वे सिर्फ शिलान्यास ही नहीं करते बल्कि उद्घाटन भी सुनिश्चित करते हैं, जिससे विकास को गति मिलती है।

प्रेस संवाददाता सम्मेलन मे महिला सेल का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईंदू कश्यप,प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, विषणु पासवान, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश पासवान, अनुपम पासवान,प्रचार प्रसार प्रमुख संजय सिंह, महिला प्रदेश अध्यक्ष शोभा पासवान मौजूद थे।

# शहीद पैरा कमांडो एस एफ सुनील कुमार शास्त्री की 53 वीं जन्म जयंती मनाई गई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रखंड संवाददाता, ताजपुर ( रोजनामा इन्डो गल्फ ) : - - 02 फरवरी दिन रविवार को शहीद पैरा कमांडो एस एफू सुनील कुमार शास्त्री की 53 वीं जन्म जयंती कार्यक्रम राजकीय कन्या विद्यालय भेरोखारा वार्ड संख्या : 4 में पूर्व सरपंच सुनील कुमार मालाकार की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम वासी एवं छात्र-छात्राएं एवं धर्मेंद्र कुमार चौबे , मोतीलाल ठाकुर , रामानंद चौबे , राजकमल पांडे , विनोद कुमार चौबे , सात्विक सौरव , श्रीराम जी तिवारी , शानू ताजपुरी , आदर्श कुमार चौबे , मिथिलेश चौबे , देवेश चौबे , रणधीर ठाकुर , प्रदीप ठाकुर आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में शहीद के अग्रज सुशील कुमार चौबे एवं सरपंच सुनील कुमार मालाकार के द्वारा बच्चों के बीच कलम और कॉपी वितरण किया गया ।

# शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती मनाई गई



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रखंड ताजपुर : - - 02 फरवरी । जिले के मोरवा विधानसभा क्षेत्र के लसकारा मे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी जयंती मनाई गई । जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद ने की। समारोह को सबसे पहले उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जगदेव बाबू ने नारा दिया था सौ मे नब्बे शोषित है, दस का शाशन नही चलेगा।। नब्बे भाग हमारा है, दस का सत्ता नही चलेगा। उन्होंने कहा था कि जिस लड़ाई की बुनियाद आज मै डाल रहा हूँ, वह लम्बी और कठिन होगी। चूंकि मै एक क्रांतिकारी पार्टी का निर्माण कर रहा हूँ इसलिए इसमें आने-जाने वालों की कमी नहीं रहेगी परन्तु इसकी धारा रुकेगी नहीं। इसमें पहली पीढ़ी के लोग मारे जायेंगे, दूसरी पीढ़ी के लोग जेल जायेंगे तथा तीसरी पीढ़ी के लोग राज करेंगे। जीत अंततोगत्वा हमारी होगी।उन्हें भारत की लेनिन के नाम से भी जाना जाता है। मौके पर पूर्व जिलापार्षद विभा देवी, प्रदेश महासचिव देवनारायण सिंह, जिलासचिव देवशंकर राय, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, रामानंद सिंह, मसूद जावेद सैय्यद, अनिल सिंह कुशवाहा, अकलू राम, आत्मा राम सिंह, बालेश्वर पासवान, मो बशीर, अशर्फी पासवान, रणधीर कुमार राय, अनीता देवी, सरस्वती देवी, माहेश्वरी देवी, तेतरी देवी, संजय चौधरी निषाद, सुनैना देवी, दिनेश महतो, अनिल कुमार साह, चंद्रशेखर राय, जयदेव राय, मुकेश कुमार चौधरी, सुबोध कुमार चौधरी, मो इजहार आलम, मो रहमत, प्रेमलाल सिंह, संघर्ष कुमार, नागेश्वर राम, ओमप्रकाश, रंजीत कुमार, अभिषेक कुमार, सुजीत कुमार पटेल, लक्ष्मण सिंह संतोष कुशवाहा, फूलकुमारी, कुशवाहा, नितेश कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# भाकपा माले का फतेहपुर शाखा सम्मेलन संपन्न, सुर्यदेव सिंह चुने गये शाखा सचिव



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम जोड़ने में अवैध वसूली रुके अन्यथा आंदोलन- सुरेंद्र प्रसाद सिंह
- पीएमएवाई एवं मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना को लेकर जागरूकता

## अभियान चलाएगी भाकपा माले-मनोज कुमार सिंह

प्रखंड ताजपुर : - 2 फरवरी 2025

प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने को लेकर नगर एवं प्रखंड क्षेत्र में धड़ल्ले से 1-2 हजार रुपए अवैध वसूली की जा रही है। यही हाल मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना का लाभ लेने हेतु 72 हजार से कम का आय प्रमाण-पत्र बनवाने में भी 2-5 सौ रुपए की वसूली हो रही है। ये वसूली सिर्फ पात्र लोगों से नहीं हो रही है बल्कि अपात्र को पात्र बनाकर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर हो रही है। भाकपा माले प्रखंड क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला रही है। अवैध वसूली कर पात्र परिवारों को अगर योजना से वंचित होना पड़ेगा तो भाकपा माले वसूली करने वाले दलाल-विचौलिया- अधिकारी को चिन्हित कर धारावाहिक आंदोलन करेगी । उक्त बातें भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने रविवार को भाकपा माले का फतेहपुर शाखा सम्मेलन में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा।

शाखा सम्मेलन की अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह ने की। सम्मेलन में रंजीत सिंह, अनील कुमार सिंह, चंद्रशेखर कुमार, उपेंद्र सिंह, सुलेखा कुमारी, सुनील कुमार, सुनैना देवी, गुड़िया भारती सहित अन्य स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

सूर्यदेव सिंह को शाखा सचिव चुना गया। 16 फरवरी को ताजपुर जनता मैदान में आशा, कुरियर , रसोईया, सेविका , सहायिका, ममता, जीविका, विद्यालय प्रहरी के कन्वेंशन को एवं 9 मार्च को पटना के गांधी मैदान में भाकपा-माले द्वारा आहूत महाजुटान रैली में बड़ी भागीदारी दिलाने का निर्णय लिया गया।

# जयनगर,गोली कांड) के फरार प्राथमिकी अभियुक्त इस्तेहार का तामिला विधिवत ढोल नागरे के साथ किया गया



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जयनगर कांड सं0 23/25 दिनांक 27/01/25 धारा 109/118(2)/61(2)इठरएवं 27 आर्म्स एक्ट(सत्तो यादव गोली कांड) के फरार प्राथमिकी अभियुक्त 1 बद्री यादव उर्फ बद्री बिराजी सा0 परवा 2 शत्रुघन यादव सा0 गोबराही दोनो थाना जयनगर तथा 3 दिनेश यादव सा0 छपरारी थाना खजौली सभी जिला मधुबनी के विरूद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत इस्तेहार का तामिला विधिवत ढोल नागरे के साथ किया गया। अवसर पर जयनगर

एडी. एस.पी विप्लाव कुमार, जयनगर थाना अध्यक्ष पुलिस पदाधिकारी, पुलिस के जवान उपस्थित थे

# आज उस लड़ाई को आगे बढ़ा रहे हैं चिराग पासवान। उनकी बातें कर रहे हैं, उन्हें राष्ट्र के मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

शहीद जगदेव प्रसाद के नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान। जिन गरीब, मजलूम और बेजुबानों की लड़ाई शहीद जगदेव प्रसाद ने शुरू किया था आज उस लड़ाई को आगे बढ़ा रहे हैं चिराग पासवान। उनकी बातें कर रहे हैं, उन्हें राष्ट्र के मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

आज लोजपा (रा) प्रदेश कार्यालय में शहीद जगदेव प्रसाद जी के जयंती समारोह भव्य तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैलीय चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सत्यानंद शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद ने 90% गरीबों, मजलूमों और बेसहारा लोगों को गोलबंद करने का प्रयास किया था। सत्ता में भागीदारी के लिए अथक प्रयास किया था। उन दिनों नारा दिया था कि 100 में 90 शोषित है, 90 भाग हमारा है। कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा , नया जमाना आएगा ।शहीद जगदेव प्रसाद अपने नीतियों के लिए संघर्ष करते हुए अपनी शहादत दे दी। आज 90% गरीब ,गुरबा की लड़ाई हम लोग के नेता चिराग पासवान बखूबी लड़ रहे हैं ।पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि जयंती समारोह को युवा लोजपा रा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल पासवान, महिला सेल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईंदू कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी ,विष्णु पासवान ,प्रचार प्रसार प्रमुख संजय सिंह, प्रदेश प्रवक्ता दिनेश पासवान, अनुपम पासवान, महिला सेल अध्यक्ष शोभा पासवान ,प्रदेश महासचिव विभूषण शर्मा, मिथिलेश निषाद, पटना महानगर अध्यक्ष कुंदन सिंह यादव, सुदीप कुमार, संजय पासवान, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती, सरवर अली,सुरेश पासवान,आनंद चंद्रवंशी,मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार , निशांत मिश्रा ने भी संबोधित किया

# ऑटो पलटने से तीन जख्मी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत समिति भवन के समीप ऑटो पलटने से तीन लोग जख्मी हो गये। जख्मी लोगों की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के कोठिया गांव निवासी राम स्वरूप राय के पुत्र मोहन कुमार, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव निवासी शत्रुघन साह के पुत्री प्रीती कुमारी एवं दरभंगा जिले के लक्ष्मण राय के पुत्र प्रभाकर कुमार शामिल है। वही स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी को पीएचसी में भर्ती कराया गया। पीएचसी प्रभारी डॉ हैदर ने बताया कि जख्मी की स्थिति में सुधार है। पुलिस ने अपने स्तर से छानबीन शुरू कर दी है।

# 22 वर्षों से फरार वारंटी गिरफ्तार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कुढ़वा बरेहता गांव के राम आशीष राय के पुत्र मुरारी कुमार उर्फ मुरारी कुमार यादव को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि वह 22 वर्षों से फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की रात गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को जेल भेज दिया गया।

# खड़ी दूध टैंकर में मोटरसाइकिल सवार ने मारा ठोकर, बेटी की मौत, माता और पिता घायल

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के चकमहेसी थाना क्षेत्र के करूआ दूघ समिति के समीप सड़क किनारे पहले से खड़ी एक दूध टैंकर में रविवार की सुबह एक पूसा की ओर से आ रहे तीन बाईक सवार ने दूध टैंकर में ठोकर मार दी। बाइक सवार समस्तीपुर रेलवे स्टेशन जा रहा था। बाइक पर पिता पुत्री पत्नी सवार थे। समस्तीपुर जाने के दौरान सड़क दुघर्टना होने से बाइक पर सवार दो वर्ष की बच्ची सड़क पर गिर जाने से मौत हो गई। वहीं बच्ची की मां पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा गया। मृतक बच्ची की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के सैदपुर पंचायत के वार्ड संख्या 02 बसुआरी गांव के मोहिद्दीन की दो वर्षीय पुत्री सहिमा परवीन के रूप में की गई है। वही मृतक के मां 24 वर्षीय गुलशन खातुन पिता 26 वर्षीय मोइनुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गये सभी को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। इधर बच्ची की मौत की खबर सुनते ही मृत बच्ची के गांव के लोग करुआ गांव पहुंचकर मुआवजा की मांग करते हुए पूसा - कल्याणपुर मुख मार्ग पर टायर जलाकर मार्ग को एक घंटा जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए सीओ शशि रंजन सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल स्थानीय जनप्रतिनिधि व समाजसेवी ने आक्रोशित परिजनों को समझौता कराते हुए सड़क जाम को समाप्त कराया तब जाकर यातायात बहाल हो सका। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# सतमलपुर में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 200 लोगों ने उठाया लाभ




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। शनिवार को विकासशील इंसान पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार सहनी के द्वारा सतमलपुर पंचायत वार्ड संख्या 10 बड़ीबाग में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब दो सौ लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उसे दवा भी दी गई। डॉक्टरों में प्रभंजन कुमार चौधरी एवं डॉक्टर वीरेंद्र कुमार राय ने जांच की। मौके पर विकासशील इंसान पार्टी के वारिसनगर प्रखंड अध्यक्ष पप्पू कुमार सहनी, प्रखंड मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार, सतमलपुर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद रेयाज, बसंतपुर रमनी पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार चौधरी आदि मौजूद थे।

# दरभंगा ललित बाबू की विचारधारा सामाजिक समरसता और विकास हेतु प्रेरक रहीं- कुलपति

## विश्वविद्यालय में ललित जयंती समारोह का हुआ आयोजन

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

दरभंगा :---- ललित बाबू द्वारा जीवन पर्यंत किए गए कार्य सकारात्मक और भावी पीढी के लिए अविस्मरणीय और प्रेरक हैं। उनकी विचारधारा समाज को निरंतर आगे बढ़ाने तथा सामाजिक समरसता की स्थापना हेतु प्रेरणा के स्रोत हैं। ललित बाबू ने महज 53 वर्ष की अवस्था में अनेकानेक सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य किए। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने रविवार को स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग अंतर्गत ललित नारायण मिश्र चेयर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 103 वीं ललित जयंती समारोह- 2025 की अध्यक्षता करते हुए कहीं। प्रो चौधरी ने कहा कि ललित बाबू की सोच को आगे बढ़ाने में विश्वविद्यालय पूर्णतः संकल्पबद्ध है। उनका अपनी धरती मिथिला से विशेष लगाव रहा। हमें ललित बाबू के व्यक्तित्व का अनुसरण करते हुए बिना किसी दूसरे व्यक्ति को दबाए सकारात्मक रूप से निरंतर अग्रसर होकर काम करते रहना चाहिए। कुलपति ने चेयर में अवकाश प्राप्त शिक्षकों एवं शोधार्थियों को भी अधिक- से -अधिक जोड़कर उनके माध्यम से शोध-कार्यों, पुस्तकों के प्रकाशन तथा प्रति माह एक संगोष्ठी अवश्य करने का आह्वान किया। इस बाबत कुलपति ने कहा कि प्रोफेसर ज्ञान के पुंज होते हैं। हमारे विश्वविद्यालय की अब एक अलग पहचान बन गई है, क्योंकि अब हम शोध विश्वविद्यालय हैं। जरूरत है कि




शिक्षक सिर्फ कार्य के घंटे देखकर नहीं, बल्कि छात्रहित में विश्वविद्यालय को हमेशा आगे बढ़ाने हेतु काम करें। सबके प्रति आदर भाव रखते हुए सहज एवं सरल रूप से छात्रों को शिक्षा एवं प्रेरणा देना हमारा संकल्प होना चाहिए। छात्रों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे अपने शिक्षकों के सामीप्य से लाभांवित हो। जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आर. के .कॉलेज, मधुबनी के अवकाश प्राप्त राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ श्रुतिधारी सिंह ने मिथिला पेंटिंग के प्रचार- प्रसार में ललित बाबू के योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने जयंती जनता ट्रेन में पहली बार मिथिला पेंटिंग्स उकेरवाया था। प्रो सिंह ने कहा कि ललित बाबू उच्च कोटि के राजनीतिज्ञ, सच्चे समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक थे। वे जीवन पर्यंत मिथिलांचल के विकास हेतु समर्पित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में सीनेटर डॉ बैद्यनाथ चौधरी 'बैजू' ने विश्वविद्यालय तथा सी एम कॉलेज की स्थापना के इतिहास को विस्तार से बताते हुए ललित बाबू के संघर्षों को याद किया। उन्होंने ललित सहित अन्य चेयरों की स्थापना का श्रेय कुलपति को देते हुए उनका धन्यवाद किया। डॉ चौधरी ने ललित बाबू को भारतरत्न देने की मांग की। समारोह की विशिष्ट अतिथि ललित कला संकायाध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण ने कहा कि दूरदर्शी एवं लब्ध प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री ललित बाबू का जन्म वसंत पंचमी को हुआ था और यह देव्य संयोग है कि आज बसंत पंचमी है। आदरणीय स्वर्गीय मिश्र व्यक्ति मात्र नहीं थे, बल्कि विशाल व्यक्तित्व थे; जिन्होंने विशेषतः बिहार में मिथिला व सकल राष्ट्र के विकास को गति प्रदान की। ललित बाबू की विकासवादी सोच को हम नमन करते हैं, जिन्होंने कोशी- बाढ़ की समस्या को दूर करने का अथक प्रयास किया। उन्होंने अपनी कार्य क्षमता एवं कुशलता से समाज के उत्थान तथा लोगों के कल्याण हेतु अनेक कार्य किये। आज यह आवश्यक है कि हम विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में स्थापित चेयरों के लिए प्रायोजक भी ढूंढें, ताकि इनके माध्यम से अधिक- से -अधिक शैक्षणिक कार्यों को क्रियान्वित किया जा सके। मौके पर विश्वविद्यालयकुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित ने ललित जयंती की बधाई देते हुए कहा।

## सरसी स्टेशन पर जनहित एक्सप्रेस का ठहराव प्रारंभ



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। बिहार सरकार की मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण बिहार सरकार श्रीमती लेशी सिंह ने सरसी स्टेशन पर रविवार को हरी झंडी दिखाकर गाड़ी संख्या 13206 जनहित एक्सप्रेस का सरसी स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आलोक कुमार झा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए समस्तीपुर मंडल, पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 02.02.2025 से गाड़ी संख्या 13205/13206 पूर्णिया कोर्ट - पाटलिपुत्र - पूर्णिया कोर्ट जनहित एक्सप्रेस का पूर्णिया कोर्ट एवं बनमंखी के मध्य सरसी स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 13205 पूर्णिया कोर्ट - पाटलिपुत्र जनहित एक्सप्रेस 20:46 बजे सरसी पहुंचेगी तथा 20:48 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 13206 पाटलिपुत्र - पूर्णिया कोर्ट जनहित एक्सप्रेस 16:52 बजे सरसी पहुंचेगी तथा 16:54 बजे खुलेगी।

## नल जल योजना के लाभ से वंचित 40 घरों तक समाजसेवी राजू सहनी ने पहुंचाया नल का जल, स्थानीय लोगों में हर्ष

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के चर्चित समाजसेवी उजियारपुर प्रखंड के भगवानपुर कमला गांव निवासी राजू सहनी ने एक बार फिर ईंसानियत की नजीर पेश किया है। समाजसेवी राजू सहनी ने भगवानपुर कमला पंचायत के वार्ड संख्या 09 के करीब 40 घरों के लोगों के बीच अपने निजि कोष करीब 102 मीटर में पाईप लाईन करवाकर पीने का पानी पहुंचा दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों के बीच काफी हर्ष का माहौल व्याप्त है। इस संबंध में स्थानीय दर्जनों ग्रामीणों का बताना है कि उनके वार्ड में पुर्व से ही आधे अधूरे पाईप लाईन बिछाकर नल जल योजना को चालू कर दिया गया था, जबकि उनके वार्ड के सघन बस्ती तक नल जल योजना का पाईपलाईन बिछाया ही नही गया था। जिससे संबंधित आवेदन भी उजियारपुर बीडीओ व पीएचईडी विभाग उजियारपुर को उपलब्ध कराया गया था। जिसके बाद



पीएचईडी विभाग के पदाधिकारियों ने मात्र 30 मीटर पाईप ही उपलब्ध कराया था। जिसके कारण एक बार फिर नल जल का काम आधा अधूरा रह गया था। जिसके बाद उनलोगों ने इसकी लिखित जानकारी जिले के चर्चित समाजसेवी राजू सहनी को दिया। लिखित जानकारी मिलते ही समाजसेवी राजू सहनी ने तत्काल अपने निजि कोष से इस नल जल योजना को आम लोगों के लिए सुलभ बनाने के लिए नल जल योजना के पाईप लाईन व सभी घरों तक पहुंचने वाली पानी से जुड़े सभी सामानों की खरीदारी कर करीब 24 घंटों के अंदर नल जल योजना से वंचित सभी घरों तक पानी पहुंचा दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों का बताना था कि जिस काम को विधायक सांसद वर्षों बीत जाने के बाद भी नही कर पाते हैं, जिस काम को उजियारपुर बीडीओ और पीएचईडी विभाग के लोग आवेदन देने के तीन माह बीत जाने के बाद भी पुरा नही कर पाये। उस काम को स्थानीय समाजसेवी राजू सहनी ने 24 घंटों के अंदर पुरा करके एक मिशाल कायम किया है। नल जल योजना के पुरा हो जाने के बाद स्थानीय लोगों ने लिखित रूप में समाजसेवी राजू सहनी का धन्यवाद ज्ञापन भी किया। मौके पर सरपंच पति जयराम सहनी, वार्ड पंच सुखलाल, वार्ड सदस्य बटोरन सहनी, निर्धन सहनी, जयसिंह सहनी, मदन सहनी, नकुल सहनी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अमर शहीद जगदेव प्रसाद की मनाई गई 103 वीं जयंती



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। रविवार को अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 103 वी जयंती समारोह सारी वार्ड नंबर 14 नाज कॉम्प्लेक्स में छात्र के जिलाध्यक्ष आफताब आलम के अध्यक्षता में मनाई गयी, जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत कुशवाहा ने कहा कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद बिहार लेनिन के नाम से मशहूर थे सामंतवाद के विरोध में जगदेव बाबू ने समाज में फैल रहे गैर बाराबारी और भेदभाव के खिलाफ अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे, जगदेव प्रसाद के विचारों में वह ऊर्जा थी जिससे सामंतवादी ताकते तिलमिला उठती थीं जगदेव प्रसाद की कहीं बाते नारे बन गयी जिसने वंचितों में ऊर्जा का संचार हुआ उन नारों को सुनकर आज भी सामंतवादी ताकतें खैर खाती हैं आज अगर चीजें बदली हैं तो उसमें बाबू जगदेव प्रसाद जैसे महापुरुषों की अपनी अहम भूमिका है जगदेव बाबू किसी जाति से नफरत नहीं करते थे वो तो जाति के नाम पर समाज में जहर को निकाल फेंकना चाहते थे। बिहार की राजनीतिक धरती पर पिछड़ों अति पिछड़ों के लिए सत्ता का दरवाजा खोले उसके पीछे उनके योगदान हमेशा रहेंगे आज जगदेव प्रसाद के पद चिन्हों पर चलकर उपेन्द्र कुशवाहा हमेशा पिछड़ों शोषितों दलितों की आवाज संसद में समय समय पे उठाते रहते हैं। हम इस जयंती के अवसर पर भारत सरकार से मांग करते हैं कि अमर शहीद जगदेव प्रसाद को भारत रत्न मिले तभी उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव आदित्य ठाकुर, अशोक मेहता, नरेश राम, कुन्दन कुमार, शाकिर आलम, गुड्डू कुशवाहा, रणवीर सहनी, मेराज, नेहा, रूबी यादव, सोनी जयसवाल, गुड़िया पासवान आदि मौजूद थे।

## राहुल कुमार की हत्या व आर्म्स एक्ट मामले में कुल 5 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार.

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

बरौनी, बेगूसराय, फूलवड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर बारो भिटठा में शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे नगर परिषद बरौनी के वार्ड -26 वारो भिटठा निवासी निरंजन यादव का करीब 16 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की घटना घटित हुई थी. घटना के बाद फूलवड़िया थाना में कांड संख्या 15/25 प्राथमिकी दर्ज कर तेघड़ा एस डी पी ओ डॉ रविंद्र मोहन प्रसाद के नेतृत्व में दिवाकर प्रसाद सिंह थानाध्यक्ष फूलवड़िया व अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस जवान की टीम घटना में शामिल लोगो की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई थी. जिसके बाद पुलिस को सफलता भी मिली. इस संबंध में तेघड़ा एस डी पी ओ डॉ रविंद्र मोहन प्रसाद ने बताया कि मोबइल गेम खेलने के दौरान आपस में विवाद बढ़ गया था जिसके बाद राहुल कुमार को उसके सिर में गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गई. इस मामले में



दो युवक को गिरफ्तार किया गया है जिसमे एक बालिग है और दूसरा नाबालिग है. गिरफ्तार युवकों की निशानदेही पर घटना में उपयोग किये गए एक हथियार को बारो भिटठा से बरामद किया गया. इस मामले में भी तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है. इसमें दो युवक नाबालिग है और एक युवक बालिग है. गिरफ्तार बालिग युवकों का नाम बारो भिटठा निवासी करीब 22 वर्षीय मंजेश कुमार और करीब 18 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई है. वहीं अन्य 3 नाबालिग युवकों को निरुद्ध करते हुए विधिसाम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है. मौके पर तेघड़ा सर्किल निरीक्षक, थानाध्यक्ष फूलवड़िया दिवाकर प्रसाद सिंह, एस आई अजीत कुमार मौजूद रहे.

## शहीद जगदेव प्रसाद को मिले भारत रत्न : सत्येंद्र कुशवाहा




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी । जिला जनता दल (यू) द्वारा बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद जी की जयंती के अवसर पर जद(यू) कार्यालय में जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद जगदेव प्रसाद जी के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद जी न्याय के साथ विकास एवं समावेशी विकास के अग्रदूत तथा शोषित क्रांति के जनक थे। उन्होंने जिंदगी भर शोषितों, पीड़ितो, किसान नौजवानों की लड़ाई लड़ते रहे। जगदेव बाबू का नारा था सौ में नब्बे शोषित है, नब्बे भाग हमारा है, दस का शासन नब्बे पर, नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। इनका अभिप्राय किसी जाति, धर्म एवं संप्रदाय से नहीं बल्कि समाज के 90 प्रतिशत कमजोर वर्गों एवं अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से था। श्री कुशवाहा ने केंद्र एवं राज्य सरकार से शहीद जगदेव प्रसाद को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। आज जरूरत है जगदेव प्रसाद के बताएं मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलकर सामाजिक न्याय, सामाजिक सद्भाव कायम करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त एवं विकास युक्त सशक्त समाज का निर्माण करने का।

## शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण पूजा आयोजन को लेकर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च

### प्रशासन द्वारा जारी निर्देश का अनुपालन करें पूजा कमिटी : थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सीतामढ़ी ।** आगामी सरस्वती पूजा पर्व को शांतिपूर्ण व सद्भावपूर्व माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सोनबरसा थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च प्रखंड मुख्यालय स्थित सोनबरसा चौक, चांदनी चौक, नेपाल सीमा बाजार होते हुए पटेल नगर, हनुमान चौक तक निकाला गया।इस दौरान थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पूजा कमिटियों से प्रशासन द्वारा जारी की गई सभी निदेशों के अनुपालन करने की बात कही। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नही देना है। सोशल मीडिया पर सामाजिक सदभाव बिगाड़ने वाले पोस्ट पर कठोर से कठोर कार्रवाई



की जाएगी। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। माहौल खराब करने वाले शरारती तत्व बख्शे नही जायेंगे।फ्लैग मार्च में एसएसबी कैम्प के कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर रमेश कुमार ग्वाला के साथ एसएसबी जवान, पुअनि मुकेश कुमार, भवानी कुमारी, अंजुम भारती समेत सशस्त्र बल भी शामिल थे।

## माले किसान, मजदूर विरोधी बजट के खिलाफ आन्दोलन चलाएगी : उमेश कुमार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। भाकपा ( माले ) प्रखण्ड कमिटी वारिसनगर की बैठक रोहुआ स्थित कॉ देवेंद्र ठाकुर के निवास स्थान पर कॉ रामचन्द्र पासवान के अध्यक्षता में की गई। बैठक में पर्यवेक्षक के बतौर उपस्थित माले जिलाइस सचिव कॉ उमेश कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार लगातार किसान - मजदूर के खिलाफ अपना बजट पेश कर रही है। जनकल्याण, समाजिक, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च कम कर रही है। कॉरपोरेटों का मुनाफा बढ़ाने के लिए उनपर टैक्स नहीं बढ़ाना चाहती है। प्रखण्ड सचिव कॉ रामचन्द्र पासवान ने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे मील व अन्य स्कीम वर्कर्स की नियमित करने से सरकार पिछे हट रही है। खेग्रामस जिला सचिव जीवछ पासवान ने कहा कि गरीबों के लिए नियमित रोजगार देने पर सरकार उदासीन बनी हुई है। सभी ने किसान, मजदूर और स्कीम वर्कर्स के खिलाफ सरकार की बने उदासीन रवैया के खिलाफ आन्दोलन तेज करने का निर्णय लिया है और 9 मार्च को पटना के बदलो बिहार महाजुटान को सफल करने का निर्णय लिया। बैठक में कॉ चन्देश्वर राय, शुनील राय, नंदकिशोर राय, लालबाबु राय, देवेंद्र ठाकुर, उमेश महतो, प्रमोद मंडल, जयचंद पासवान, सिंघेश्वर सदा, शिवम कमार, शांति देवी, रुबी खातुन, फुलो देवी

## अभियुक्त के घर इश्तेहार पुलिस ने चिपकाया

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर थाना कांड संख्या 59/24 मर्डर केस में वांछित अभियुक्त कशोर गांव निवासी अभिषेक कुमार पिता लालो सहनी, लालो सहनी पिता स्वर्गीय जगेश्वर सहनी, रासो देवी पति लालो सहनी के घर पर जाकर थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार ने रविवार को कोर्ट द्वारा जारी इश्तिहार को चिपकाया है। थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया की उक्त गांव निवासी अनिल सहनी द्वारा उक्त सभी अभियुक्त पर अपने पिता स्व रामप्रकाश सहनी की हत्या करने का आरोप लगाया गया था। उसी में सभी अभियुक्त फरार चल रहा है। जल्द से जल्द फरार अभियुक्त अगर सरेंडर या गिरफ्तार नही होते है तो आगे कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पुलिस पदाधिकारी, चौकीदार शामिल थे।

## पोक्सो कांड के अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो अरमान अली**

सीतामढ़ी ।सोनबरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोबारकपुर गांव में पोक्सो कांड के पुराने मामले में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर एसआई अनु भारती व भवानी कुमारी ने न्यायालय से निर्गत आदेश पर इश्तेहार के आरोपी के घर पर बुधवार को पहुंच डुगडुगी बजा कर दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया। उक्त जानकारी देते हुए भवानी सिंह ने बताया कि 2024 में ही आरोपी के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा है। न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को आरोपी के घर पर चिपकाया गया है। यदि कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

## मधुबनी जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आर एफ सी रामपट्टी ज के राजघाट के मैदान में जिला फुटबाल लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आर एफ सी रामपट्टी ज के राजघाट के मैदान में जिला फुटबाल लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच एकलब्या झंझारपुर और जेवी एक सी कुआढ छपरारी के बीच खेला गया। मैच के तीसरे मिनट में ही एकलब्या के जर्सी न ० 3 आयूष ने एक शानदार किक के जरिये एक गोल कर दिया । फिर मैच के २० वे मिनट में और 22 वे मिनट में जर्सी न ० 3 आयूष ने दूसरा और तीसरा गोल करके हैट्रिक लगाते हुए अपने टीम 3 गोल से आगे कर दिया। आज जैसे लग रहा था कि मैच आयूष का ही था, फिर 40 वे मिनट में आयूष ने चौथा गोल भी दाग दिया। मध्यान्तर तक एकलब्या की टीम गोल की बढ़त ले लिया।मैच आरंभ होने से पहले सभी अतिथियो एवं खिलाड़ियो ने इसी 28 जनवरी को दिवंगत हुए पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुनील कुमार घोष ( टिकू दा ) एवं स्वर्गीय गोबिन्द झा स्मृति में दो मिनट का मौन रखा ।मैच के मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी श्री नितीश कुमार और विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री रामप्रीत पासवान थे। फिर मध्यान्तर के बाद 45 वे मिनट में जर्सी न० 10 राजा ने पॉचवा गोल किया। फिर 58वे मिनट में जर्सी न० 3 आयूष ने एक और गोल करके एकलब्या को छः गोल की बढ़त दिला दिया। फिर तुरंत बाद जर्सी न ङ्क 9 आलोक ने गोल करके सात गोल से अपनी टीम को विजय दिला दिया। मैच के निर्णायक शम्भु पंजियार , सुभाष कुमार सिंह, सुरेश कुमार राम और राकेश विक्की थे।

## सर्दियों में बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले : डॉ तौसीफ

**मो.सदरे आलम नौमानी**

सीतामढ़ीः नफीसा मेडिकल कॉलेज मुम्बई के रिसर्च स्कॉलर जिला के पुपरी प्रखंड के शाहपुर निवासी डॉ. तौसीफ अहमद का कहना है कि सर्दियों में अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने से नसों में खून जमने लगता है, जो हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का कारण बनता है। इसका मतलब है कि सर्दियों में रक्तवाहिकाओं के सिकुड़ने से शरीर में रक्त का प्रवाह सही नहीं होता है, जिससे हृदय पर अधिक दबाव पड़ता है और हार्ट अटैक की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा नींद के दौरान शरीर की गतिविधियां धीमी हो जाती हैं, बीपी और शुगर का स्तर भी कम हो जाता है, लेकिन जागने से पहले शरीर का स्वायत्त तंत्रिका तंत्र इसे सामान्य स्थिति में लाने का काम करता है। लेकिन ठंड के दिनों में यह प्रणाली काम करती है इसके लिए हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिसके कारण हृदय रोग से पीड़ित लोगों को दिल का दौरा पड़ता है, इसलिए हृदय रोगियों को सर्दियों में इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। सर्दियों में हर किसी के लिए सक्रिय रहना बहुत जरूरी है, खासकर हृदय रोगियों के लिए 30 से 40 मिनट तक टहलना बहुत जरूरी माना जाता है।

# कॉलेज परिसर में कैंटीन व स्टेशनरी सेंटर की सुविधा जरूरी : कुलपति

## सी.एम. कॉलेज, दरभंगा में नये कैंटीन का उद्घाटन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मो.अबु बकर सिद्दीकी

दरभंगा किसी भी शैक्षणिक संस्थान में स्वस्थ शिक्षण वातावरण के साथ-साथ छात्रों की जरूरतों को पूरा करना महत्वपूर्ण है। खास तौर पर कॉलेज परिसर में कैंटीन और स्टेशनरी सेंटर की जरूरत को पूरा करना कॉलेज प्रशासन की जिम्मेदारी है, ताकि हमारे छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ आवश्यक सामानों की सुविधा मिल सके, ये विचार एलएन मिथला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने व्यक्त किये। नए कैंटीन भवन में कैंटीन के साथ-साथ स्टेशनरी केंद्र का उद्घाटन करने के बाद प्रोफेसर चौधरी शिक्षकों और छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएम कॉलेज दरभंगा एक ऐतिहासिक कॉलेज है. यहां स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है। परीक्षा केंद्र अक्सर यहां स्थापित किए जाते हैं, इसलिए कैंटीन की सुविधा के साथ-साथ स्टेशनरी भी उपलब्ध होना छात्रों के हित



में है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन बधाई का पात्र है कि उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए कॉलेज परिसर में यह सुविधा उपलब्ध करायी है. अन्य कॉलेजों में भी ऐसी सुविधाएं होनी चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. मुश्ताक अहमद ने कॉलेज परिवार की ओर से मिथिलांचल की परंपरा के अनुसार पाग चादर और गुलदस्ता से उनका स्वागत किया और कैंटीन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुलपति के प्रति आभार व्यक्त किया. प्रोफेसर अहमद ने कहा कि पहले परिसर में एक छोटी सी कैंटीन थी, लेकिन चूंकि कॉलेज में लगभग 15,000 छात्र पढ़ते हैं, और खासकर जब परीक्षा केंद्र बनाया जाता है, तो छात्रों के लिए नाश्ते में एवं अन्य खाद्य पदार्थ की आवश्यकता होती है। कॉलेज परिसर में एक विशाल कैंटीन और स्टेशनरी केंद्र बनाया गया है ताकि सीएम कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र और इसके कर्मचारी अपनी जरूरतों को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन में रियायती मूल्य पर सामान उपलब्ध कराया जाएगा और यह कैंटीन केवल कॉलेज समय के दौरान खुली रहेगी। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के छात्रों शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया और सबों ने खुशी व्यक्त की कि अब कॉलेज परिसर में नई कैंटीन के उद्घाटन के बाद खाद्य पदार्थों की उपलब्धता संभव हो सकेगी. कैंटीन संवेदक शंकर कुमार सिंह ने कुलपति महोदय का पाग चादर से स्वागत किया एवं कर्मचारीयों की ओर से कॉलेज के शमशाद कमर ने कुलपति जी का भाग चादर से स्वागत किया संवेदक शंकर कुमार सिंह ने कहा की छात्रों के हित में सफलतापूर्वक कैंटीन का संचालन होगा

# स्कूल के वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने सबों का मन मोहा रीजनल सेकेंडरी स्कूल में दिनभर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मो. अबु बकर सिद्दीकी

मधुबनी :-- रीजनल सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन रविवार को कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से सबों का मन मोह लिया। बच्चों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति से सबों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार का स्टाल मैदान में लगाया गया था। जहां दिनभर लोगों ने देख कर सराहना किया। कार्यक्रम में पहुंचे सदर एसडीओ अश्वनी कुमार ने कहा कि ये स्कूल बच्चों को पढ़ाई के साथ संस्कार भी देता है। ये कार्यक्रम में आने के देखने को मिला। उन्होंने बच्चों से एक अच्छा नागरिक बनने को कहा। स्कूल के निदेशक डॉ. आर एस पाण्डेय ने कहा कि दो दिवसीय कार्यक्रम से बच्चों में उत्साह बढ़ा है। उनकी बहुमुखी प्रतिभा को एक बड़ा मंच मिला। जिसपर वे सफल रहे। प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार झा ने कहा कि वार्षिकोत्सव ऐतिहासिक रहा। जिला प्रशासन के अधिकारियों और शिक्षाविदों ने बच्चों को प्रोत्साहित किए। मौके पर मुख्यालय डी एस पी रश्मि कुमारी, कुमर जी राउत, प्रो अरिंदम, डॉन बॉस्को कॉन्वेंट के डायरेक्टर मनोज झा, एसेंट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर कुंतल कुमार, एस एस ज्ञान भारती के अमरेश कुमार मिश्रा, ई प्रत्यूष परिमल, डॉ पीयूष परिमल, पवन तिवारी, राजीव कुमार, बागेश्वरी देवी, कुमारी रेखा, मधु कुमारी ज्योत्सना, डिम्पल पांडेय, अनुपमा झा, शैलेंद्र कुमार सहित कई लोग थे।

# बरौनी ताइक्वांडो क्लब की खिलाड़ी ऊर्जा कुमारी बिहार की ओर से नेशनल गेम्स में प्रतिनिधित्व करेगी



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

38वीं नेशनल गेम्स मे ताइक्वांडो खेल का आयोजन मिलम हॉल, आईजीआईसीएस गौलापार हल्द्वानी, उत्तराखण्ड मे 05 से 08 फरवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी।जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सह प्रशिक्षक नन्दु कुमार ने जानकीरी दी की उक्त नेशनल गेम्स प्रतियेगिता मे क्यूरोगी प्रतिस्पर्धा मे बरौनी, शोकहारा निवासी, मंजु देवी-पंकज कुमार रॉय की पुत्री ऊर्जा ओभर 73 किलोग्राम भार मे बिहार की ओर से प्रतिनिधित्व करेगी । बरौनी ताइक्वांडो के कोच मो फुरकान के नेतृत्व में ट्रेनिंग ली कोच मोहम्मद फुरकान ने ऊर्जा कुमारी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है और उन्होंने कहा ऊर्जा कुमारी अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हुए बरौनी ताइक्वांडो क्लब का नाम रोशन की है जिसे वह बधाई के पात्र है ऊर्जा कुमारी नेशनल गेम्स में बिहार के के तरफ से प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किए गए हैं जिससे बरौनी के लोगों में काफी खुशी का माहौल है ऊर्जा को तेघड़ा डीएसपी रविन्द्र मोहन प्रसाद, रेल डीएसपी गौरव पाण्डे एवं बरौनी ताइक्वांडो क्लब के अध्यक्ष श्री संजय सिंह, प्रशिक्षक मोहम्मद आबिद, मोहम्मद तबरेज आलम, रवि कुमार, जयशंकर चौधरी, तनवीर आलम, डॉक्टर मनीष कुमार ग्लोकल, ग्रीन वैली प्रिंसपल राजा सर, शैलेश कुमार सिबिल कोर्ट, रूपेश कुमार, ऋषिका कुमारी, मारेंद्र कुमार प्रमोद चौधरी प्रशिक्षक कृष्ण कुमार अंसारी महापंचायत के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद साहिल अंसारी ने बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना किए ! हौसला अफजाई हेतु रिफाइनरी टाउनशिप स्थित कल्याण केन्द्र मे देर संध्या शुभकामना समारोह का आयोजन किया गया जिस में खिलाड़ी ऊर्जा एवं ऊर्जा के ट्रेनर बरौनी ताइक्वांडो क्लब के प्रशिक्षक मो. फुरकान को विशेष रुप से बेगूसराय जिला ताइक्वांडो संघ की ओर सम्मानित किया गया।

# मधुबनी में एनडीए का सम्मेलन हो गया 8 फरवरी को ऐतिहासिक पधारेंगे एनडीए के कई दिग्गज

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी एनडीए का सम्मेलन हो गया ऐतिहासिक पधारेंगे एनडीए के कई दिग्गज मधुबनी जिला के विश्व की विधानसभा अंतर्गत रहिका मध्य विद्यालय के प्रांगण में होगा 8 फरवरी को एनडीए का विशाल सम्मेलन जिसकी तैयारी हेतु आज जिला अतिथि गृह के सभागार में एनडीए के नेताओं माननीय का हुआ बैठक बैठक में तैयारी के लिए कई विषयों पर चर्चा किया गया एनडीए के घटक दलों के सभी कार्यकर्ता लगाएंगे अपनी अपनी ताकत जुटाएंगे अधिक से अधिक कार्यकताओं को ऐतिहासिक होगा सम्मेलन आज के बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू प्रदेश महामंत्री लाल मंडल, लोजपा के सुरेंद्र



जी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुभाष चंद्रवंशी विधायक रामप्रीत पासवान विधायक और शंकर प्रसाद मेयर अरुण कुमार राय भाजपा का जिला अध्यक्ष प्रभाशु झा जेडीयू जिला अध्यक्ष फुले भंडारी भाजपा के झंझारपुर जिला अध्यक्ष बच्चा बाबू कामत, राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत कामत हम के जिला अध्यक्ष विमला कुमारी के साथ भाजपा कोर कमेटी के प्रत्येक पदाधिकारी और सभी पार्टियों के पदाधिकारी हुए शामिल वही अरविन्द पुर्वे लोजपा, भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री प्रमोद सिंह देवेंद्र प्रसाद यादव राधा देवी सुबोध चौधरी प्रशांत ठाकुर विक्रमशिला देवी पिंटू रौनियार कन्हैया कुमार गुप्ता भी शामिल हुए

# भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी/बेगूसराय/संवाददाता। सरस्वती पूजा को लेकर मोहनपुर पंचायत के अकहा गांव में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा से पूर्व पंचायत निवासी सह प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान एवं पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने फीता काटकर गांव भ्रमण करने का स्वागत किया। रविवार को अकहा नवयुवक सरस्वती पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा इस कलशयात्रा से पूर्व गांव में साफ-सफाई अभियान चलाया। इस शोभायात्रा में शामिल 101 कन्याओं ने निर्जला उपवास रख पूरे गांव का भ्रमण कर सरस्वती पूजा स्थल पर कलश को स्थापित कर पूजा अर्चना किये। इस कार्यक्रम में संजीत कुमार हीरा, रूपेश कुमार, पिंकेश, अमन, अशोक चौधरी, आदर्श, विवेक, अभिनंदन, देश राज, अंकित, आदित्य सहित ग्रामीण श्रद्धालु मौजूद थे।

# बीईईओ को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**पंकज कुमार सिंह**

मशरक प्रखंडमशरक प्रखंड संसाधन केंद्र मे सेवानिवृत्त होने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी को समारोह आयोजित कर प्रखंड के शिक्षकों और लोगों ने विदाई दी। इस दौरान उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों ने गुलदस्ता देकर सेवानिवृत्त बीईओ डॉ वीणा कुमारी का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनकी कार्यशैली की जमकर सराहना की। कहा कि जो भी सरकारी सेवा में है। उन्हें एक दिन सेवानिवृत होना पड़ेगा। वहीं विदाई सह सम्मान समारोह के अंत में अंग वस्त्र देकर और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।इस दौरान सेवानिवृत्त बीईओ ने कहा कि आपलोगों से मिले इतने अधिक प्यार और स्नेह हमें याद रहेगा। वहीं कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोहित कर लिया

# सर्दियों में बढ़ रहे हैं हार्ट अटैक के मामले : डॉ तौसीफ

**मो.सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी :** नफीसा मेडिकल कॉलेज मुम्बई के रिसर्च स्कॉलर जिला के पुपरी प्रखंड के शाहपुर निवासी डॉ. तौसीफ अहमद का कहना है कि सर्दियों में अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने से नसों में खून जमने लगता है, जो हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का कारण बनता है। इसका मतलब है कि सर्दियों में रक्तवाहिकाओं के सिकुड़ने से शरीर में रक्त का प्रवाह सही नहीं होता है, जिससे हृदय पर अधिक दबाव पड़ता है और हार्ट अटैक की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा नींद के दौरान शरीर की गतिविधियां धीमी हो जाती हैं, बीपी और शुगर का स्तर भी कम हो जाता है, लेकिन जागने से पहले शरीर का स्वायत्त तंत्रिका तंत्र इसे सामान्य स्थिति में लाने का काम करता है। लेकिन ठंड के दिनों में यह प्रणाली काम करती है इसके लिए हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिसके कारण हृदय रोग से पीड़ित लोगों को दिल का दौरा पड़ता है, इसलिए हृदय रोगियों को सर्दियों में इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।



सर्दियों में हर किसी के लिए सक्रिय रहना बहुत जरूरी है, खासकर हृदय रोगियों के लिए 30 से 40 मिनट तक टहलना बहुत जरूरी माना जाता है क्योंकि पैदल चलने से मानव जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। दिल के रोगियों को हमेशा अपना ख्याल रखना चाहिए क्योंकि आजकल ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां लोग सोते समय दिल का दौरा पड़ने के कारण अल्लाह को प्यारे हो जाते हैं और उनमें से ज्यादातर सुबह के 4 बजे एवं यह शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे के बीच होता है, इसलिए लोगों के लिए खुद को और अपने पड़ोसियों को सर्दी से सुरक्षित रहने की सलाह देना बहुत महत्वपूर्ण है।

# बिहार सरकार के विशेष सचिव भूपेंद्र यादव, सचिव ब्रजकिशोर चौधरी की मौजूदगी में सम्मानित होकर गौरवान्वित हुआ



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बिहार पटना महामहिम राष्ट्रपति के प्रिंसिपल सेक्रेटरी आईएएस आलोक रंजन घोष, पटना के एडीएम पुष्पेश सर, खगड़िया के एडीएम विमल कुमार सिंह, बिहार सरकार के विशेष सचिव भूपेंद्र यादव, सचिव ब्रजकिशोर चौधरी की मौजूदगी में सम्मानित होकर गौरवान्वित हुआ। मंच संचालन की जिम्मेवारी का निर्वहन भाई मनीष जी ने बहुत ही मनोरंजक तरिके से किया सभी साथी बधाई के पत्र है ।

# उच्च विद्यालय मशरक में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित मशरक प्रखंड संवाददाता, पंकज कुमार सिंह

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मशरक नगर पंचायत मुख्यालय अवस्थित प्लस टू उच्च विद्यालय मशरक में अवकाश प्राप्त विशिष्ट शिक्षक रामप्रवेश पंडित का विदाई सह सम्मान समारोह धूम धाम से आयोजित हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में माध्यमिक कक्षा में हिंदी विषय के विशिष्ट शिक्षक रामप्रवेश पंडित को अवकाश ग्रहण के बाद विदा करते हुए पूरा विद्यालय परिवार रो पड़ा। विद्यालय के छात्र छात्रा एवं शिक्षक ने कर्तव्य परायण शिक्षक को फूल माला एवं उपहार देकर पैर से लिपट गए। जिन्हें विद्यालय प्रधान मुकेश कुमार ने संभाला।



समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि शिक्षक के कर्तव्य बोध का जीवंत उदाहरण है पंडित जी। इनकी कमी सदैव विद्यालय के साथ साथ मशरक वासियों को महसूस होगी। समारोह का संचालन विद्यालय के वरीयतम शिक्षक संजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर विद्यालय के अभिभावक अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक मुरली मनोहर सिंह, विद्यालय शिक्षक अरुण कुमार बरनवाल, रामप्रवेश पड़ित, डॉ मनोज कुमार सिंह, प्रभात चन्द्रभूषण, महेश पोद्दार, विनय कुमार सिंह, विजय कृष्ण त्रिपाठी, अरविंद सिंह, शत्रुघ्न कुमार, दुर्गा प्रसाद, अभय कुमार सिंह, उमा शंकर जी, श्वेता कुमारी, राजेंद्र कुमार, शोभा कुमारी, इंदु श्रीवास्तव सहित अन्य ने समारोह को संबोधित किया। आखिरी में अवकाश प्राप्त शिक्षक को अंग वस्त्र, शॉल, रामायण सहित अन्य सामग्री उपहार स्वरूप दिया गया।

# महाकुंभ पहुंचे एसटीएम चीफ, एक घंटा संगम में रुके

## आज एक करोड़ ने डुबकी लगाई, हेलिकॉप्टर की मॉनिटरिंग, ट्रेनी आईपीएस तैनात





**प्रयागराज।** महाकुंभ का कल रविवार को 21वां दिन था। कल दोपहर 2 बजे तक 97 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.57 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। भीड़ और सुरक्षा की निगरानी हेलिकॉप्टर से की जा रही है। बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। मेले में पुलिस और साधु की झड़प का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पुलिस साधुओं की गाड़ी बैरियर पर रोक रही है, लेकिन वे जबर्दस्ती अंदर घुसना चाह रहे हैं। एक साधु ने बैरिकेड गिरा दिया, इसके बाद उसकी पुलिसकर्मियों से तीखी नोकझोंक हुई। आज महाकुंभ में बसंत पंचमी का अमृत स्नान है। किसी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में आज हेलिकॉप्टर से निगरानी रखी जा रही है। वढ के अउ्रू कानून व्यवस्था और रळत्रचीफ अमिताभ यश श्क्ढ घाट की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने बोट से संगम का निरीक्षण किया। अमिताभ यश करीब एक घंटे बाद संगम से निकल गए हैं। इस दौरान उन्होंने मोटरबोट से संगम घाटों का निरीक्षण किया। पैंटून पुल पर भी गए। अधीनस्थ अफसरों से बातचीत की। जब गंगा, यमुना और सरस्वती की पवित्र धाराएं प्रयागराज में मिलती हैं, तो लाखों लोग महाकुंभ में आध्यात्मिक तीर्थयात्रा पर निकलते हैं। आत्म-खोज और दिव्य कृपा का यह एक अनूठा अवसर कई श्रद्धालुओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 'तीर्थ यात्री सेवा' शुरू की है। इसमें पौष्टिक भोजन, आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षित परिवहन और निर्बाध कनेक्टिविटी शामिल हैं। श्रद्धालुओं से भरी ये रोड परेड ग्राउंड सेक्टर-2 की है। इस सड़क से श्रद्धालु मेले से प्रयागराज जंक्शन, रामबाग, सूबेदारगंज और प्रयाग स्टेशन के लिए लौटते हैं। आज महाकुंभ में अखिल भारतीय निवार्णी अनी अखाड़े में हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास की ओर से दंगल का आयोजन किया गया। इसमें गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। राजू दास ने कहा- प्राचीन समय में अखाड़े ही शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम होते थे, जो आज भी परंपरागत चल रहे हैं। आचार्य धीरेंद्र शास्त्री ने मोक्ष वाले बयान पर सफाई दी। उन्होंने कहा- इस प्रकार से बयान नहीं था। हमारा कहना यह था कि हमारे वैदिक परंपरा में गंगा के किनारे मृत्यु के बारे में मोक्ष की पद्धति की अवधारणा है। मौत के बाद हम सनातनी कहां जाते हैं? गंगा के किनारे ही तो जाते हैं। जो घटना हुई निश्चित रूप से निंदनीय हुई। हमारे मन में बहुत पीड़ा है। रोते-बिलखते हिंदू परिवारों को देखकर हमारा मन बहुत दुखी है। हमारा बयान तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत किया गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक वीडियो पर शेयर किया। साथ में लिखा- महाकुंभ हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं के शव लेने के लिए, प्रयागराज में पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर परिजन लाइन लगाए खड़े हैं। परिजनों को शव नहीं दिया जा रहा है, जबकि ये परिजन आग्रह कर रहे हैं कि हमें सहायता-सांत्वना राशि या कोई मुआवजा नहीं चाहिए। बस हमारे परिजन का शव हमें दे दिया जाए। कोई सक्षम संज्ञान ले। कल बसंत पंचमी का अमृत स्नान है। पुराने शहर की अधिकतर मस्जिद, मदरसे, इमामबाड़ों की देखरेख करने वाले मुत्वल्ली ने फैसला लिया है कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मदरसे-मस्जिद खोल रखेंगे। वहीं पर श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने के भी इंतजाम रखेंगे। बता दें कि मौनी अमावस्या की भगदड़ के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिमों ने मस्जिदों और मदरसों को श्रद्धालुओं के रहने के लिए खोल दिया था। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व क्ढर अमिताभ ठाकुर ने कुंभ में हुई मौत के आंकड़ों में छेड़छाड़ की बात कही है। इंस्पेक्टर कोतवाली, प्रयागराज को भेजी अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि बीते दिनों तीन जगहों पर भगदड़ हुई। घटना के संबंध में आधिकारिक रूप से 30 व्यक्तियों की मौत की बात कही जा रही है। अमिताभ ठाकुर ने कहा- मीडिया रिपोर्ट से यह प्रमाणित होता दिखता है कि मौत की संख्या कम से कम 67 है। इसके साथ ही तमाम मीडिया रिपोर्ट में मौत की संख्या 100 तक होने की बात अनुमानित की जा रही है। साथ ही मृतक के परिवारजनों को अवैधानिक और आपत्तिजनक मृत्यु प्रमाणपत्र दिए जाने की बात सामने आई है। यह किसके आदेश पर हो रहा है। इसकी विवेचना होनी चाहिए। निरंजनी अखाड़े में महामंडलेश्वर बनाने के लिए साध्वी मंजू श्री का पट्टाभिषेक हो रहा है। अब इनका नाम महामंडलेश्वर गुरु दीदी मां मंजू श्री जी महाराज होगा। संगम पर जहां भगदड़ मची थी, वहां पर अब योगी मोदी के पोस्टर लगा दिए गए। महिला महामंडलेश्वर की गाड़ी रोकने पर रविंद्र पुरी ने कड़ी नाराजगी पुलिस-प्रशासनिक अफसरों से जताई थी। पीपा पुल-1 प्रशासनिक अधिकारियों के आने-जाने के लिए रिजर्व रखा गया है।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने की बजट की आलोचना



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की बैठक फाजिलनगर स्थित जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में की गई। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की आलोचना की गई। रविवार को हुई बैठक में सर्वप्रथम प्रयागराज कुंभ में मरने वाले श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए शोक व्यक्त किया गया। बजट की समीक्षा करते हुए जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव व वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर गरीब, मजदूर, युवा, किसान के लिए कुछ नहीं है। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए फसलों की एमएसपी गारंटी कानून का कोई जिक्र नहीं है। मजदूरों को मनरेगा में सौ दिन का रोजगार देने, हर एक बुजुर्ग को पेंशन देने की कोई योजना नहीं है। नौजवानों को नौकरी देने, गरीब, असहाय छात्रों को उच्च शिक्षा मुहैया कराने के संकेत नहीं हैं। महंगाई रोकने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं है। बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में देने और स्मार्ट मीटर लगाने से आम जनता के जेब पर बोझ बढ़ेगा। 10 वर्षों बाद अनमने ढंग से आयकर की सीमा बढाई गई है। बीमा क्षेत्र में सौ फीसदी एफडीआई कर दिया गया। बंदे भारत प्रधानमंत्री का जुमला साबित होने की आशंका है। अध्यक्षता का0 दुर्गा प्रसाद ने किया। इस दौरान का0 गेंदा सिंह, का0 इदरीश, का0 कामेश्वर सिंह, का0 बीपी गुप्ता, का0 रामनरेश, का0 महमूद, का0 होसिल, का0 दल्लू यादव आदि मौजूद थे।

## खेत में सिंचाई को लेकर दो भाईयों में मारपीट

**महोबा । कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के बेलाताल कस्बे में खेत में पानी लगाने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मोहल्ला घुसियाना में रहने वाले छत्रपाल अपनी पत्नी धनकुंवर और 12 वर्षीय बेटी अंजली के साथ खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान छोटे भाई संतोष ने पाइप बिछाकर की जा रही सिंचाई को लेकर विवाद शुरू कर दिया। धनकुंवर के अनुसार, दोनों भाइयों का खेत में सिंचाई का समान अधिकार है, लेकिन इसके बावजूद छोटे भाई ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें छत्रपाल, उनकी पत्नी धनकुंवर और बेटी अंजली घायल हो गए।**

## हनुमान जी ने किया रामकाज : आचार्य त्रियुगीनारायण मणि

संवाददाता



**कुशीनगर।** फाजिलनगर के सुमही बुजुर्ग में श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान हो रही श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए आचार्य पंडित त्रियुगीनारायण मणि जी ने हनुमान जी की वीरता और उनके राम काज के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला। आचार्य त्रियुगीनारायण मणि जी ने कहा कि जब श्रीराम की सेना समुद्र किनारे पहुंची और समुद्र पार करने में सभी वानर असमर्थ हो गए, तब जामवंत जी ने हनुमान जी को उनके सामर्थ्य की याद दिलाई और कहा रामकाज तब लगि अवतारा। अर्थात हनुमान जी आपका अवतार ही राम काज के लिए हुआ है। इन वचनों को सुनकर हनुमान जी ने अपने बल का स्मरण किया और समुद्र पार कर लंका में प्रवेश किया। वहां उन्होंने सीता माता का पता लगाया और अशोक वाटिका में जाकर उन्हें श्रीराम का संदेश दिया। आचार्य जी ने आगे बताया कि हनुमान जी ने केवल माता सीता की खोज ही नहीं की, बल्कि लंका में रावण की राक्षसी संस्कृति का भी अंत कर दिया। जब रावण के सैनिकों ने उन्हें बंदी बनाकर दरबार में प्रस्तुत किया, तब उन्होंने अपने पराक्रम से अशोक वाटिका को विध्वंस कर दिया। इसके बाद, अपनी पूंछ में आग लगाकर पूरी लंका को जला दिया। आचार्य मणि ने कहा कि हनुमान जी का जीवन कर्मयो , ज्ञानयोग, भक्तियोग का अद्भु उदाहरण है। उन्होंने पापमयी लं को जलाकर यह सिद्ध किया कि अधर्म और अन्याय का अंत निश्चि है। आचार्य जी ने कहा कि हनुमा जी का चरित्र हमें सिखाता है कि जिस देश, समाज और धर्म में हम जन्म लिया, उसके लिए हमें त , मन और प्राण से समर्पित हो चाहिए। हनुमान जी का संपू जीवन निःस्वार्थ सेवा, पराक्रम और भक्ति का प्रतीक है। श्रीराम कथा प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कथा शुभारम्भ ग्राम प्रधान मधुबन सिंह ने व्यास गद्दी का पूजन कर कराया। इस दौरान मुख्य यजमान रामप्रताप सिंह, बिजेंद्र सिंह, ब्रजकांत सिंह,पौहारी गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र, चौरा खास व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय,डा.शारदा सिंह, केदार गुप्ता, भगवान लाल कुशवाहा, बसंत कुशवाहा, भागवत गुप्ता, प्रियांशु सिंह, कार्तिकेय गुप्ता,रुदल कुशवाहा, विनोद पांडेय, बीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, परमात्मा शर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## केंद्रीय बजट 2025-26 को आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक: पीएन पाठक

संवाददाता



**कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने केंद्रीय बजट 2025-26 को आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट मध्यम वर्गीय परिवारों के उत्थान के प्रति सरकार की गहरी संवेदनशीलता को प्रकट करता है। इस बजट ने उन परिवारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दशार्या है, जो देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। 12 लाख तक की आय करमुक्त कर मध्यम वर्गीय परिवारों को एक अत्यधिक बड़ी राहत प्रदान की गई है, जिससे उनके जीवन में सहजता, समृद्धि और आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह खुलेगी। इस निर्णय से मध्यम वर्ग को न केवल वित्तीय राहत मिलेगी, बल्कि उनके सामर्थ्य में भी वृद्धि होगी, जिससे वे अपनी आकांक्षाओं को और भी साकार कर सकें। वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर छू दोगुनी कर उनके सम्मान को ऊं किया गया है, जबकि टीडीएस व सीमा 10 लाख तक बढ़ाक व्यवसायियों को बेहतर अवस प्राप्त होंगे।साथ ही, चार वर्षों त आईटी रिटर्न दाखिल करने व सुविधा करदाताओं के लिए ब सुविधा प्रदान की गई है, जिस उनके लिए कर प्रशासन को सर और पारदर्शी बनाया गया है।य बजट समृद्ध, आत्मनिर्भर अं वैभवशाली भारत की दिशा महत्वपूर्ण कदम है।यह वास्तव जन-जन का बजट है, जिस आमजन की आवश्यकताओं संवेदनशीलता से समाहित किया गया है। मा.वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करते हुए 36 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा कर पूरी तरह से समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। साथ ही, सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर की स्थापना तथा छह जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।यह बजट स्वर्णिम भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत आधारशिला है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ मध्यम वर्गीय परिवारों के जीवन को अधिक सुगम एवं समृद्ध बनाएगा।

# जानिए बसंत पंचमी में सरस्वती पूजन का मुहूर्त






**कानपुर।** बसंत पंचमी 2 व 3 फरवरी को मनाई जाएगी, 2 फरवरी की सुबह 9:14 की सुबह पुष्य नक्षत्र में शुरू होगी और 3 फरवरी की सुबह 6:56 तक मनाई जाएगी।

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक विद्या, बुद्धि की देवी माता सरस्वती का पूजन बीज व उप मंत्रों के साथ करें, साथ मां सरस्वती को गाय के दूध, कमल व गेंदा के फूल अर्पित करें। ज्योतिषाचार्य डॉ. नीतिशा मल्होत्रा ने बताया-माता सरस्वती की पूजा का शुभ मुहूर्त 2 फरवरी को सुबह 9:15 से 12:35 बजे तक का समय है। इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनने और पीले पकवान खाने की परंपरा है, जो समृद्धि और ज्ञान का प्रतीक है। विद्यार्थी इस दिन विद्या की प्राप्ति के लिए विशेष अनुष्ठान किए जाते हैं। राहु केतु से मिलने वाले सभी कष्टों से निवारण का सबसे प्रमुख दिन बसंत पंचमी होता है, क्योंकि उनकी अधिष्ठात्री देवी होने के कारण माँ सरस्वती की कृपा प्राप्त कर राहु केतु की महादशा राहु केतु से मिलने वाले सभी दोषों से मुक्ति मिलती है और राहू हमें शुभ फल प्रदान करते हैं। बसंत पंचमी के दिन बच्चों की विद्या प्रारंभ की जाती है, बच्चे पर मां सरस्वती की कृपादृष्टि बनी रहे इसके लिए पाटी पूजन करने के लिए सबसे पहले हल्दी, केसर, कुमकुम इत्र और गंगा जल का घोल बनाए और इससे कॉपी पर मां सरस्वती का बीज मंत्र या स्वास्तिक बनवाएं। माता सरस्वती को केसर युक्त मिष्ठान व खीर का भोग लगाएं, इसके साथ ही गन्ने के रस से पंचामृत से अभिषेक करना न भूले।

डॉ. नितिशा ने बताया- मां सरस्वती का एक स्वरूप मां मातंगी का भी है, जो एक तांत्रिक रूप है। जो तंत्र और मंत्रों की अधिष्ठात्री हैं। इन्हें विद्या, ज्ञान और संचार का प्रतीक माना जाता है। मातंगी माता का महत्व विशेष रूप से तंत्र साधना में होता है और इन्हें मानसिक शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए पूजा जाता है। बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं व करियर में आगे बढ़ने के लिए मां के तांत्रिक रूप की पूजा करें, जो आपको नए आयामों पर पहुंचाएगी। पूजन स्थल पर धूप और दीप जलाएं, मातंगी माता के मंत्रों का जाप ॐ ह्रीं मातंगी स्वाहा करें। काले तिल का सेवन और दान के साथ नीले रंग का भोजन ग्रहण करें, जैसे नीलमणी फल। पूजा के लिए स्वच्छ और शांत स्थान चुनें, पूजा स्थल पर कलश स्थापित करें। माता के मंत्रों का जाप करें। माता को दूध, दही, और शहद का अभिषेक करें। माता को मीठे व्यंजन का भोग अर्पित करें। मातंगी माता की उपासना विशेष रूप से पूर्णिमा और अमावस्या के दिन की जाती है। इन दिनों विशेष तंत्र साधनाएं करने का महत्व होता है। तंत्र साधना के लिए रात्रि का समय सबसे उत्तम माना जाता है।

## संक्षिप्त डायरी

### कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ आज

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** विगत वर्षों की भांति 15 वें वर्ष श्रीरामजानकी मंदिर मठ कसया द्वारा आज सोमवार 3 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर प्रातः काल 10 बजे कलश यात्रा के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा। आयोजन की जानकारी देते हुए महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देव नारायण शरण ने बताया कि आज कलश यात्रा के साथ दस दिवस तक चलने वाले श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा और कल 4 फरवरी से लेकर 12 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर में श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रख्यात कथावाचक अंकुश जी महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीराम कथा व अयोध्या धाम से आये कलाकारों द्वारा रात में भव्य श्रीरामलीला का मंचन होगा। श्रीराम महायज्ञ आचार्य रामजी पांडेय की देख रेख में सम्पन्न होगा और दस दिनों तक अयोध्या के संतों द्वारा अहर्निश श्रीसीताराम नाम संकीर्तन भी चलता रहेगा। 12 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ पूणार्हुति होगी। दोनों संतो ने श्रद्धालुओं से बढ़चढ़ कर आयोजन में सहभागी बनने की अपील की।

### हमीरपुर राठ के टोला खंगारन खण्ड- 6- में प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन कर ओवरलोडिंग के साथ ही अवैध परिवहन कर लगाया जा रहा है लाखों के राजस्व का चूना

संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर राठ के टोला खंगारन मोरम खण्ड संख्या-6- के पट्टाधारक राजकुमार सिंह के दबंग खण्ड मैनेजर, संचालक अंगद सिंह भदौरिया एनजीटी सहित शासन प्रशासन की सख्ती के बावजूद प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से अवैध खनन करने से नहीं आ रहे हैं बाज, जबकि इनकी दबंगई का आलम तो ये है कि इस खण्ड से मोरम के ओवर लोड ट्रकों के साथ ही धड़ल्ले से किया जा रहा है मोरम का अवैध परिवहन, जबकि शासन को लगाया जा रहा है लाखों के राजस्व का चूना।

### हमीरपुर के बेरी इन्दपुरी 10/6 कमल इंटर प्राईजेज के बेखौफ दबंग मोरम माफिया प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से जलधारा में अवैध खनन कर प्रशासन को दे रहे हैं खुली चुनौती

संवाददाता




**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के ईमानदार मुखिया योगी आदित्यनाथ की सख्ती के बावजूद मोरम माफियाओं के हौसले हैं बुलंद, ताजा मामला हमीरपुर के बेरी इन्दपुरी 10/6 मोरम खण्ड कंवर इंटरप्राइजेज के दबंग और बेखौफ मोरम माफिया हमीरपुर के तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना के आदेशों को खुलेआम ठेंगा दिखाने के साथ ही एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाकर प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से नदी की जलधारा में मोरम का अवैध खनन करने के साथ ही खण्ड में आने वाले ट्रकों में मोरम की ओवर लोडिंग के साथ ही मोरम के एन आर ट्रकों का धड़ल्ले परिवहन कर शासन को लगा रहे हैं, लाखों के राजस्व का चूना, वहीं प्रशासन को दे रहे हैं कार्यवाही की खुली चुनौती।

### गोरखपुर आए नेपाल के पूर्व नरेश: पत्नी संग क्रूज की सैर की



**गोरखपुर ।** रामगढ़ताल झील में चल रहे लेक क्विन क्रूज का जलवा अब विदेशों में भी दिख रहा है। पहली बार नेपाल से भारत दौरे पर आए नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र वीर विक्रम शाह ने शनिवार की शाम अपनी धर्मपत्नी कोमल राजलक्ष्मी शाह के साथ क्रूज की सैर की। क्रूज पर पहुंचते ही नेपाल के पूर्व नरेश और उनकी पत्नी का क्रूज संचालक राजकुमार राय और उनकी टीम ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद ज्ञानेंद्र वीर शाह ने अपनी पत्नी संग रामगढ़ताल झील में क्रूज की सैर की। उनके साथ उनकी पत्नी, परिवार के सदस्यों के अलावा लगभग 64 लोग और आए थे। उन्होंने क्रूज संचालक और उनकी टीम से क्रूज के बारे में विस्तार से जानकारी ली और इसके संचालन के तरीकों को बारीकी से समझा। इस दौरान उन्होंने क्रूज की जमकर तारीफ की और कहा कि इस तरह की पहल सिर्फ गोरखपुर को एक नई पहचान ही नहीं दिलाती है बल्कि इससे पर्यटन को भी काफी बढ़ावा मिलता है। ज्ञानेंद्र वीर शाह ने कहा कि गोरखपुर के इस क्रूज की चर्चा मैंने नेपाल में सुनी थी। जिसने भी देखा था, वह इसकी खूब तारीफ कर रहा था। ऐसे में मैंने भी सोचा कि अगर पहली बार भारत जाऊंगा तो सबसे पहले क्रूज देखूंगा और इसकी सवारी करूंगा। सच में इस क्रूज के बारे में मैंने जितना सुना था, यह उससे कहीं अधिक शानदार है। इसके लिए उन्होंने क्रूज संचालक को बधाई भी दी। इससे पहले शुक्रवार की शाम ज्ञानेंद्र वीर विक्रम शाह अपनी धर्मपत्नी कोमल राजलक्ष्मी शाह के साथ गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन-पूजन किया और नेपाल से लाई गई खिचड़ी भी चढ़ाई।

### लखनऊ में गृहकर नोटिस के खिलाफ लोगों ने दी चेतावनी

**लखनऊ।** नगर निगम जोन-2 द्वारा पीली कॉलोनी, ऐशबाग में भेजे गए गृहकर नोटिसों के खिलाफ स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। इसे लेकर श्रमिक कॉलोनी जनकल्याण समिति के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष सतीश दुबे ने की, जबकि सचिव संजय सिंह, सुधीर सिंह, जीतेंद्र सिंह, लल्ला भैया, राहुल मिश्रा और अभिषेक तिवारी समेत मालवीय नगर, ताल कटोरा और लेबर कॉलोनी के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम द्वारा गलत तरीके से गृह कर नोटिस भेजने का आरोप लगाते हुए साकेत शर्मा के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम अपने निर्णय की समीक्षा करे। गरीब एवं श्रमिक वर्ग पर इस तरह का अन्याय बंद करे। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन नोटिसों को वापस नहीं लिया गया तो वे उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।



# रहस्यमयी कमरुनाग झील

भारत का पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश अपने पौराणिक महत्त्व के साथ-साथ रहस्यों का गढ़ भी माना जाता है। बर्फ की चादर ओढ़े यहां कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जिनका प्राचीन इतिहास अपने अंदर कई गहरे राज्य समेटे हुए है। यही नहीं यहां के कुछ स्थलों की पहचान तो महाभारत काल से की गई है, वहीं कुछ स्थल अब भी रहस्यमयी बने हुए हैं। इन रहस्यों में छिपे अरबों-खरबों के खजाने के राज।
हिमाचल प्रदेश में ऐसी एक झील है, जिसमें अरबों-खरबों का खजाना छिपा हुआ है।
हालांकि, अब तक किसी ने इस झील से खजाना निकालने की कोशिश नहीं की है।
हम किसी भूखंड की नहीं, बल्कि हिमाचल में मौजूद एक ऐसी झील की बात करेंगे, जहां अरबों-खरबों का खजाना गढ़े होने की बात कही जाती है। कमरुनाग झील हिमाचल की प्रमुख झीलों में से एक है। यह मंडी घाटी की तीसरी प्रमुख झील है। इस झील का नाम घाटी के देवता कमरुनाग के नाम पर पड़ा है। जहां जून माह में विशेष मेले का आयोजन होता है। धार्मिक मान्यता है कि प्रतिवर्ष 14-15 जून को बाबा कमरुनाग पूरी दुनिया में दर्शन देते हैं। यूं तो दुनियाभर से लोग हिमाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियों को देखने के लिए आते हैं। यहां ऐसे कई खूबसूरत नजारें मौजूद है, जिन्हें देखने के बाद विदेशी क्या देसी लोग भी दीवाने हो जाते हैं। मण्डी से करीब 60 किलोमीटर की दूरी पर रोहांडा के घने जंगलों में स्थित कमरुनाग झील में अरबों का खजाना छुपा है। हालांकि झील के गर्भ से अब तक किसी ने इस खजाने को निकालने की हिम्मत नहीं की। इसका कारण बेहद ही चौंकाने वाला है। दरअसल, यहां एक बहुत ही मशहूर मंदिर है और इसी मंदिर के पास कमरुनाग झील है।

**हिमाचल प्रदेश में ऐसी एक झील है, जिसमें अरबों-खरबों का खजाना छिपा हुआ है। हालांकि, अब तक किसी ने इस झील से खजाना निकालने की कोशिश नहीं की है। हम किसी भूखंड की नहीं, बल्कि हिमाचल में मौजूद एक ऐसी झील की बात करेंगे, जहां अरबों-खरबों का खजाना गढ़े होने की बात कही जाती है।**



## जून माह में विशेष महत्व

इस स्थल का जून माह में विशेष महत्व है। दरअसल जून के महीने में यहां एक विशेष मेले का आयोजन होता है। धार्मिक मान्यता है कि प्रतिवर्ष 14-15 जून को बाबा कमरुनाग पूरी दुनिया में दर्शन देते हैं। इस खास मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं।

## मनोकामना के लिए चढ़ाए जाते हैं हीरे-जवाहरात

कहा जाता है कि जो भी भक्त मंदिर में दर्शन करने आते हैं, वो इस झील में सोने-चांदी के गहने और रुपये-पैसे डालते हैं। दूर-दूर से आए लोग मनोकामना पूरी होने पर झील में करंसी, नोट, हीरे-जवाहरात चढ़ाते हैं। महिलाएं सोने चांदी के जेवर इस झील को अर्पित कर देती हैं। यह झील आभूषणों से भरी है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसी परंपरा के आधार पर यह माना जाता है कि इस झील में अरबों का खजाना है।

## भेंट चढ़ाने का भी निश्चित समय

झील में अपने आराध्य के नाम से भेंट चढ़ाने का भी एक शुभ समय है। जब देवता को कलेबा लगेगा अर्थात भोग लगेगा, तब ही झील में भेंट डाली जाती है।

## अरबों का खजाना, फिर भी नहीं सुरक्षा का प्रबंध

झील में अरबों की दौलत होने के बावजूद सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। लोगों की आस्था है कि कमरुनाग इस खजाने की रक्षा करते हैं। देव कमरुनाग मंडी जिला के सबसे बड़े देव हैं।

# फूलों की अनूठी परेड



नीदरलैंड का छोटा-सा कम आबादी वाला शहर है जनडर्ट। यहां राष्ट्रीय स्तर की फ्लावर परेड और प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। ट्यूलिप का मौसम आते ही नीदरलैंड में मानों फूल ही फूल नजर आने लगते हैं। देश का प्रसिद्ध बल्ब फ्लावर सेलिब्रेशन होता है जिसमें हर साल फूलों की परेड निकाली जाती है और यह सिर्फ परेड नहीं होती बल्कि सबसे बेहतर मॉडल तैयार करने का कॉम्पीटिशन भी होता है। यह कॉम्पीटिशन 1936 से ही इसी तरह हर साल आयोजित होती रही है। वैसे तो यह कार्यक्रम सितंबर महीने के फरस्ट वीक में होता है, लेकिन इसकी तैयारियां मई और जून से ही शुरू हो जाती है। पूरे नीदरलैंड से लोग इसमें हिस्सा लेने तो पहुंचते ही हैं लेकिन जनडर्ट शहर के लोगों के लिए यह किसी फेस्टिवल से कम नहीं होता। इसमें हर एज ग्रुप के लोग चाहे बच्चे हों या बूढ़े, बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

**नीदरलैंड का छोटा-सा शहर है जनडर्ट, भले ही यह शहर आकार और आबादी में छोटा हो, लेकिन यहां राष्ट्रीय स्तर की फ्लावर परेड और प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जिसमें पूरे देश के आर्टिस्ट अपने मॉडल के साथ परेड करते हैं और जिनका मॉडल सबसे बेहतर होता है उन्हें प्राइज दिया जाता है।**


## कैसे होती है तैयारियां

- मॉडल्स वायर, कार्डबोर्ड और हजारों डहेलिया फूलों से तैयार किए जाते हैं, जो खासतौर से परेड के लिए उगाए जाते हैं।
- फूलों से जो मॉडल तैयार किए जाते हैं उसकी पहली शर्त होती है कि वो कलरफुल और ब्राइट होने चाहिए। साथ ही जो फूल मॉडल के ऊपर लगाए जाते हैं वो तीन दिन पहले लगाए जाने चाहिए उससे पहले नहीं।
- मॉडल के ऊपर डहेलिया लगाने के काम में हजारों वॉलेंटियर दिन-रात काम करते हैं।
- सबसे बेहतरीन मॉडल चुनने के लिए ज्यूरी होती है जो विनर का नाम सिलेक्ट करती है।

## फूल उगाना बुजुर्गों का काम

मॉडल को तैयार करने के लिए अलग-अलग रंगों के सिर्फ डहेलिया फूलों को ही यूज करते हैं। फूलों को उगाने का काम जहां बुजुर्ग करते हैं वहीं यंगस्टर्स मॉडल की डिजाइनिंग और उसके कंसेप्ट पर काम करते हैं। यानी हर उम्र के लोग इस फेस्टिवल का हिस्सा बनते हैं।





# एक तरह का छलावा है थ्री डी आर्ट

**सालों पहले जब थ्री डी मूवीज थियेटर्स में आई थीं तब स्पेशल चश्मे से उन्हें देखने वाले दर्शक किसी जादू की तरह फील करते थे।**

सालों पहले जब थ्री डी मूवीज थियेटर्स में आई थीं तब स्पेशल चश्मे से उन्हें देखने वाले दर्शक किसी जादू की तरह फील करते थे। जैसे जादू आंखों का धोखा है ठीक वैसे ही थ्री डी आर्ट भी एक तरह का छलावा है। यानी यहां जो जैसा दिखता है वो जरूरी नहीं कि वैसा ही हो। दुनियाभर में आज इस आर्ट को लेकर कई तरह के प्रयोग हो रहे हैं। पेंटिंग, स्कल्पचर, पेपर और अन्य माध्यमों में थ्री डी आर्ट को प्रस्तुत किया जा रहा है। चलो इस दुनिया की सैर करते हैं।

## जादू भरी करामात

थ्री डी आर्ट के मामले में असल चीज आर्टिस्ट की कल्पना ही है। इसी पर सारा जादू डिपेंड करता है। असली रंग, पेपर और मूर्तिकला के सामान के साथ ये आर्टिस्ट अनोखा संसार रच डालते हैं। जैसे किसी सड़क के बीच में बहती असली सी नदी या पेपर के एक टुकड़े पर रेंग रहा सांप। इसमें चीजों का एंगल जादू क्रिएट करने का काम करता है। यानी सामान्य पेंटिंग्स को भी कलाकार ऐसे एंगल के साथ प्रस्तुत करते हैं कि वो लाइव और एक्शन में दिखाई देता है। प्रस्तुत हैं ऐसे कुछ आर्टिस्ट-

## चॉक से खड़ी तस्वीरें

लियोन कीर एक ऐसे थ्री डी आर्ट के महारथी हैं जो अपनी कला के जरिए लोगों तक पर्यावरण के संरक्षण से लेकर आम जीवन में भी इमोशंस को बनाए रखने का सन्देश पहुंचाते रहते हैं। नीदरलैंड के रहने वाले लिओन देश-विदेश में कई जगह टू डी और थ्री डी स्ट्रीट आर्ट को प्रेजेंट कर चुके हैं। सैनिकों के वेश में बच्चों के खिलौने लेगो सिटी के जैसी भी आकृतियां उन्होंने बनाई जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। चॉक से बनाई गई यह लेगो टेराकोटा आर्मी एक इंटरनेशनल चॉक फेस्टिवल का हिस्सा रही है।



## इनकी क्रिएटिविटी ने रचा इतिहास

जोए हिल और मैक्स लॉरी, थ्री डी आर्ट की फील्ड में एक ऐसा नाम बन गए हैं जिनकी पेंटिंग गिनीज बुक में भी शामिल की जा चुकी है। इतिहास रचने वाली ये पेंटिंग सबसे लम्बी और सबसे बड़ी पेंटिंग के तौर पर गिनीज बुक में शामिल हुई। ये दोनों ब्रिटिश आर्टिस्ट पिछले लगभग 10 सालों से इस फील्ड से जुड़े हैं। परियों की कहानियों से लेकर प्रिंस विलियम की शादी, निंजा टर्टल जैसे सुपर कैरेक्टर्स और असली दिखने वाले वॉटरफॉल जैसी कई आकृतियां ये दोनों दुनियाभर में घूम कर रचते रहे हैं। इसके अलावा वो कई सारे एड और मूवी प्रोजेक्ट्स के साथ भी जुड़े हुए हैं।

# राजा की परेशानी

राजा ने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। विचार होने लगा कि चोर को क्या सजा दी जाए? चोर के हाथों एक व्यक्ति की हत्या हुई थी। काफी विचार होने के बाद भी कुछ तय नहीं हो सका। इससे पहले ऐसा अपराध किसी ने किया भी नहीं था। इसी से किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि उसे क्या सजा दी जाए?

एक छोटा सा राज्य था। कुल दस-पांच हजार की आबादी रही होगी। जब राज्य था, आबादी थी, तो एक राजा भी था। भले ही छोटा राजा। वैसे भी जब राज्य था, तो सेना, मंत्री, सभासद भी थे। इस राज्य में पहले अदालतें भी थीं। लेकिन वहां का राजा और प्रजा सभी शांतिप्रिय थे। कभी किसी से किसी का लड़ाई-झगड़ा नहीं होता था। इसलिए फिजूलखर्ची समझ अदालतें बंद कर दी गईं। अपने पड़ोसी राज्यों से राजा के बड़े मित्रतापूर्ण संबंध थे। इसलिए सेना के नाम पर केवल सौ-सवा सौ सैनिक थे। किसी के भी पास तलवार-बंदूकें नहीं थीं। सबके हाथ में बस एक बेंत रहती थी। शांति बनाए रखने के लिए इतना काफी था।
एक बार राजा एक विचित्र परेशानी में फंस गया। राज्य में पहली बार एक व्यक्ति किसी के घर में चोरी के लिए घुसा। संयोग से वहां मारपीट हो गई। चोर के हाथों एक व्यक्ति मारा गया। सैनिक चोर को पकड़कर राजा के पास ले गए।
राजा ने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। विचार होने लगा कि चोर को क्या सजा दी जाए? चोर के हाथों एक व्यक्ति की हत्या हुई थी। काफी विचार होने के बाद भी कुछ तय नहीं हो सका। इससे पहले ऐसा अपराध किसी ने किया भी नहीं था। इसी से किसी की समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि उसे क्या सजा दी जाए?
अचानक एक मंत्री बोला, महाराज, पड़ोस के राज्य में अदालतें हैं। जरूर वहां इस तरह के मामले आते होंगे। क्यों न इस चोर को दंड के निर्णय के लिए वहीं भेज दिया जाए।
राजा को यह सुझाव जंच गया। चोर को वहां भेजकर पड़ोसी राजा से एक फैसला लेने की प्रार्थना की गई। राजा की परेशानी टल गई। लेकिन दो दिन बाद ही चोर के साथ राजा की परेशानी फिर लौट आई। पहले से बड़ी होकर। वहां की अदालत ने फैसला दिया, 'चूंकि इस चोर ने हत्या की है। इसलिए इसका सिर कलम कर दिया जाए।' अब राजा के यहां कोई जल्लाद नहीं था। सैनिकों से कहा गया, तो उन्होंने साफ जवाब दे दिया, हमने किसी की इस तरह हत्या करना नहीं सीखा है। फिर हम इसके लिए रखे भी नहीं गए हैं। हमारे पास एक तलवार क्या, चाकू तक नहीं है।
राजा ने परेशान होकर फिर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। कई दिनों तक विचार मंथन हुआ। अंत में सब लोग इस नतीजे पर पहुंचे कि क्यों न इस चोर की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया जाए। राजा की परेशानी फिर टल गई।
मगर राज्य में कोई जेल नहीं थी, जहां सजा पाए अपराधी को रखा जाए। इसलिए एक कोठरी बनवाई गई। चोर को उसमें रखा गया। एक पहरेदार नियुक्त किया गया। वह चोर की निगरानी करता था। राजमहल से उसके लिए भोजन भी ले आता था।
राज्य की आमदनी बहुत मामूली थी। राजा के लिए इस पहरेदार का खर्च उठाना भारी पड़ गया। अब इस परेशानी से कैसे मुक्ति मिले? राजा ने फिर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। तय हुआ कि पहरेदार को हटा लिया जाए। चोर जहां जाना चाहे जाए। इस मुसीबत से छुटकारा पाने का यही एक उपाय था। अगले दिन चोर की नींद खुली, तो उसने देखा कि वहां पहरेदार नहीं था। दरवाजे भी खुले हुए थे। जब कोई और उसका भोजन लेकर नहीं आया, तो वह स्वयं थाली लेकर राजमहल पहुंच गया। फिर तो उस का रोज का यही काम हो गया। राजभवन से भोजन ले आता। फिर खा-पीकर चैन की नींद सो जाता। इस खर्च से राजा की परेशानी फिर बढ़ गई। उसने चोर को कहलवाया, अब तुम आजाद हो। जहां चाहो, भाग जाओ। कोई कुछ नहीं बोलेगा।
मगर चोर ने जवाब दिया, मैं भागकर अब कहां जाऊं? लोग मुझे देखते ही गालियां देंगे। मुझे मारने दौड़ेंगे। मुझे मौत की सजा क्यों नहीं दी गई?
राजा की परेशानी बढ़ी, तो उसने फिर मंत्रियों से सलाह ली। मंत्रियों ने सोच-विचारकर कहा, महाराज, इस का भोजन-पानी बंद कर दीजिए। भोजन नहीं मिलेगा, तो स्वयं कहीं निकल जाएगा। लेकिन चोर भी जाने को तैयार नहीं हुआ। वह भूखा-प्यासा ही रहने लगा। चोर ने लोगों से गुहार लगाई। वहां के लोगों को लगा कि उस व्यक्ति को इस तरह भूखा रखना तो सचमुच राजा का अन्याय है। उन्होंने राजा से इस बारे में पूछा। राजा ने स्वयं की परेशानी बताई।
बहुत सोच-विचार के बाद लोगों ने राजा से कहा, राजन, एक उपाय है। इस चोर को भोजन देने में आपको कोई आपत्ति नहीं होगी। इसने गैर इरादतन जो हत्या की है, उसका प्रायश्चित भी हो जाएगा। लोग इसका सम्मान भी करेंगे।
वह क्या? राजा ने प्रसन्नता से पूछा।
राजन, पिछले दो साल हमारे यहां अच्छी वर्षा नहीं हुई। इससे मार्गों के किनारे लगे अधिकांश वृक्ष सूख गए। जनता को यात्रा में बड़ा कष्ट होता है। आप इससे मार्गों के किनारे छायादार और फलों वाले वृक्ष लगवाएं। उसके बदले इसे रोजी-रोटी मिलेगी और पूरे राज्य का भला होगा। प्रजा भी इसको यह नेक काम करते देख, गालियां नहीं देगी। इसका आदर करेगी। इसके मन में भी फिर कभी अपराध न करने की भावना पैदा होगी।
राजा और उसका मंत्रिमंडल इस सुझाव से पूरी तरह संतुष्ट हुए। चोर को भी अच्छा लगा। काम मिला, रोटी मिली, लोगों का प्यार मिला। राजा को भी एक बड़ी परेशानी से मुक्ति मिल गई।



# वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट



प्रहलाद सबनानी

**भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय।**

दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। श्रीमती सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अतः विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके।

भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख



रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा। मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस सुधार से कुल मिलाकर देश के बजट में एक लाख करोड़ रुपए की राशि कम प्राप्त होगी अर्थात मध्यमवर्गीय परिवारों को कुल एक लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का लाभ होगा। और, यह लाभ लगभग 2 करोड़ करदाताओं को होने की सम्भावना है। इससे देश के मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के हाथों अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी जिसे वे विभिन्न उत्पादों की खरीद पर खर्च करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होंगे। मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों ने जितना सोचा था शायद उससे भी कहीं अधिक राहत उन्हें इस बजट के मध्यम से दी गई है। इसीलिए ही, इस बजट को अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट की संज्ञा दी जा रही है।

मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों को, आयकर में छूट देकर, दी गई राहत देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इससे बजटीय घाटा में वृद्धि नहीं हो। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजटीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत रहने की सम्भावना पूर्व में की गई थी, परंतु अब संशोधित अनुमान के अनुसार यह बजटीय घाटा कम होकर 5.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजटीय घाटा 5.4 रहने का अनुमान लगाया गया है। अतः देश की वित्तीय व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हां, पूंजीगत खर्चों में जरूर कुछ कमी रही है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के अनुमान के विरुद्ध 10.18 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11.12 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च की व्यवस्था बजट में की गई है। इस राशि को 11.11 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख करोड़ रुपए किया जाना चाहिए था क्योंकि पूंजीगत खर्च में वृद्धि से देश में आर्थिक विकास की दर तेज होती है और रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। इस संदर्भ में एक रास्ता यह निकाला गया है कि केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ये संस्थान भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि उनके द्वारा किए गए पूंजीगत खर्चों की राशि को मिलाकर कुल पूंजीगत खर्च को 15 लाख करोड़ रुपए से ऊपर ले जाया जाए।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से राज्यों के साथ मिलकर कृषि धन धान्य योजना को 100 जिलों में प्रारम्भ किया जा रहा है, इस योजना के माध्यम से इन जिलों में ली जा रही फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दलहन के उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के लिए 6 वर्षीय मिशन चलाया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को 5 लाख तक बढ़ाया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए एवं स्टार्टअप के लिए ऋण की सीमा को 10 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जा रहा है। लेदर उद्योग में रोजगार के 22 लाख नए अवसर निर्मित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत को खिलौना उत्पादन का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्म निर्भर बनाया जाएगा। आज भारत खाद्य तेलों का भारी मात्रा में आयात करता है अतः तलहन के क्षेत्र में भी आत्म निर्भरता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।। भारत में निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजारों की तलाश करते हुए विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौते सम्पन्न किए जा रहे हैं। देश में बीमा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की जा रही है। विभिन्न शहरों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपए का एक विशेष फंड बनाया जा रहा है।

युवाओं में कौशल विकास के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, आगामी 5 वर्षों में देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 युवाओं को अतिरिक्त दाखिला दिए जाएंगे। इंडियन इन्स्टिटूट आफ टेक्नॉलजी कॉलेजों में टेक्नलाजिकल रीसर्च के लिए 10,000 पी एम स्कालर्शिप प्रदान की जाएंगी एवं नए आईआईटी केंद्रों की स्थापना भी की जाएगी। आरटीफिशियल इंटेलीजेंस सेंटर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 500 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

श्री अयोध्या धाम, महाकुम्भ क्षेत्र प्रयागराज, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी, महाकाल मंदिर उज्जैन की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों को भी विकसित किया जाएगा ताकि देश में धार्मिक पर्यटन की गतिविधियों को और अधिक आगे बढ़ाया जा सके। देश में 52 नए पर्यटन केंद्र भी विकसित किए जाने की योजना बनाई गई है तथा भगवान बुध सर्किट भी विकसित किया जाएगा।

## संपादकीय

### शुतुरमुर्ग न बनें

भारत निर्वाचन आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल से कहा है कि यमुना में अमोनिया की मात्रा बढक्ष्स्न्े को नदी को जहरीला बनाने के आरोप से न जोड़ें। उनसे यमुना में विषाक्तता के प्रकार, मात्रा, प्रकृति व तरीके के बारे में तथ्यात्मक साक्ष्य उपलब्ध कराने को भी कहा है। ऐसा न करने पर आयोग मामले के संबंध में उचित निर्णय करने को स्वतंत्र होगा। केजरीवाल ने दावा किया था कि हरियाणा सरकार यमुना में जहर घोल रही है। वहां से प्राप्त पानी मानव स्वास्थ्य के लिहाज से दूषित और अत्यंत जहरीला है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा था कि लोगों को यह जहरीला पानी पीने दिया गया तो स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरा पैदा होगा और लोगों की मौत होगी। इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी चुनाव आयुक्त को पत्र लिख कर यमुना नदी में बढ़ते अमोनिया स्तर पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था। आरोप है कि हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया का स्तर सात पीपीएम से ऊपर चला गया है जिसे उपचार योग्य सीमा से सात सौ गुना ज्यादा बताया जाता है। अमोनिया के टॉक्सेस लेवल को जल ट्रीटमेंट प्लांट्स प्रभावी ढंस्रा से उपचारित करने में अक्षम हो जाता है। दिल्ली में प्रदूषित पानी की सप्लाई को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिलती है। पानी में अमोनिया का स्तर ज्यादा होने पर सांस व गुर्दे से संबंधित रोग हो जाते हैं तथा अंग क्षति की भी आशंकाएं बढ़ जाती हैं। राजधानी में चुनावी आरोप-प्रत्यारोपों का दौर है, इसलिए नेताओं को मुद्दों की तलाश है। ऐसे में जनता में भ्रम फैलाने के प्रति राजनेताओं को संयम बरतना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग को भी निष्पक्षता से सभी दलों पर नजर रखनी चाहिए। बावजूद इसके कि जहरीला पानी पर रोक लगे या शुद्ध पानी की व्यवस्था हो, सब दोषारोपण में व्यस्त हैं। दस साल से राज कर रहे केजरीवाल पेयजल की शुद्धता को लेकर पहले इतने संवेदनशील क्यों नहीं हुए। मुफ्त योजनाओं के बूते जनता को बरगलाने वालों को बुनियादी जरूरियात की शुद्धता के प्रति गंभीर होना होगा क्योंकि यह सब भारत निर्वाचन आयोग का अधिकार क्षेत्र नहीं है। केंद्रीय जल आयोग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड. और केंद्र व राज्य सरकार को पेयजल की शुद्धता के प्रति गंभीर होना होगा।

## चिंतन-मनन


### सन्मार्ग की प्रवृत्ति

उत्तम कार्य की कार्य प्रणाली भी प्रायः उत्तम होती है। दूसरों की सेवा या सहायता करनी है, तो प्रायः मधुर भाषण, नम्रता, दान, उपहार आदि द्वारा उसे संतुष्ट किया जाता है। परन्तु कई बार इसके विपरीत क्रिया-प्रणाली ऐसी कठोर, तीक्ष्ण एवं कटु बनानी पड़ती है कि लोगों को भ्रम हो जाता है कि कहीं यह दुर्भाव से प्रेरित होकर तो नहीं किया गया। ऐसे अवसरों पर वास्तविकता का निर्णय करने में बहुत सावधानी बरतने पड़ती है। सीधे-सादे अवसरों पर सीधी-सादी प्रणाली से भली प्रकार काम चल जाता है। भूखे, प्यासे की सहायता करनी है, तो वह कार्य अन्न-जल देने के सीधे-सादे तरीके से चल जाता है। किसी दुःखी या अभावग्रस्त को अभीष्ट वस्तुएं देकर उसकी सेवा की जा सकती है। धर्मशाला, कुआं, पाठशाला, अनाथालय, औषधालय आदि द्वारा लोकसेवा की जा सकती है। ऐसे कार्य निश्चय ही श्रेष्ठ हैं और उनकी आवश्यकता व उपयोगिता सर्वत्र स्वीकारी जा सकती है। परन्तु कई बार ऐसी सेवा की भी बड़ी आवश्यकता होती है, जो प्रत्यक्ष में बुराई मालूम पड़ती है और उसे करने वाले को अपयश ओढ़ना पड़ता है। इस मार्ग को अपनाने का साहस हर किसी में नहीं होता।

दुष्ट और अज्ञानियों को उस मार्ग से छुड़ाना, जिस पर वे बड़ी ममता और अहंकार के साथ प्रवृत्त हो रहे हैं, साधारण काम नहीं है। सीधे आदमी की भूल ज्ञान से, तर्क से, समझाने से सुधर जाती है पर जिनकी मनोभूमि अज्ञानान्धकार से कलुषित हो, साथ ही जिनके पास कुछ शक्ति भी है, वे ऐसे मदान्ध हो जाते हैं कि सीधी-सादी क्रिया-प्रणाली का उन पर प्रायः कुछ असर नहीं होता। मनुष्य शरीर धारण करने पर भी जिनमें पशुत्व की प्रधानता है, दुनिया में उनकी कमी नहीं है। उन्हें ज्ञान, तर्क, नम्रता, सज्जनता, सहनशीलता से अनीति के दुःखदाई मार्ग से पीछे नहीं हटाया जा सकता। पशु केवल दो चीजें पहचानता है- एक लोभ, दूसरा भय। दाना, घास खिला उसे ललचा कर कहीं भी ले जाइए, वह पीछे-पीछे चलेगा या लाठी का डर दिखा जिधर चाहे उधर ले जा सकते हैं।

भय या लोभ से अज्ञानियों को, कुमार्गगामियों को सन्मार्ग में प्रवृत्त किया जा सकता है। भय उत्पन्न करने के लिए दंड का आश्रय लिया जाता है। लोभ के लिए कोई ऐसा आकषर्ण उसके सामने उपस्थित करना पड़ता है जो आज की अपेक्षा अधिक सुखदायी हो। नशेबाजी, व्यभिचार आदि के दुष्परिणाम को बढ़ा-चढ़ाकर, बताकर कई बार उस ओर चलने वालों को इतना डरा दिया जाता है कि वे उसे स्वतः छोड़ देते हैं।

# दिल्ली में मोदी बनाम केजरीवाल बनाम राहुल



राकेश अचल

दिल्ली विधानसभा का चुनाव है तो मुंबई महापालिका से भी छोटा लेकिन इस चुनाव को जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां आम आदमी पार्टी जैसे छोटे से दल से भिड़ गयीं है। इस चुनाव को अब दिल्ली वाले केजरीवाल बनाम मोदी बनाम राहुल होते देख रहे हैं। सत्तारूढ़ होने की वजह से जहाँ भाजपा ये चुनाव जीतने के लिए साम-दाम-दंड और भेद का इस्तेमाल कर रही है ,वहीं कांग्रेस भी आम आदमी पार्टी को आस्तीन का सांप मानकर कुचलने में जुटी हुई है।

सबसे पहले सत्तारूढ़ दल की बात करते है। इस चुनाव में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के ऊपर जितने भी हमले किये हैं उनका बचाव प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर पार्टी के हर छोटे बड़े नेता को करना पड़ रहा है। संख्याबल और अनुभव के हिसाब से देखें तो भाजपा के समाने आम आदमी पार्टी अभी भी शैशवकाल में है लेकिन उसका हौवा इतना है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री तक को मैदान में उतरना पड़ा है। पूरे देश में भाजपा और डबल इंजिन की जितनी भी राज्य सरकारें हैं उनके मुख्यमंत्री भी दिल्ली जितने के लिए अपने -अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे है। एक यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जरूर महाकुम्भ हादसे की वजह से दिल्ली नहीं जा पाए।

भाजपा ने दिल्ली जीतने के लिए अपने सभी आजमाए हुए फामूर्ले दिल्ली में भी अपनाये है। भाजपा ने केंद्रीय चुनाव आयोग का खुलकर दुरुपोग किया है। पुलिस का इस्तेमाल किया है। आम आदमी पार्टी पर दबाब बनाने के लिए दिल्ली स्थित पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के घर छापा मरने की कोशिश की है। आम आदमी पार्टी के 7 पूर्व विधायकों के असंतोष का फायदा उठाते हुए उन्हें पार्टी छोड़कर बाहर आने पर मजबूर कर दिया है। अब ये सब भाजपा के लिए काम करेंगे। आम आदमी पार्टी सरकार के मुखिया से लेकर पुराने केजरीवाल मंत्रिमंडल के तीन मंत्रियों को जेल की हवा पहले ही खिलाई जा चुकी है ,यहां तक की आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह को भी जेल यात्रा करना पड़ी है।

अब कांग्रेस की बात करते है। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ इंडिया गठबंधन में तालमेल बनाये रखने की बहुत कोशिश की ,लेकिन आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस का लिहाज न मप्र विधानसभा चुनाव में किया और न हरियाणा और महाराष्ट्र में। गुजरात में तो किया ही नहीं ,उलटे दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से अपने रिश्ते खराब और कर लिये। आम आदमी पार्टी ने भाजपा के भ्रष्ट नेताओं की सूची में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी जोड़ लिया।आम आदमी पार्टी की इस हरकत के बाद कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी को आस्तीन का सांप मानकर उसका फन कुचलना शुरू कर दिया है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ही नहीं बल्कि उनकी बहन प्रियंका वाड्रा और पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी अब आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर लगातार हमले कर रहे हैं। कांग्रेस भी भाजपा की तर्ज पर केजरीवाल को महाभ्रष्ट बता रही है। मुख्यमंत्री आवास को शीशमहल बनाने और शराब घोटाले के आरोप लगा रही है। कांग्रेस आम आदमी पार्टी को भाजपा की बी टीम बता रही है। भाजपा ने जहाँ दिल्ली में हिन्दुओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की है ठीक वैसे ही कांग्रेस ने अल्पसंखयकों को अपने साथ रखने का प्रयास किया है।

दिल्ली में पहली बार विधानसभा का चुनाव साफ तौर पर त्रिकोणीय बना है। दिल्ली में इस बार आम आदमी पार्टी स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर खड़ी दिखाई दे रही है। ऐसे में स्थितियां ऐसी बन सकतीं हैं कि आम आदमी पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए या तो एक बार फिर कांग्रेस के समाने समर्पण करना होगा या सचमुच में भाजपा की बी टीम बनकर रहना होगा। ये भी हो सकता है कि यही समस्या भाजपा और कांग्रेस के सामने भी आये। कुल जमा पशोपेश दिल्ली के मतदाता की है। उसे तय करना है कि वो कौन से भ्र्ष्ट दल की सरकार बनाती है ,क्योंकि आम आदमी पार्टी भाजपा और कांग्रेस को महाभ्रष्ट बता चुकी है ,वहीं कांग्रेस और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को समवेत स्वर में महाभ्रष्ट कहा है। अर्थात दिल्ली में दूध का धुला कोई दल नहीं है। आगामी 5 फरवरी को दिल्ली में मतदान है। उसी दिन प्रधानमंत्री दिल्ली जीत की कामना लेकर प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में डुबकियां लगाने जायेंगे। उन्हें यूपी के मुख्यमंत्री को पापमुक्त करने के लिए भी डुबकी लगना है। रहल गाँधी या उनके परिवार ने अपने आपको महाकुम्भ से मुक्त रखा है। शायद उन्हें न मोक्ष की कामना है और न पापों से मुक्ति की। मुमकिन है कि वे अपने आपको पापी समझते ही न हों।

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी (ेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण



ललित गर्ग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है।

यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यह भी कहा कि इस तरह की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं और इन्हें टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क रहें। राष्ट्रपति भवन की यह कठोर प्रतिक्रिया कांग्रेस नेताओं के लिये सबक एवं सीख बननी चाहिए।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने न केवल गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। कांग्रेस न जाने क्यों मानसिक दुर्बलता की शिकार है कि उसे अंधेरे सायों से ही प्यार है। ऐसे राजनीतिक दलों एवं सोनिया गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है सोनिया जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। इसीलिये राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

सोनिया गांधी अपने आपको सक्षम राजनीतिज्ञ मानती होंगी, वे विरोध एवं व्यक्तिगत आलोचना की राजनीति की खिलाड़ी भी स्वयं को साबित करने में जुटी हो, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध में सारी हदें लांघी हो, लेकिन भारत की राजनीति केवल विरोध पर जीवंत नहीं रह सकती। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बहुत बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपने विवेक को गिरवी रखकर समालोचना करता है, उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जायेगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए? कांग्रेस की इस श्रृंखला का कहीं अंत ही दिखाई नहीं देता। रचनात्मक समालोचना हो, तथ्यों के आधार पर हो, विवेकसम्मत हो तो उसके बारे में चिंतन भी किया जा सकता है। लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किन्तु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए? कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है। पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा? सोनियाजी राजनीति ही करनी है तो मूल्यों की राजनीति करो, देश सेवा की राजनीति करो, जनता के दिलों को जीतने की राजनीति करो। उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास एवं चरित्र हनन के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा राजनीतिक प्रयत्न कितना जघन्य होता है, समझने वाली जनता अच्छी तरह समझती है।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# ‘तेरे इश्क में’ में मुख्य भूमिका निभाएंगी कृति सेनन

अविस्मरणीय रांझणा (2013) के बाद, पावरहाउस तिकड़ी– आनंद एल राय, धनुष और ए.आर. रहमान– एकतरफा प्यार की एक और भावनात्मक प्रेम कहानी लेकर फिर से साथ आ रहे हैं। आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, यह फिल्म दर्शकों को भावनाओं के एक रोलरकोस्टर पर ले जाने का वादा करती है, जिसमें महान ए. आर. रहमान का शानदार साउंडट्रैक के साथ इरशाद कामिल के काव्यात्मक गीत हैं। अब सुर्खियों का केंद्र कृति सेनन है, जो हाल के सिनेमाई इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। प्रशंसक एक भावनात्मक रोलर कोस्टर की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें सच्ची गहनता, परतदार कहानी और वे पल होंगे जो गहरी छाप छोड़ जाएंगे। इस उत्साह को बढ़ाते हुए फिल्म में कुछ शानदार और अविस्मरणीय डायलॉग हैं जो रांझणा की दुनिया से गहराई से जुड़े हुए हैं। ल ही में जारी प्रोमो में कृति सेनन को एक रहस्यमय अवतार में दिखाया गया है, जो उनके पात्र की गहराई, इंटेंसिटी और जटिलताओं को पूरी तरह से दर्शाता है। बेहद खूबसूरत धुन अविस्मरणीय संगीतमय यात्रा का वादा करती है। दिल को छूने वाले धनुष के पहले लुक के बाद, यह शानदार नया खुलासा तेरे इश्क में की प्रत्याशा और दिलचस्पी को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है, जिससे प्रशंसक और भी अधिक उत्सुक हो गए हैं।

तेरे इश्क में, जो 2025 में फ्लोर पर आने के लिए तैयार है, रांझणा की दुनिया का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी है, जो एकतरफा प्यार, लालसा और भावनात्मक संघर्ष के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है। गुलशन कुमार, टी–सीरीज़ और कलर येलो उत्साहपूर्वक पेश करते हैं तेरे इश्क में, जिसे आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार के साथ प्रोड्यूस किया है। स फिल्म को आनंद एल राय ने डायरेक्ट किया है और हिमांशु शर्मा ने लिखा है। इसे ए.आर. रहमान ने म्यूजिक दिया है, और इसके गीत इरशाद कामिल ने दिए हैं। धनुष और कृति सेनन अभिनीत यह फिल्म 28 नवंबर 2025 को दुनिया भर में हिंदी और तमिल में रिलीज होने वाली है।



# सलमान-रश्मिका की फिर बनेगी जोड़ी, सिकंदर की रिलीज से पहले ही हाथ आई दूसरी फिल्म

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना सलमान खान की फिल्म ‘सिकंदर’ में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वह विक्की कौशल के साथ ‘छावा’ में भी नजर आएंगी। हाल ही में इसका ट्रेलर भी रिलीज हुआ है। फैंस रश्मिका को सलमान खान के साथ ‘सिकंदर’ में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस बीच फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने वाली खबर सामने आ रही है। आइए जानते हैं वह क्या अपडेट है?

## सलमान के साथ फिर बनेगी जोड़ी

एआर मुरुगादॉस निर्देशित ‘सिकंदर’ के बाद अभिनेत्री सलमान खान के साथ एक शीर्षकहीन फिल्म में नजर आ सकती हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों को एक और प्रोजेक्ट के लिए एक साथ साइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान और रश्मिका एटली द्वारा निर्देशित एक आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि ‘सिकंदर’ के सेट पर इस जोड़ी का काम करने का तरीका बहुत अच्छा था और ‘पुष्पा 2– द रूल’ में रश्मिका के प्रदर्शन ने एटली और सलमान दोनों को प्रभावित किया, जिसके कारण उन्हें एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ लिया गया। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।




## सलमान खान का वर्क फ्रंट

सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कैटरीना कैफ के साथ ‘टाइगर 3’ में देखा गया था। इसके बाद अब वह ‘सिकंदर’ में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होगी।

## रश्मिका मंदाना का वर्क फ्रंट

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार ‘पुष्पा 2’ में अल्लू अर्जुन की पत्नी श्रीवल्ली के किरदार में नजर आई थीं। अब उनके पास सलमान की सिंकदर है। 14 फरवरी को विक्की कौशल के साथ उनकी फिल्म ‘छावा’ रिलीज होगी। इसके अलावा वह धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी स्टारर ‘कुबेर’ में भी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।



# अब परिवार संग स्क्रीन शेयर नहीं करना चाहते शाहिद

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत कई विज्ञापनों में एक साथ नजर आ चुके हैं। वहीं शाहिद पिता पंकज के साथ भी कई फिल्में कर चुके हैं। लेकिन अचानक ऐसा क्यो हो गया है कि शाहिर अब अपने परिवार के साथ फिल्मों में अभिनय नहीं करना चाहते हैं। शाहिद कपूर ने अपने पिता पंकज कपूर के साथ मौसम और जर्सी जैसी फिल्मों में काम भी किया है। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया है कि वह अब अपने परिवार के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। शाहिद ने कहा कि काम और परिवार को अलग रखना सबसे अच्छा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शाहिद ने कहा, मैं परिवार के साथ काम नहीं करना चाहता, यह अच्छा विचार नहीं है। परिवार और काम को अलग–अलग तरीके से निपटाया जाना चाहिए। अगर वे एक साथ आते हैं, तो यह मुश्किल भरा हो जाता है। मैं उनके साथ काम नहीं करना चाहता क्योंकि अगर मैंने कुछ कहा तो उनकी भावनाएं आहत होंगी। थित तौर पर इस दौरान शाहिद ने अपनी मां नीलिमा अजीम और पत्नी मीरा राजपूत के बारे में कहा, आपके जीवन में हमेशा महिलाएं ही होती हैं, वे आपको बताती हैं कि आप कितने अच्छे या बुरे हैं। मेरी पत्नी और मां दो ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी मैं बहुत सुनता हूं। मैं उन पर भरोसा करता हूं, अगर वे कुछ ऐसा कहती हैं जो अच्छा नहीं लगता, तो मैं जानता हूं कि वे ऐसा इसलिए कह रही हैं क्योंकि मुझे इसे सुनना है। म की बात करें, शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म देवा में एक पुलिस अफसर की भूमिका निभा में नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहिद के साथ पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुब्रा सैत भी नजर आएंगे। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और सिद्धार्थ रॉय कपूर और उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित, देवा 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# परदे पर ओशो का किरदार अदा करने पर मिथुन चक्रवर्ती ने तोड़ी चुप्पी

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को लेकर काफी समय से चर्चा है कि वे दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरू ओशो रजनीश की बायोपिक में लीड रोल अदा करेंगे। काफी वक्त से मिथुन का लुक भी बदला हुआ है, वे लंबे बाल और बढ़ी हुई दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। इसके बाद फैंस की उत्सुकता और बढ़ रही है। एक्टर किसी फिल्म में ओशो का रोल अदा करने वाले हैं या नहीं, इसे लेकर खुद उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। मिथुन चक्रवर्ती का कहना है कि उन्हें ओशो की भूमिका ऑफर हुई है, लेकिन अभी कुछ कंफर्म नहीं हुआ है। अभी इसमें चार–पांच लग सकते हैं। मिथुन ने फैंस की अटकलों पर बात करते हुए कहा कि लोग उनसे लगातार इस बारे में पूछते हैं। एक्टर ने कहा फिल्म द कश्मीर फाइल्स के लिए फोटोशूट के दौरान एक फिल्म एटिडर ने ओशो के साथ उनकी समानता पर टिप्पणी की थी। एक्टर ने आगे कहा, मुझे ओशो का रोल ऑफर भी हुआ है, लेकिन अभी कुछ कंफर्म नहीं है। अभी इसमें पांच–छह साल लगेंगे। शायद भविष्य में ऐसा हो। मैं यह रोल करूं। मिथुन ने कहा, जब मैं द कश्मीर फाइल्स कर रहा था तब मैंने कुछ फोटोज लिए थे। मैं उनमें खास मुद्राओं में बैठा था। लोगों ने उन तस्वीरों को देखने के बाद कहा कि ओशो जैसा लग रहा हूं। मुझे ओशो रजनीश की बायोपिक भी ऑफर हुई है, लेकिन अभी कुछ भी कंफर्म नहीं है। अगर ओशो रजनीश की बायोपिक बनती भी है तो उसे बनने में पांच–छह साल लगेंगे।

## एक बड़ी जिम्मेदारी है यह किरदार

मिथुन ने आगे कहा, विवेक अग्निहोत्री चाहते हैं कि मैं ओशो की बायोपिक में काम करूं। एक और इंसान ने मुझे ओशो की बायोपिक के लिए ऑफर दिया है। मैं इसे करना चाहता हूं, लेकिन मुझे पता है कि ये एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। ओशो के फॉलोवर्स के लिए वे अब भी एक जिंदा भगवान हैं। वे एक महान इंसान थे और मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो मिथुन द दिल्ली फाइल्स में नजर आएंगे।



# हेरा फेरी 3 पर मुहर लगने के बाद शुरू हुआ काम!

हेरा फेरी 3 के आधिकारिक तौर पर शुरू होने से प्रशंसक रोमांचित हैं। अपने जन्मदिन पर मशहूर फिल्म निर्माता प्रियदर्शन ने एलान की कि वह लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त का निर्देशन करेंगे, जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की तिकड़ी एक बार फिर साथ नजर आएंगे, जिसमें उनकी शानदार ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री वापस आएगी। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया है।

कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग इस साल दिसंबर में शुरू होगी। हेरा फेरी 3 को इस साल दिसंबर से मई 2026 तक छह महीने में फिल्माया जाएगा। फिल्म की मूल रूपरेखा और आर्क पहले से ही तैयार हैं। बताया गया है कि यह एक ऐसी कहानी को चमकाने और विकसित करने के बारे में है, जो राजू, श्याम और बाबूराव के पंथ के साथ न्याय करेगी। प्रियदर्शन फिलहाल भूत बंगला की शूटिंग में व्यस्त हैं और फिल्म निर्माता जून 2025 तक वीएफएक्स और पोस्ट–प्रोडक्शन के लिए अपना संपादन पूरा कर लेंगे। इसके बाद वह स्क्रिप्ट पर कुछ समय बिताना चाहते हैं और फिर हेरा फेरी 3 को फ्लोर पर ले जाना चाहते हैं। पूरी टीम जानती है कि हेरा फेरी कितनी बड़ी फ्रेंचाइजी है और वे पहले जैसा हंसी का अनुभव देने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। हेरा फेरी का तीसरा भाग छह महीने की राइटिंग और प्री–प्रोडक्शन के बाद फ्लोर पर जाएगा।





# देवा से पहले इन हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं पूजा हेगड़े

**फिल्म देवा सिनेमाघरों में 31 जनवरी को रिलीज हो गई है। यह फिल्म मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस की रीमेक है। इसमें शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। पूजा हेगड़े साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। हालांकि, बॉलीवुड में भी उन्होंने काम किया है। देवा से पहले वे हिंदी फिल्मों में बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ नजर आई हैं।**

## मोहनजो–दाड़ो

पूजा हेगड़े ने साल 2016 में फिल्म मोहनजो–दाड़ो से बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू किया। अपनी पहली ही हिंदी फिल्म में उन्हें ऋतिक रोशन जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर मिल गया। मगर, उनकी डेब्यू हिंदी फिल्म ही फ्लॉप रही। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। करीब 120 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म सिर्फ 58.23 करोड़ ही कमा पाई।

## हाउसफुल 4

साल 2019 में रिलीज हुई इस मल्टी–स्टारर फिल्म में पूजा हेगड़े नजर आई। इस एक्शन कॉमेडी फिल्म को दर्शकों का प्यार मिला और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने 16.50 करोड़ रुपये कमाए और टोटल नेट कलेक्शन 194.60 करोड़ रुपये रहा। इस फिल्म में पूजा हेगड़े ने राजकुमारी माला का रोल अदा किया।

## राधे श्याम

यूं तो यह फिल्म मूल रूप से साउथ की ही है, लेकिन हिंदी दर्शकों तक भी पहुंची। इसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। साल 2022 में आई इस फिल्म में पूजा हेगड़े और प्रभास नजर आए थे।

## सर्कस

साल 2022 में पूजा हेगड़े फिल्म सर्कस में नजर आईं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह, जैकलीन फर्नांडिस और वरुण शर्मा जैसे सितारे भी नजर आए। मगर, यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर ही साबित हुई। करीब 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 35.65 करोड़ रुपये पर ही सिमट गई।

## किसी का भाई किसी की जान

साल 2023 में पूजा हेगड़े को बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के साथ काम करने का मौका मिला। इस बॉलीवुड फिल्म से बहुत उम्मीदें थीं। मगर, कुछ खास रंग नहीं दिखा पाई। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने औसत प्रदर्शन किया। अब पूजा हेगड़े देवा में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक रोशन एंड्रूयज कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि पूजा हेगड़े की यह फिल्म क्या रंग जमाती है।

# फिर टूटा राखी सावंत का तीसरी शादी का सपना

कुछ दिनों पहले राखी सावंत अपनी तीसरी शादी की वजह से सुर्खियों में आई थीं। पाकिस्तानी एक्टर डोडी खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने राखी को शादी के लिए प्रपोज किया था। इतना ही नहीं, राखी ने कई इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि की थी कि वह डोडी से शादी करने जा रही हैं और शादी पाकिस्तान में होगी, जबकि भारत में रिसेप्शन होगा। हालांकि अब डोडी ने यू-टर्न ले लिया है और राखी को फ्रेंड जोन में डाल दिया है, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने राखी के साथ कोलाब किया है। उन्होंने कहा– सलाम वालेकुम हिंदुस्तान पाकिस्तान, मैं डोडी खान, कुछ दिन पहले आपने मेरे सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा, जिसमें मैंने राखी सावंत को प्रपोज किया। बिलकुल ठीक देखा आपने, उन्हें प्रपोज करने की वजह ये थी कि मैं बहुत अच्छे से उन्हें जानता हूं, उनको जब मैंने जाना पहचाना तो एक खुदा से मोहब्बत करने वाला इंसान उनके अंदर दिखा। मेरा ख्याल ये है कि लोगों को ये स्वीकार नहीं, क्योंकि जितने मुझे मैसेज और वीडियो आए, उतना तो मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता।



# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरी बार जीता अंडर 19 टी20 विश्व कप

## तृषा को प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज का अवार्ड

**क्वालालंपुर (एजेंसी)।** निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को फाइनल में 9 विकेट से हराकर अंडर 19 टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया है। ये लगातार दूसरी बार है जब भारतीय टीम ने ये खिताब जीता है। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में साल 2023 के पहले ही संस्करण में खिताब जीता था।

इस मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 82 रन बनाये। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने 11.2 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से तृषा और कमालिनी ने अच्छी शुरुआत पर कमालिनी 8 रन बनाकर आउट हुई। ऐसे में तृषा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। तृषा के अलावा सानिका चालके ने 22 गेंदों में 26 रन बनकार भारतीय टीम को जीत दिला दी।




तृषा ने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा नाबाद 44 रन भी बनाए। तृषा ने इस टूर्नामेंट में एक शतक भी लगाया था।

ऐस में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज का भी अवार्ड मिला।

इससे पहले खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी फ्लॉप रही। उसका कोई भी बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेमा बोथ 16 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद सिमोन लॉरेंस भी खात खोले बिना ही परुणिका का शिकार बनी। . तीसरे नंबर पर आई डायरा रामलकन को आयुषी शुक्ला ने आउट किया। कप्तान रेनेकी भी 7 रन ही बना पायी। इस प्रकार पूरी टीम 82 रनों पर ही सिमट गयी। ऐसे में भारतीय टीम को जीत के लिए 84 रनों का लक्ष्य मिला। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से तृषा ने कुल 3 विकेट लिए। वहीं वैष्णवी , आयुषी शुक्ला और परुणिका सिसोदिया ने 2-2 विकेट लिए। शबनक शकील ने एक विकेट लिया।

इस मैच में तृषा की गेंदबाजी कमाल की रही। तृषा ने 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लिए। इसमें से अंतिम दो विकेट के लगातार दो गेंदों पर गिरे। तृषा ने इस टूर्नामेंट में एक शतक लगाया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती के शामिल होने की उम्मीदें बढ़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही 5 मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी फिरकी ने इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान कर दिया और वह विकेट लेने वालों की सूची में सबसे ऊपर चल रहे हैं। चक्रवर्ती ने सीरीज के तीसरे मैच में इतिहास रचते हुए भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय सीरीज में 10 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड बनाया। अब तक चार मैचों में उनके नाम 12 विकेट दर्ज हो चुके हैं, और उनके द्वारा इस प्रदर्शन ने उनकी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में जगह बनाने की उम्मीदों को और मजबूत किया है।

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की टीम में चार स्पिनरों को चुना गया है, जिनमें रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई शामिल हैं। हालांकि, यह टीम अस्थायी है और आईसीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, टीमों को 11 फरवरी तक अपनी अंतिम टीम की घोषणा करनी होगी। अगर इस समय के दौरान कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाता है या किसी अन्य कारण से टीम में बदलाव किया जाता है, तो वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया जा सकता है। पिछले साल 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के दौरान अक्षर पटेल को अस्थायी टीम में जगह मिली थी, लेकिन टूर्नामेंट से पहले वह चोटिल हो गए थे और उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन को अंतिम टीम में शामिल किया गया था।

वरुण चक्रवर्ती का इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में प्रदर्शन यह साबित करता है कि वह किसी भी मौके पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। उनके द्वारा लगातार विकेट लेने की क्षमता और दबाव में ठंडा दिमाग रखने की काबिलियत को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में किसी तरह का बदलाव होता है, तो वरुण को एक मौका जरूर मिलेगा। अब यह देखना होगा कि उनका यह शानदार प्रदर्शन उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में स्थान दिलाने में सफल होता है या नहीं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा।

### लियोन सबसे अधिक विकेट लेने वाले 7वें गेंदबाज बने, अश्विन को पीछे छोड़ा

गॉल ।ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में सात विकेट लेने के साथ ही अपनी टीम को जीत दिलाने के अलावा एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है। पारी और 242 रन की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।नाथन ने मैच में सात विकेट लीं और भारतीय पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।लियोन के अब 546 विकेट हो गये हैं और टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में 7वें स्थान पर पहुंच गये हैं।लियोन ने हाल ही में संन्यास लेने वाले भारतीय टीम के स्पिनर आर अश्विन को पीछ छोड़ा। अश्विन के 537 विकेट हैं और वह आठवें नंबर पर खिसक गये हैं।अश्विन ने गत माह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान संन्यास की घोषणा कर की थी।टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट 800 श्रीलंका के मुथैय्या मुरलीधरन के नाम हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वार्न 708 विकेट लेकर दूसरे और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 704 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं।भारत के अनिल कुंबले 619 विकेट लेकर चौथे, इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड 563 विकेट लेकर पांचवे नंबर पर हैं।

# बीसीसीआई ने मंधाना को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का अवार्ड दिया



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का अवार्ड सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को मिला है। मंधाना ने साल 2024 में 57.46 की औसत से 747 रन बनाए। उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए एक कैलेंडर वर्ष में चार एकदिवसीय शतक बनाए, जो महिलाओं के खेल में एक नया रिकॉर्ड है। इस बल्लेबाज को इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वर्ष की महिला एकदिवसीय क्रिकेटर का पुरस्कार भी दिया गया था।आईसीसी के अनुसार मंधाना ने कठिन हालातों भी रन बनाए। मंधाना ने जून 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 से सीरीजी जीतने के दौरान शतक लगाए। अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी उन्होंने शतक लगाया। इसके बाद दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में शतक लगाया।मंधाना के नाम एक कैलेंडर वर्ष में 13 पारियों में 747 रन हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 95.15 रही है। इस वर्ष उन्होंने सौ से अधिक बार बाउंड्री भी लगाई।

# बीसीसीआई ने सचिन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक समारोह में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। बीसीसीआई ने सचिन को पुरस्कार देने की घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाऊंट पर की है। बीसीसीआई की इस पोस्ट में सचिन की तस्वीर साझा करते हुए लिखा गया है कि उन्होंने क्रिकेट प्रशंसकों को जश्न मनाने का कई बार अवसर दिया। तेंदुलकर को प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए बहुत-बहुत बधाई हो। वहीं ये पुरस्कार हासिल करने के बाद सचिन ने कहा कि मैं बीसीसीआई ने हमेशा ही मेरी सहायता की है। इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाने के लिए मैं बीसीसीआई का आभारी हूं। सचिन ने 200 मैच खेलते हुए टेस्ट में 15,921 रन बनाये हैं। उकना औसतः 53.78, शतकः 51, अर्धशतकः 68 और सबसे अधिक , स्कोरः 248 रन रहा है।

वहीं एकदिवसीय क्रिकेट में सचिन के नाम 463 मैच हैं। इसमें उन्होंने 44.83 के औसत से 18,426, रन बनाये हैं। इसमें 49 शतक और 96 अर्धशतक हैं।




उनका सबसे ज्यादा स्कोर 200 रन रहा है। उन्हें एक ही टी20 मैच खेलने को मिला। जिसमें उन्होंने 10.00 के औसत से 10 रन बनाये थे। वहीं प्रथम श्रेणी के 310 मैचों में उ के नाम 25,396 रन हैं।

# बीसीसीआई ने बुमराह को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर का अवार्ड दिया


मुंबई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसी) ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर के अवार्ड से सम्मानित किया है। बुमराह को 2023-24 के लिए वर्ष का सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) घोषित किया गया है। बुमराह को इससे पहले आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का अवार्ड भी मिला था। उन्होंने टी20 विश्वकप में भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।उनके 15 विकेट और निर्णायक मैच जिताने वाले स्पैल ने भारत को 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे।टेस्ट में उन्होंने साल 2024 के 13 मैचों में सबसे अधिक 71 विकेट लिए थे। वहीं महान ऑलराउंडर कपिल देव ने एक कैलेंडर वर्ष में लाल गेंद क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लिए हैं।बुमराह को पाली उमरीगर पुरस्कार मिला है। उन्हें इससे पहले 2018-19 और 2021-22 सीज़न में भी ये सम्मान मिला था।बुमरहा ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे अधिक 32 विकेट लिए थे। अपने शानदार प्रदर्शन से उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला था।आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर कायम बुमराह आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे।




# आईएमएल में अपने-अपने देशों को प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगें युवराज, जेपी डुमिनी और उपुल तरंगा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के शानदार बल्लेबाजों में से एक युवराज सिंह, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सीजन में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं, जो 22 फरवरी से 16 मार्च तक होगा। युवराज 2007 में पहले आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत की जीत के मुख्य वास्तुकारों में से एक थे, इसके दौरान उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2011 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया था।

इस पर युवराज सिंह ने कहा, सचिन और मेरे अन्य साथियों के साथ मैदान पर उतरना गौरवशाली दिनों को फिर से जीने जैसा अनुभव होगा है। उन सभी के साथ खेलना बहुत सारी पुरानी यादें वापस लाता है। मेरे लिए, आईएमएल उस युग को श्रद्धांजलि है, जो कि भारतीय क्रिकेट को परिभाषित किया, और मैं उन सभी प्रशंसकों के लिए कुछ और अविस्मरणीय यादें बनाने का इंतजार नहीं कर सकता, जिन्होंने वर्षों से हमारा समर्थन किया है।



आईएमएल के क्रिकेट मास्टर्स परिवार में उनके साथ द.अफ्रीका के जेपी डुमिनी और श्रीलंका के उपुल तरंगा भी शामिल हैं, जो अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले है। डुमिनी अपने बेहतरीन स्ट्रोक-प्ले, दबाव में संयम और आसान ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए मशहूर थे। 9,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन और दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान के रूप में नेतृत्व के अनुभव के साथ, डुमिनी अक्सर महत्वपूर्ण क्षणों में स्थिरता देने की शक्ति थे। डुमिनी ने कहा, 'इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले सीजन में साउथ अफ्रीका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इसतरह के टूर्नामेंट में खेलने के लिए उत्सुक हूं, जिसमें खेल के महान खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। स्टाइलिश और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज उपुल तरंगा ने श्रीलंका के लिए 9,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाए। उन्होंने टीम के लिए ठोस नींव रखने के लिए नई गेंद को शानदार तरीके से संभाला, अक्सर एंकर की भूमिका निभाई और आवश्यकता पड़ने पर तेजी से रन बटोरे। तरंगा ने कहा, मैं इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन सत्र में श्रीलंका मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। आईएमएल एक शानदार टूर्नामेंट होगा, जिसमें पुराने दोस्त और प्रतिद्वंद्वी मैदान में उतरने और यादगार क्रिकेट होगा। आईएमएल 22 फरवरी, 2025 को नवी मुंबई, राजकोट और रायपुर में शुरू होने वाला है।

### तृषा ने अवार्ड पिता को समर्पत किया, मितातीको आदर्श बताया

क्वालालंपुर ।अंडर-19 टी20 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में गेंद और बल्ले से ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाली जी तृषा ने उन्हें मिले प्लेयर ऑ टूर्नामेंट अवार्ड को अपने पिता को समर्पित किया।साथ ही कहा कि मेरी आदर्श मिताली राज हैं।मैच के बाद तृषा ने कहा, 'मेरे लिए सब कुछ अच्छा रहे है, मैं अभी इतनी खुश हूं कि कुछ भी व नहीं सकती हूं। साथ देने के लिए सभी का धन्यवाद।हमारी योजना हमेशा अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने की थी, आज भी वही किया जो सफल रही।मैं हमेशा मिताली राज को अपना आ र्श मानती हूं।मैं प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट अपने पिता को समर्पित करना चाहूंगी जो मेरे लिए यहां आये और हौंसला बढ़ाया।में अपने एक ऑलराउंडर के रूप में देखती हूं।मेरा लक्ष्य देश के लिए ख लना और अधिक से अधिक मैच जीतना है।' बता दें कि तृषा ने इस टूर्नामेंट में कुल 7 मैचों में 77.25 की औसत से 309 रन बनाए और 7 विकेट भी लिए। फाइनल मुकाबले में तृषा ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभाते हुए दक्षिण अफीका के 3 विकेट लेने के बाद तेजी से 44 रन बनाये।

# सालाह के दो गोल से लीवरपूल ने बोर्नेमाउथ को हराया, नॉटिंघम फॉरेस्ट 7-0 से जीता



लंदन ।मोहम्मद सालाह के दो गोल की मदद से लीवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में शनिवार को यहां बोर्नेमाउथ को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त नौ अंक की कर ली।बोर्नेमाउथ के खिलाफ सालाह ने 30वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागने के बाद 75वें मिनट में एक और गोल किया।सालाह प्रीमियर लीग में अब 178 गोल के साथ चेल्सी के महान खिलाड़ी फ्रैंक लैम्पर्ड को पछाड़कर सर्वाधिक गोल करने वालों की सर्वकालिक सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।मिस्र के इस फॉरवर्ड ने लीवरपूल के साथ अपने संभवत- आखिरी प्रीमियर लीग अभियान में अब तक 21 गोल किए हैं।लीवरपूल के साथ उनका अनुबंध इस सत्र के अंत में समाप्त हो रहा है।यह पांचवीं बार है जब उन्होंने क्लब के लिए एक ही सत्र में 20 या उससे अधिक लीग गोल किए हैं।इस जीत के साथ लीवरपूल के 23 मैच में 56 अंक हो गए हैं।आर्सेनल की टीम 23 मैच में 47 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।इस हार के साथ बोर्नेमाउथ का प्रीमियर लीग में 11 मैच से अजेय रहने का क्रम भी थम गया।टीम 24 मैच में 40 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में नॉटिंघम फॉरेस्ट ने ब्राइटन पर 7-0 की एकतरफा जीत दर्ज की जबकि एवर्टन ने भी लीसेस्टर सिटी के खिलाफ 4-0 की आसान जीत हासिल की।न्यूकासल यूनाईटेड को फुलहम के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि वोल्वरहैम्पटन ने एस्टन विला को 2-0 से हराया।

# कनकशन विवाद पर अश्विन भी बोले, पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 'कनकशन सब्स्टीट्यूशन' के इस्तेमाल पर सवाल उठाते हुए इसे पूरी तरह से क्रिकेट संबंधित गलत आकलन करार दिया जिसमें मध्यम गति के गेंदबाज हर्षित राणा ने बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह ली थी। दुबे ने मैच के दौरान अर्धशतक बनाया था और भारत की पारी के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद उनके सिर पर लग गई, तब जेमी ओवरटन गेंदबाजी कर रहे थे।

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने 'कनकशन प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए दुबे की जगह राणा को मैदान पर उतार दिया जो 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। राणा ने अपने पदार्पण मैच में 33 रन देकर तीन विकेट झटक लिए जिससे भारत ने मैच 15 रन से जीत लिया। इस तरह भारत ने एक मैच रहते ही टी20 श्रृंखला अपने नाम कर ली।

अश्विन ने 'ऐश की बात' पर कहा, 'खेल खत्म हो गया है। भारत ने घरेलू मैदान पर एक और श्रृंखला अपने नाम कर ली। टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत का सिलसिला वाकई शानदार रहा। लेकिन मेरा पहला सवाल यह है कि क्या हम भूल गए कि यह एक अंतरराष्ट्रीय मैच था या फिर हमने आईपीएल मैच खेला?' उन्होंने कहा, 'क्योंकि आज सारी चर्चा इस बात पर थी कि हर्षित राणा किस तरह शिवम दुबे के 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' बन गए? मैं समझ सकता हूं कि ऐसा पहले भी हुआ है। कैनबरा में युजवेंद्र चहल ने रविंद्र जडेजा की जगह ली।'

अश्विन ने कहा, 'आप इसे 'पोएटिक जस्टिस' बल्कि 'पोएटिक इनजस्टिस' कह सकते हैं। मुझे यह समझ में नहीं आ रहा। कम से कम पहले तो स्पिनर चहल ने स्पिनर जडेजा की जगह ली थी। यहां हर्षित राणा ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह कैसे ले सकते हैं।' 'कनकशन प्रोटोकॉल' के अंतर्गत एक खिलाड़ी की जगह उसकी तरह के खिलाड़ी को ही शामिल करने की अनुमति है और राणा तो एक तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने मध्यम गति के गेंदबाज दुबे की जगह ली जिन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 'इम्पैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर इस्तेमाल किया गया।

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर इस फैसले से नाखुश हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टीम से सलाह नहीं ली गई और वह मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ से स्पष्टता मांगेंगे कि कनकशन के मामलों में समान प्रतिस्थापन क्या होता है। अश्विन का मानना है कि दुबे के लिए समान प्रतिस्थापन खिलाड़ी के लिए रमनदीप सिंह अधिक उपयुक्त होते। उन्होंने कहा, 'भारतीय या इंग्लैंड टीम की इसमें कोई भूमिका नहीं है। अगर टीम में कोई नहीं है तो आप कह सकते हैं कि हर्षित राणा थोड़ी बल्लेबाजी कर सकता है और शिवम दुबे थोड़ी गेंदबाजी कर सकता है इसलिए हमने उसे शामिल किया। पर समान प्रतिस्थापन खिलाड़ी रमनदीप सिंह बाहर बैठे थे। मुझे समझ में नहीं आ रहा।'



उन्होंने कहा, 'यह पूरी तरह से क्रिकेट की गलत गणना का मामला है। भले ही यह अंपायरों की ओर से हो या मैच रेफरी की ओर से या जो भी हो। रमनदीप सिंह वहां मौजूद थे। वह एक बल्लेबाज है जो शिवम दुबे की तरह ही थोड़ी बहुत गेंदबाजी कर सकता है। लेकिन उन्हें नहीं शामिल किया गया। हर्षित राणा को चुना गया था। मुझे लगता है कि प्रभारी लोगों को इस पर गौर करना चाहिए। आज इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा हुआ जिसे नुकसान हुआ, पर किसी दिन भारत के साथ भी ऐसा हो सकता है।' भारत रविवार को अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

# हिना पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम की मैनेजर बनने वाली पहली महिला बनीं




लाहौर। महिला पुलिस अधिकारी हिना मुनव्वर को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम का ऑपरेशंस मैनेजर बनाया गया है।हिना पहली महिला हैं जो पुरुष टीम की मैनेजर बनी हैं।उन्हें इसलिए नियुक्ति किस गया है जिससे कि टीम का संचालन सही तरीके से हो सके।हिना ने पहले भी कई अहम सुरक्षा भूमिकाएं निभाई हैं।हिना एक पुलिस अधिकारी हैं।पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास में ये पहला मौका है, जब किसी महिला को पुरुष टीम के मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई हो।हिना संवेदनशील और जोखिम भरे स्वात क्षेत्र में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी में रही हैं।हिना 8 फरवरी से पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज से अपनी जिम्मेदार संभालेंगी।हिना पहले भी कई कानून प्रवर्तन और सुरक्षा भूमिकाओं में अपनी जिम्मेदारी निभा चुकी हैं।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने कहा, उनकी नियुक्ति का उद्देश्य टीम के भीतर और खिलाड़ियों और बोर्ड के बीच संचालन को सुव्यवस्थित करना है, क्योंकि उन्होंने रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में काम किया है, जिससे विभिन्न संचालन को सुव्यवस्थित करने में मदद मिली है।पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी, हिना को प्रतिनियुक्ति पर बोर्ड में लाए थे, क्योंकि वह पाकिस्तान की पुलिस सेवा का हिस्सा बनी हुई हैं।

## रूस ने ड्रोन और मिसाइल से किया पोल्टावा शहर पर हमला, 15 की मौत



कीव। रूस और यूक्रेन के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते रोज रूस ने पोल्टावा शहर पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है। इससे करीब 15 लोगों की मौत हो गई है। देश भर में दर्जनों आवासीय इमारतों के साथ-साथ ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि मध्य शहर पोल्टावा में एक रूसी मिसाइल ने एक आवासीय इमारत पर हमला किया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और चार बच्चों सहित 16 लोग घायल हो गए। उन्होंने ये भी बताया कि 22 लोगों को मलबे से बचाया गया और आपातकालीन दल रात भर काम करते रहे। बचाव दल ने मृतकों को स्ट्रेचर पर बाहर निकाला। एक रिटायर्ड सैन्य दिग्गज, जिसे यकीन था कि उसके बेटे, बहू और पोती की मौत इमारत की पहली मंजिल (यू.एस. दूसरी) पर हो गई थी, पूरे दिन इमारत के बाहर इंतजार करता रहा, बचाव टीमों से जांच करता रहा क्योंकि वे स्ट्रेचर पर शव लेकर आ रहे थे।मेयर ने इसको लेकर कहा कि यूक्रेन के उत्तर-पूर्व में खार्किव में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार घायल हो गए। वहीं क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा कि हमलों के दौरान तीन पुलिस अधिकारी मारे गए जब वे सुमी के उत्तरपूर्वी क्षेत्र के एक गांव में सड़कों पर गश्त कर रहे थे। यूक्रेन और रूस ने बाद में रूस के कुर्स्क क्षेत्र के यूक्रेनी कब्जे वाले हिस्से में एक बोर्डिंग स्कूल में हॉस्टल पर हमले के लिए दोषारोपण किया, प्रत्येक पक्ष ने दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगाया। यूक्रेन की सेना ने कहा कि चार लोग मारे गये हैं। टीवी फुटेज में इमारत के बाहर मलबे के ढेर से धुएं के मोटे गुबार उठते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसका कुछ हिस्सा मेटल और निर्माण सामग्री के मुड़े हुए द्रव्यमान में तब्दील हो गया है। अग्निशमनकर्मी और दर्जनों बचावकर्मी मलबे में खोज कर रहे थे और मृतकों को स्ट्रेचर पर बाहर ले जा रहे थे।

## खैबर पख्तूनख्वा में आतंकी हमले में 5 की मौत

पेशावर,(ईएमएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को आतंकियों ने पैरामिलिट्री फोर्सेस के वाहन को निशाना बनाया, जिसमें 4 सुरक्षाकर्मी और 1 आम नागरिक की मौत हो गई। यह हमला डेरा इस्माइल खान जिले के दारबान तहसील में हुआ, जो अफगानिस्तान से सटे दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा के करीब स्थित है। पुलिस के अनुसार, करिजात लेवीज बल के जवान एक चोरी हुए ट्रक की बरामदगी के लिए जा रहे थे, तभी आतंकियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

**बलूचिस्तान में भी बड़ा आतंकी हमला**

इससे पहले शनिवार को बलूचिस्तान प्रांत में आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया था, जिसमें कम से कम 18 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी सेना के अनुसार, इस मुठभेड़ में 12 आतंकवादी भी मारे गए थे। पिछले 48 घंटों में बलूचिस्तान में कुल 23 आतंकियों को ढेर किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी पर डाली जा रही है, जो पाकिस्तान में लगातार सुरक्षा बलों को निशाना बना रही है।

**बढ़ती आतंकी घटनाओं से सुरक्षा पर सवाल**

लगातार हो रहे आतंकी हमलों से पाकिस्तान में सुरक्षा हालात गंभीर बने हुए हैं। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सक्रिय आतंकी गुट सरकारी बलों और नागरिकों पर हमले कर रहे हैं।

## गोमा शहर की हिंसा में 800 लोगों की मौत, विद्रोहियों और सेना के बीच संघर्ष जारी

गोमा। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कॉन्गो (डीआरसी) के गोमा शहर में पिछले एक हफ्ते से जारी हिंसा से नरसंहार जैसी स्थिति पैदा हो गई है। शहर और इसके आस-पास के इलाकों में विद्रोहियों और सेना के बीच भीषण संघर्ष जारी है, जिसमें अब तक 800 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि गोमा के अस्पतालों के शवगृह में 773 शव रखे हुए हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। यह संघर्ष मुख्य रूप से एम23 विद्रोहियों और डीआरसी की सेना एफएआरडीसी के बीच हो रहा है। एम23 ग्रुप ने पिछले हफ्ते गोमा शहर पर कब्ज़ा कर लिया था। इस विद्रोही गुट को रवांडा का समर्थन मिला हुआ है, जिसमें हथियारों, रसद और सैनिकों की मदद मिल रही है।

## आईएसआईएस के ठिकानों पर अमेरिका का हवाई हमला, कई आतंकी मारे गए

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना ने सोमालिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए हैं। यह जानकारी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर दी है। ट्रंप ने शनिवार सुबह आईएसआईएस के वरिष्ठ हमलावर और उसके द्वारा सोमालिया में भर्ती किए आतंकवादियों पर सैन्य हमले का आदेश दिया था। ये आतंकवादी गुफाओं में छिपे थे, लेकिन अमेरिकी सेना ने उन पर सटीक हमला किया। ट्रंप ने कहा कि ये आतंकवादी अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए खतरा बने हुए थे। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि ये हत्यारे, जिन्हें हमने गुफाओं में छिपे हुए पाया, संयुक्त राज्य अमेरिका और हमारे सहयोगियों के लिए खतरा थे। हमलों ने उन गुफाओं को नष्ट कर दिया गया है, जिनमें वे रहते हैं और बिना नागरिकों को नुकसान पहुंचाए कई आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सेना ने सालों से आईएसआईएस हमले के योजनाकार को निशाना बनाया है, लेकिन बाइडेन और उनके साथी काम को पूरा करने के लिए पर्याप्त कार्रवाई नहीं कर पाए। यह काम मैंने कर दिखाया।

# भारत-इंडोनेशिया के रिश्तों को मिलीं नई ऊंचाई-पीएम मोदी बोले- हमारा संबंध राम, बुद्ध और मुरुगन से जुड़ा

**-महाकंभभिषेकम समारोह में वर्चुअली लिया भाग**

**जकार्ता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वर्चुअली इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में सनातन धर्म आलयम के महाकुंभभिषेकम समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और प्रधानमंत्री जोको विडोडो भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक पल को भारत और इंडोनेशिया के प्राचीन संबंधों का प्रतीक बताते हुए कहा, भारत और इंडोनेशिया के रिश्ते केवल जियोपोलिटिकल नहीं, बल्कि हजारों साल पुराने संस्कृति और आस्था से जुड़े हैं। उन्होंने भगवान मुरुगन, भगवान राम और भगवान बुद्ध के माध्यम से दोनों देशों के आध्यात्मिक संबंधों को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब कोई भारतीय प्रम्बानन मंदिर में प्रार्थना करता है, तो उसे काशी और केदारनाथ जैसा अनुभव होता है। इसी तरह, जब भारतीय इंडोनेशिया की काकावीन रामायण के बारे में सुनते हैं, तो उन्हें वाल्मीकि और कम्ब रामायण की अनुभूति होती है। उन्होंने आगे कहा, कि भारत में इंडोनेशिया की रामलीला का



मंचन होता है, और जब हम बाली में होम स्वस्ति अस्ति सुनते हैं, तो यह हमें भारत के वैदिक स्वस्ति वाचन की याद दिलाता है।

**संस्कृति के जरिए बढ़ेगा भारत-इंडोनेशिया सहयोग**

पीएम मोदी ने इस अवसर पर भारत और इंडोनेशिया के सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया ने मिलकर प्रम्बानन मंदिर के संरक्षण का निर्णय लिया है और भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने इंडोनेशिया की विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां इसे भिन्नेका तुंगल इका कहा जाता है, जबकि भारत में इसे विविधता में एकता कहते हैं।

**मंदिर बनेगा सांस्कृतिक एकता का केंद्र**

पीएम मोदी ने कहा कि जकार्ता में भगवान मुरुगन का यह नया मंदिर न केवल आस्था का बल्कि सांस्कृतिक एकता का भी केंद्र बनेगा। उन्होंने इस मंदिर में अन्य देवी-देवताओं की स्थापना को भारत और इंडोनेशिया की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक बताया। पीएम मोदी ने इस आयोजन को दोनों देशों के लिए नया स्वर्णिम अध्याय बताते हुए कहा कि भारत और इंडोनेशिया का यह साझा इतिहास आने वाले भविष्य को और मजबूत करेगा।

संस्कृति और धरोहर के माध्यम से भारत-इंडोनेशिया के रिश्तों को नई मजबूती मिल रही है।

क्या यह सहयोग दोनों देशों के पर्यटन और आध्यात्मिक जुड़ाव को और आगे बढ़ाएगा?

# ब्रिटेन में फिर जलाई गई कुरान, आरोपी गिरफ्तार

**-डेनमार्क में तुर्की दूतावास के सामने का मामला**

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के मैनचेस्टर में एक शख्स को पवित्र कुरान के पन्ने जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना पूर्व में करान जलाने वाले सलवान मोमिका की हत्या की खबर के बाद हुई है, इससे इसे उस घटना से जोड़ कर भी देखा जा रहा है।

पुलिस के अनुसार 47 साल के एक शख्स को 'नस्लीय रूप से भड़काऊ सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन' करने के आरोप में 'ग्लेड ऑफ लाइट मेमोरियल' से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। यहां बताते चलें कि ब्रिटेन में पवित्र कुरान के पन्ने जलाने की यह घटना ऐसे वक्त सामने आई जबकि गुरुवार को समाचार मिला कि स्वीडन में सलवान मोमिका की हत्या कर दी गई है। सलवान मोमिका पूर्व में कुरान जलाने का आरोपी रहा है और वह एक ईसाई और इस्लाम विरोधी कार्यकर्ता के तौर पर पहचान रखता था। सलवान ने साल 2023 में कुरान की प्रतियां जलाई थीं। इस कारण दुनिया में मुस्लिम समाज में उसके प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया था। इस घटना के खिलाफ मुस्लिम देशों समेत अनेक देशों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिला था।

कुरान के पन्ने जलाए जाने को लेकर ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस (जीएमपी) की असिस्टेंट चीफ कॉन्स्टेबल स्टेफनी पार्कर का कहना था, कि मेरा मानना है कि इस घटना से हमारे विविध समुदायों में गहरी चिंता उत्पन्न कर सकती है। हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को स्वीकार करते हैं, लेकिन यह तब तक है जब तक कि किसी अन्य को कोई नुकसान न पहुंचे।' उन्होंने कहा कि 'शनिवार दोपहर करीब पौने 03 बजे ग्लेड ऑफ लाइट मेमोरियल क्षेत्र में हुई घटना के बाद एक 47 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल उससे हिरासत में पूछताछ की जा रही है।

**पालुदान ने भी जलाई कुरान की प्रति**

डेनमार्क की दक्षिणपंथी पार्टी 'स्ट्राम कुर्स' के नेता रासमस पालुदान ने भी मोमिका की हत्या किए जाने के विरोध में कुरान की प्रति जलाई है। तुर्की के दूतावास के बाहर उन्होंने कुरान की प्रति जलाई और इस घटना का वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। यहां बताते चलें कि इस घटना से पहले भी पालुदान कुरान की प्रतियां जलाने और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ विवादित बयान देने के मामले में दोषी करार दिए जा चुके हैं।

## अमेरिका ने चीन को चेताया कहा- छिपने की भी जगह नहीं मिलेगी

वॉशिंगटन। ताइवान को लेकर अमेरिका चीन पर भड़का हुआ है। अमेरिका ने साफ कहा है कि कोई भी हो वो अमेरिकी नीतियों में दखल देगा उसे उसका अंजा भुगतना पड़ेगा और छिपने की भी जगह नहीं मिलेगी। अमेरिकी नौसेना के कैप्टन एलेक्स कैंपबेल ने खुलासा किया कि 'रेप्लिकेटर' पहल का फर्स्ट फेज, जो एक नरक जैसा माहौल बनाने की कोशिश करता है, अगस्त तक च ू होने की उम्मीद है। कैलिफोर्निया में एक यूएस नेवल इंस्टीट्यूट (यूएसएनआई) सम्मेलन में बोलते हुए, कप्तान कैंपबेल ने घोषणा की कि रेप्लिकेटर पहल पूर्व उप रक्षा सचिव कैथलीन हिक्स द्वारा नवंबर 2024 में तय किए ए 'अगस्त 2025 तक वॉर फाइटर्स को हजारों मल्टी-डोमेन, एट्रिटेबल ऑटोनॉमस (एडीए2) सिस्टम प्रदान करने' के लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम होगी। 'एट्रिटेबल' शब्द का मतलब है एक डिज़ाइन एलीमेंट जो सस्ते फिर से इस्तेमाल होने वाले और डिस्पोजेबल हथियारों के लिए विश्वसनीयता और रखरखाव का लेन-देन करता है। 'नरक जैसा माहौल' और 'रेप्लिकेटर' दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। रेप्लिकेटर प्रोजेक्ट का पहला चरण सरफेस और सब-सरफेस ड्रोन और लूटिंग म्यूनिशन को जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि एक 'नरक जैसा माहौल' बनाया जा सके और ताइवान पर चीनी आक्रमण को नाकाम किया जा सके।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हिंसा : 41 मौतों के बाद पहुंचे सेना प्रमुख मुनीर

इस्लामाबाद। बलूचिस्तान में आतंकवादियों और सेना के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई, जिसमें 23 दहशतगर्द और 18 सुरक्षाकर्मी मारे गए। सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर अशांत प्रांत में झड़पों के बीच बलूचिस्तान के दौरे पर गए। रिपोर्ट के अनुसार, सेना प्रमुख को प्रांत में मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जनरल मुनीर ने कहा, ये तथाकथित उन्मादी कुछ भी कर लें मगर हमारे गौरवशाली राष्ट्र और उसके सशस्त्र बलों से हार जाएंगे। मालूम हो कि बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ की अलग-अलग घटनाएं हुईं। इनमें 23 आतंकवादियों मारे गए, लेकिन 18 सुरक्षाकर्मियों की भी मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि पिछले 24 घंटों में अशांत बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में ये आतंकवादी मारे गए। शनिवार को हरनई जिले में ऐसे ही एक अभियान में राष्ट्रीय सैनिकों की आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में 11



आतंकवादी मारे गए और कई आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, सेना प्रमुख ने बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती और राज्यपाल शेख जाफर खान मंडोखाइल से मुलाकात की। उन्होंने मारे गए सैनिकों के अंतिम संस्कार में प्रार्थना की और संयुक्त सैन्य अस्पताल क्वेटा में घायल सैनिकों का हालचाल जानने पहुंचे। कलात जिले के मंगोचर इलाके में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के सड़क पर अवरोधक लगाने के प्रयास को विफल कर दिया। साथ ही, 12 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बताया, पिछले 24 घंटों में बलूचिस्तान में विभिन्न अभियानों के तहत कुल 23 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना ने बताया कि सुरक्षा बल न केवल बलूचिस्तान बल्कि पूरे पाकिस्तान से आतंकवाद के खात्मे के लिए दृढ़ संकल्प हैं। हालांकि, किसी ने भी हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली। बयान के मुताबिक, अभियान के दौरान 18 सुरक्षाकर्मी भी मारे गए।

## ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई जारी, 1700 अवैध प्रवासी भारतीय हिरासत में

न्यूयार्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्ती का असर अब दिखने लगा है। ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद 25 हजार से ज्यादा अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। ट्रंप की आइस टीम ने 12 राज्यों में छापे मारे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर छापे की कार्रवाई रिपब्लिकन राज्यों में हुई है। इनमें 1700 अवैध प्रवासी भारतीयों को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले ही 18 हजार अवैध प्रवासी भारतीयों को डिपोर्ट करने के लिए सिलेक्ट किया जा चुका है। इस दौरान मेक्सिको बॉर्डर से घुसपैठ की घटनाएं 94 फीसदी तक कम हो गई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में इस साल 1 जनवरी से 19 जनवरी के बीच रोज औसतन घुसपैठ की 2087 घटनाएं हुईं। ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद 20 जनवरी से 31 जनवरी तक रोज औसतन घुसपैठ की मात्र 126 घटनाएं ही हुईं हैं। अमेरिकी कॉलेज-यूनिवर्सिटी को विविधता, समानता और समावेश प्रोग्राम (डीईआई) के तहत 9 हजार करोड़ रुपए की सब्सिडी को रोकने के आदेश दिए हैं। डीईआई प्रोग्राम में गैर श्वेतों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर और विकलांग छात्रों को रिसर्च और अन्य प्रोजेक्ट के लिए सरकार की ओर से अनुदान मिलता है।

# पाकिस्तान में पैसा लगाकर फंस गया चीन, ना तो पोर्ट चल रहा ना ही एयरपोर्ट

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने पाकिस्तान पर भरोसा करके वहां बड़ा निवेश कर दिया है। अब चीन पछता रहा है क्योंकि ना तो पोर्ट चल रहा ना ही एयरपोर्ट।चीन ने बलूचिस्तान में 250 मिलिय डॉलर खर्च कर ग्वादर बंदरगाह का निर्माण कराया। ग्वादर पोर्ट 2007 से 2013 तक सिंगापुर की कंपनी के पास था। उसकी हालत खस्ता होने लगी तो पाकिस्तान ने चीन के सामने हाथ फैलाया। 2013 में चीन की चाइना ओवरसीज पोर्ट होल्डिंग कपंनी के साथ पाकिस्तान ने करार किया। पोर्ट के पूरे मुनाफे का 91 फीसदी चीनी कपंनी और 9 फीसदी ग्वादर पोर्ट ऑथौरिटी में बंटने का एग्रिमेंट हुआ।

बता दें कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा खनिज पदार्थों भंडार है। चीन की कंपनियों खनन कर वहां की सारी पूंजी लूट रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान में चीनी कंपनियां खनन के काम में लगी है। सोने और तांबे से भरे खदानों का सालों से दोहन कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2002 से यह चीनी कंपनियां बलूचिस्तान में खनिज की माईनिंग कर रही है। हर साल तकरीबन 25 टन



सोना और 12000 से 15000 टन तांबे का खनन करती है।

चीन के पैसों पर पाकिस्तान ग्वादर को पाकिस्तान का दुबई बनाने का सपना देख रहा था। लेकिन इस वक्त ग्वादर चीन के लिए आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया हो गया है। मुनाफा तो दूर की बात खर्चा निकालना चीन को भारी हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक ग्वादर पोर्ट के लिए सबसे बेहतर साल वह रहा जब 22 बड़े व्यापारिक जहाज ने वहां लंगर डाला। कुल पाकिस्तानी कार्गो शिप के 1 परेंसेट भी ग्वादर नहीं पहुंच रहे हैं। 95 फीसदी कार्गो कराची जा रहे है। साल 2023-24 में कराची में 1767 शिप पहुंचे थे। जब्कि ग्वादर में सिर्फ 17। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि व्यापारिये को भी बलूचिस्तान से अपना माल निकलने मे खतरा है।

बलूचिस्तान में इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी बनाकर तैयार कर चुका है। लेकिन अभी तक उस एयरपोर्ट से एक भी फ्लाइट ने उड़ान नहीं भरी है। न्यू ग्वादर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को चीन ने 250 मिलियन डॉलर की लागत से बनाया है इसका 1 जनवरी 2025 को उद्घाटन होना था पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की पहली फ्लाइट ऑपरेट होनी थी लेकिन पहली कमर्शियल उड़ान रद्द कर दी। यह बड़े विमानों को ऑपरेशनल करने के लेहाज से ही डिजाइन किया गया है। पहले इसका उद्घाटन 14 अगस्त 2024 को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किया जाना था, लेकिन विरोध प्रदर्शन के चलते उस वक्त स्थगित करना पड़ा था दूसरी बार उद्घाटन में देरी बलूच लिबरेशन आर्मी के हमलों के चलते हुई थी। इन हमलों के बाद पाकिस्तान की सिविल एविएशन और बलूचिस्तान सरकार ने सुरक्षा की समीक्षा करने के चलते उद्घाटन को फिर से स्थगित कर दिया था। यानी एक नया पैसा अब तक नहीं कमाया

## अमेरिका-रूस वार्ता में यूक्रेन को शामिल नहीं किए जाने से जेलेंस्की खफा बोले- ऐसे कैसे रुकेगी जंग

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** रुस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को खत्म करने के प्रयास लगातार हो रहे हैं। ऐसे ही प्रयासों के चलते अमेरिका और रुस के बीच बातचीत हुई है, लेकिन इसमें यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया है। इससे नाराज जेलेंस्की ने यहां तक कह दिया यूक्रेन से बात किए बगैर जंग कैसे थमेगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में बयान दिया कि उनका प्रशासन रूस-यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए बड़ी तेजी से काम कर रहा है। ऐसे में उम्मीद थी कि इजरायल हमास जंग खत्म हो जाएगी। ट्रंप के इरादों पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की बट्टा लगाते हुए नजर आ रहे हैं। अमेरिका-रूस वार्ता में यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया है। यह बात यूक्रेन को नागवार गुजर रही है। लिहाजा उन्होंने यूक्रेन के बिना युद्ध विराम के प्रयासों को खतरनाक करार दिया।

कीव में एक घंटे के इंटरव्यू में ट्रंप-पुतिन की पुरानी दोस्ती पर जेलेंस्की ने कहा कि उनके अपने संबंध हो सकते हैं, लेकिन हमारे बिना यूक्रेन के बारे में



बात करना सभी के लिए खतरनाक है। हमारी टीम ट्रम्प प्रशासन के संपर्क में है, लेकिन वे चर्चाएं सामान्य स्तर पर हैं। मेरा मानना है कि अधिक डिटेल्ड एग्रिमेंट के लिए जल्द ही आमने-सामने की बैठकें होंगी। हमें इस पर और काम करने की जरूरत है। जेलेंसकी ने कहा कि दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप का फोकस फिलहाल घरेलू मुद्दों पर है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध फरवरी 2022 से जारी है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद अगले छह महीने के भीतर इस युद्ध का अंत करने का वादा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि युद्ध में इस वक्त यूक्रेन ने बढ़त बनाई हुई है। यही वजह है कि युद्ध विराम वार्ता में रूस शामिल नहीं होना चाहता है या किसी भी तरह की रियायतों पर चर्चा नहीं करना चाहता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के मेज पर उनके ऊर्जा और बैंकिंग प्रणाली पर लगे प्रतिबंधों पर चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप की कोशिश होगी कि रूस को और अधिक प्रतिबंध की बात कहकर उन्हें बताया जाए कि वो युद्ध विराम पर नहीं माने तो अमेरिका युद्ध में यूक्रेन की ऐसे ही मदद करता रहेगा।

# कनाडा बोला- अमेरिकी सामान पर लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ, मैक्सिको ने भी सुना दी खरी-खरी

**ओटावा (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एलान के बाद 25 फीसदी टैरिफ लगने पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जवाब दिया है। पीएम ट्रूडो ने कहा कि हम भी अमेरिका को जवाब देंगे। हम 155 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। मंगलवार से 30 बिलियन डॉलर मूल्य के सामान पर यह टैरिफ लागू किया जाएगा। जबकि आने वाले 21 दिन में 125 बिलियन डॉलर मूल्य के सामानों पर और टैरिफ लगाए जाएंगे। वहीं मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने से समस्याएं हल नहीं होती हैं। मैक्सिको टकराव नहीं चाहता है। हम पड़ोसी देशों के बीच सहयोग से शुरुआत करते हैं।

कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि मैं सीधे अमेरिकियों हमारे सबसे करीबी दोस्तों और पड़ोसियों से बात करना चाहता हूं। यह ऐसा विकल्प है जो कनाडाई लोगों को नुकसान पहुंचाएगा, लेकिन इस फैसले के अमेरिकी लोगों के लिए वास्तविक परिणाम होंगे। जैसा कि मैंने लगातार कहा है कि कनाडा के खिलाफ टैरिफ आपकी नौकरियों को खतरे में डाल देगा।पीएम ट्रूडो ने कहा कि राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने कई वर्ष पहले कहा था कि भूगोल ने हमें पड़ोसी बनाया है। इतिहास ने हमें मित्र बनाया है। अर्थशास्त्र ने हमें साझेदार बनाया है और आवश्यकता ने हमें मित्र बनाया है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरुआत करना चाहते हैं, तो बेहतर रास्ता कनाडा के साथ साझेदारी करना है, न कि हम पर टैरिफ लगाना। इससे पहले ट्रूडो ने एक्स पर लिखा कि कनाडाई लोग ऐसा नहीं चाहते थे, लेकिन वे इसके लिए तैयार हैं। ट्रूडो ने इस मामले को लेकर पहले मंत्रिमंडल से चर्चा की थी। अब वे मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से बात करेंगे। अमेरिका ने 4 फरवरी से अधिकांश कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ और ऊर्जा पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है। मैंने आज शीर्ष नेताओं और हमारे मंत्रिमंडल से मुलाकात की है। मैं जल्द ही मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम से बात करूंगा।

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउ ड़्या शीनबाम ने कहा कि नशीली दवाओं की तस् करी में शामिल आपराधिक संगठनों से मैक्सिको का कोई संबंध नहीं है। अगर अमेरिका इन संग नों से निपटना चाहता है तो हमें मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन हमेशा साझा जिम्मेदारी, आपसी विश्वास, सहयोग और सबसे बढ़कर संप्रभुता के सम्मान के सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जा सकता। मैं समन्वय को हां कहती हूं और अ धीनता को ना कहती हूं। उन्होंने साझा चिंताओं को दूर करने के लिए दोनों देशों की शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा टीमों के साथ समूह बनाने का प्रस्ताव रखा।

शीनबाम ने एक्स पर लिखा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप को प्रस्ताव देती हूं कि हम अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा टीमों के साथ कार्य समूह स्थापित करें। समस्याएं टैरिफ लगाने से हल नहीं होती हैं बल्कि बातचीत और संवाद से हल नहीं होती हैं। जैसा कि हमने हाल ही में अमेरिकी विदेश विभाग के साथ मिलकर अप्रवासियों के मुद्दे पर



काम किया। मैक्सिको की टीम प्रवासियों से संबंधित मामलों में अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रवासियों की गिरावट में का जो ग्राफ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, वह मेरी ही टीम ने बनाया था। टीम लगातार उनके साथ संवाद में थी। उन्होंने कहा कि मैं अर्थव्यवस्था सचिव को प्लान बी बनाने का निर्देश देती हूं, जिस पर हम काम कर रहे हैं। इसमें मैक्सिको के हितों की रक्षा के लिए टैरिफ और गैर टैरिफ उपाय शामिल हैं। बलपूर्वक नहीं सब कुछ तर्क और सही तरीके से होगा। मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम ने अमेरिका की ओर से लगाए गए आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने मैक्सिको के आपराधिक संगठनों के साथ संबंध के आरोप लगाए हैं। हम इसे खारिज करते हैं। चार महीनों में हमारी सरकार ने 40 टन से अधिक ड्रग्स जब्त किए हैं। 10 हजार से अधिक लोगों को पकड़ा है।

## कश्मीर में ऊंची इमारतों के निर्माण का विरोध

श्रीनगर । जम्मू कश्मीर देश का सबसे उच्च भूकंप जोखिम वाला क्षेत्र है। राज्य सरकार पांच मंजिल तक का भवन बनाने की अनुमति देने का संशोधन करने जा रही है। इसका जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। अभी जम्मू कश्मीर में तीन मंजिल से ज्यादा कोई भवन नहीं बनाया जा सकता है। नेशनल कांफ्रेंस की सरकार इस नियम को बदलने की तैयारी कर रही है।सरकार ने फ्लोर एरिया रेशियो पर लगी प्रतिबंध को हटाने का फैसला किया है। इसका बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। कश्मीर घाटी के पर्यावरण विद्, वास्तुकार,सामाजिक संस्थाएं,विपक्ष सभी इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे हैं। विरोध करने वालों का कहना है, कश्मीर की भौगोलिक स्थिति ज्यादा भार वहन करने के लायक नहीं है। सरकार इस प्रस्ताव को रद्द करे।घाटी में यदि पांच मंजिला भवनों का निर्माण होगा, तो घाटी में तबाही आ सकती है।

## पटना में पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

### - मुर्गी फार्म से 3 राइफल, 24 जिंदा कारतूस, 1 हैंड ग्रेनेड और 2 किलो गांजा बरामद

पटना। पुलिस ने अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मनेर थाना क्षेत्र के व्यापुर बगीचा स्थित मुर्गी फार्म में छिपे थे अवैध हथियारों और नशीले पदार्थ। पुलिस टीम द्वारा की गई छापेमारी में 3 राइफल, 24 जिंदा कारतूस, 1 हैंड ग्रेनेड और 2 किलो गांजा बरामद किया गया। इस कार्रवाई से अवैध गतिविधियों के नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मनेर थाना क्षेत्र के व्यापुर बगीचा स्थित एक मुर्गी फार्म में भारी मात्रा में अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों का जखीरा छिपाया गया है। इस सूचना के आधार पर दानापुर एसडीपीओ-2 पंकज मिश्रा के नेतृत्व में मनेर थाना पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस छापेमारी के दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन हथियारों और नशीले पदार्थों को कहां से लाया गया। खासतौर पर हैंड ग्रेनेड जैसा हथियार इनके पास कैसे पहुंच गया। साथ ही पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन सबका इस्तेमाल किस लिए किया जाना था। पटना सिटी एसपी (पश्चिमी) ने बताया कि पटना पुलिस लगातार अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चला रही है और इसी कड़ी में मनेर थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करेगी और नेटवर्क के बाकी अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। पटना और उसके आसपास के इलाकों में अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। शराबबंदी के बाद से ही बिहार में सूखे नशे के सप्लायरों ने अलग नेटवर्क ही खड़ा कर दिया है। लेकिन अब नशे के सामान के साथ हथियार और खासतौर पर हैंड ग्रेनेड मिलने से पुलिस के भी कान खड़े हो गए हैं। जल्द ही इस मामले में और खुलासे होने की उम्मीद है।

## कोहरे की वजह से कोलकाता हवाई अड्डे पर 13 उड़ानें प्रभावित

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे और खराब दृश्यता के कारण कुल 13 उड़ानें प्रभावित हुईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के निदेशक प्रवत रंजन बेउरिया ने बताया कि कोहरे के कारण कम से कम दो उड़ानों के आगमन और 11 अन्य के प्रस्थान में देरी हुई। उन्होंने बताया कि कोहरे के कारण रविवार सुबह हवाई अड्डे पर कम दृश्यता प्रक्रिया (एलवीपी) लागू की गई थी। कोलकाता में तैनात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि विमान यातायात नियंत्रक (एटीसी) एलवीपी की घोषणा तब करता है, जब दृश्यता 800 मीटर से कम हो जाती है, जिसके बाद 'फॉलो-मी वाहन' विमानों को उनके स्टैंड तक ले जाते हैं। एलवीपी तब भी लागू की जाती है, जब बादल की ऊंचाई 200 फीट से नीचे होती है।

## बजट का असर : 21 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

नई दिल्ली। कॉर्पोरेट मंत्रालय प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का पायलट प्रोजेक्ट चला रहा है, जिसका उद्देश्य 2024-25 में 1.25 लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। इसके लिए 840 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है। अब तक कंपनियों द्वारा 1.27 लाख इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए हैं और इसके लिए लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। केंद्र सरकार ने 2025-26 के बजट में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत 21 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा है। ये नौकरियां मछली पालन, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण जैसे क्षेत्रों में उत्पन्न होंगी। आपको बता दें कि यह आंकड़ा पिछले साल जुलाई में प्रस्तुत किए गए बजट के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार का लक्ष्य है कि 61 लाख से अधिक कारीगर, जिनमें महिलाएं और एससी, एसटी, ओबीसी समुदायों के लोग शामिल हैं, आत्म-रोजगार प्राप्त करें।बजट दस्तावेज के अनुसार, सबसे अधिक रोजगार सृजन का लक्ष्य प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए है, जिसका उद्देश्य 11 लाख लोगों को रोजगार देना है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के लिए रोजगार सृजन का लक्ष्य 2024-25 में भी ठीक यही था। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम इस सूची में दूसरे नंबर पर है, जिसका उद्देश्य 5.8 लाख रोजगार अवसर उत्पन्न करना है। अगस्त 2008 में लॉन्च किया गया यह कार्यक्रम एक क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी योजना है, जिसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है।वस्त्र उद्योग के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के तहत बजट में 35,000 से अधिक रोजगार उत्पन्न करने का लक्ष्य रखा गया है। संशोधित विशेष प्रोत्साहन पैकेज योजना के तहत सरकार 30,000 रोजगार उत्पन्न करने का लक्ष्य रख रही है। यह योजना 2012 में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन और निर्माण उद्योगों में निवेश आकर्षित करने और विकलांगता को दूर करने के लिए शुरू की गई थी।

# लोगों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं, विदेशी यात्राओं में दिल्ली के बारे में बताने में आती है शर्म

### -विदेश मंत्री जयशंकर ने चुनावी रैली में आप सरकार पर बोला हमला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव में अब कुछ दिन शेष रह गए हैं इसको लेकर चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। इसी कड़ी में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विदेश दौरों में उन्हें यह छुपाना पड़ता है कि देश की राजधानी दिल्ली में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जयशंकर ने दिल्ली की आप सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अपनी विदेश यात्राओं के दौरान उन्हें यह बताने में शर्म महसूस होती है कि दिल्ली के लोगों को घर नहीं मिलते, सिलेंडर नहीं मिलते, या पानी नहीं मिलता है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दक्षिण भारतीय लोगों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली विकास की दौड़ में पीछे छूट गई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले 10 सालों में दिल्ली में विकास नहीं हुआ है। दिल्ली के नागरिकों को उनके बुनियादी अधिकार- पानी, बिजली, गैस, सिलेंडर, और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। अगर आप सरकार लोगों को उनका हक नहीं देती, तो 5 फरवरी को इस सरकार को बदलने पर विचार करें।

इससे पहले जयशंकर ने एक कार्यक्रम में युवाओं से सही चुनाव करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं के बिना 'विकसित भारत' संभव नहीं है। दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते देश के विकास की छवि को दर्शाती है। जब विदेशी लोग दिल्ली आते हैं, तो जो कुछ वे यहां देखते हैं, उससे भारत की छवि बनती है। उन्होंने दिल्ली में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर भी चिंता जताई और कहा कि पिछले पांच सालों में मैंने कई समस्याएं देखी हैं। अवैध कॉलोनियों में सड़कें नहीं हैं, नियमित पानी की आपूर्ति नहीं है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में 5 फरवरी को मतदान होना हैं, जिसमें आप सरकार को बीजेपी की कड़ी चुनौती मिल रही है। इस चुनाव में बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल की आप सरकार को हटाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं आम आदमी पार्टी अपनी 10 साल की उपलब्धियों को गिनाकर सत्ता में वापसी की कोशिश में है। ऐसे में 8 फरवरी को आने वाले परिणाम से ही साफ हो जाएगा कि आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करती है, या फिर बीजेपी तख्तापलट करने में कामयाब होती है।

## सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना फिर न हो : दलित युवती प्रकरण पर मायावती ने कहा

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला उठाते हुए अपील की है कि सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मायावती ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के सहनवां में दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं तथा अमानवीय व्यवहार भी हुआ है।' मायावती ने कहा, 'यह बेहद दु:खद एवं अति गम्भीर मामला है। सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।' इसके पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर लिखा था, 'बेहद दु:खद खबर है कि अयोध्या के ग्रामसभा सहनवां (सरदार पटेल वार्ड) में तीन दिन से गायब दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं। उसके साथ अमानवीय व्यवहार हुआ है।' यादव ने कहा था, 'प्रशासन ने तीन दिन पहले ही अगर परिवार की सूचना पर ध्यान दिया होता तो बच्ची की जान बचायी जा सकती थी।' सपा प्रमुख ने इसी पोस्ट में मांग की थी, 'हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते है कि जो दोषी हैं और जिन पुलिसकर्मियों ने इस मामले में लापरवाही बरती है, उन सबके ख़िलाफ़कठोरतम कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए।'

## 4 मई को खुलेंगे बद्रीनाथ के कपाट, डिमरी पुजारी गाडू घड़ा लेकर ऋषिकेश पहुंचे

### -धार्मिक मान्यता है वसंत पंचमी के दिन होती है कपाल खुलने की तिथि तय



**ऋषिकेश (एजेंसी)।** भगवान बद्रीधाम के कपाट खुलने की तारीख तय हो गई। डिमरी पुजारी गाडू घड़ा लेकर ऋषिकेश पहुंचे। रविवार को टिहरी जिले के नरेंद्रनगर राजमहल में गाडू घड़ा पहुंचेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार वसंत पंचमी के दिन ब्रदीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाती है। इस दिन तेल पिरोने की तिथि भी तय होती है। उसके बाद तेल को गाडू घड़े में भरा जाएगा। तब तक गाडू घड़ा राजमहल में ही रहेगा।

इस यात्रा वर्ष में ब्रदीनाथ धाम के कपाट 4 मई को सुबह छह बजे खुलेंगे। नरेंद्र नगर, टिहरी स्थित राजमहल में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित सादे धार्मिक कार्यक्रम में राज परिवार, श्री ब्रदीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति, श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत की उपस्थिति में धर्माचार्यों ने पंचाग गणना के मुताबिक श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की। वहीं 22 अप्रैल को गाडू घड़ा के लिए तिलों से तेल पिरोने की तिथि भी तय की गई है।

बता दें कि ब्रदीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से होती है। शनिवार को डिमरी पुजारियों के गांव डिम्मर में लक्ष्मी नारायण मंदिर से पूजा अर्चना और बाल भोग के बाद गाडू घड़ा को ऋषिकेश के लिए रवाना किया गया। देर शाम तीर्थनगरी में बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के विश्राम गृह में गाडू घड़ा यात्रा यहां पहुंची। शाम को डिमरी पुजारियों ने परंपरा के मुताबिक विश्राम गृह में आरती की। पुजारी शैलेंद्र प्रसाद डिमरी, नरेश डिमरी, हरीश डिमरी, अरविंद डिमरी गाडू घड़ा यात्रा के साथ पहुंचे।

# मौसम फिर लेगा करवट: पहाड़ों पर बर्फबारी और उत्तर भारत के कई राज्यों में होगी बारिश

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। बदलाव की आहट से जहां पहाड़ों पर बर्फबारी होगी वहीं पंजाब से बिहार तक झमाझम बारिश होने का अनुमान है। इसी के चलते दिल्ली-एनसीआर से लेकर पूरे उत्तर भारत के मैदानी भाग के मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पूर्वी यूपी, बिहार और झारखंड में ठंड के साथ कोहरे का असर दिख रहा है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में पारा चढ़ा हुआ है, लेकिन रात के समय पारा गिर रहा है। दिल्ली के कई इलाकों में होमलेस लोगों को शेल्टर होम में शरण लेना पड़ रहा है।

उत्तर भारत में ठंड का असर कम हो रहा है। अगर उत्तर भारत के मौसम प्रणालियों को समझें तो गांव वाले इलाकों में रात और सुबह के समय काफी ठंड का एहसास अभी है, मगर दिन के समय खिलखिलाती धूप से गर्मी का एहसास हो रहा है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार मौसम की ऐसी ही प्रणालियां चल रही हैं। मौसम विभाग ने इन राज्यों के कई इलाकों खासकर के यूपी के कई जिलों के लिए कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि



आने वाले 2 घंटे में बारिश होने के बाद से मौसम में बद ाव की संभावना है।पहाड़ों पर लगातार बारि । के साथ जमकर बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि लगातार बर्फबारी और बारिश से शुष्कता खत्म हो गई है। मौसम वि ाग के अनुसार ऊंचाई वाले इलाकों में ता ा बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश से कश्मीर घाटी में लंबे समय से जारी शुष्क म सम का दौर खत्म हो गया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में और अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। बारामूला, बांदीपोरा, कुपवाड़ा और सोनमर्ग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही है। श्रीनगर और आसपास के इलाकों में कल शाम से रुक-रुककर बारिश जारी है। बारिश के कारण शुक्रवार को अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई।

मौसम विभाग की मानें तो न्यूनतम तापमान समान्य से 3 से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज हो रहा है। वहीं, पंजाब-हरियाणा के कुछ इलाकों में शनिवार को बारिश के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई, मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर भी अगले तीन दिन तक बारिश की संभावना है।मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में चढ़ रहा पारा थमने वाला है। आज यानी कि रविवार को एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है, जिसकी वजह से अगले 24 घंटे में दिल्ली में झमाझम बारिश होगी। वहीं, सोमवार को एक दूसरा और मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिल्ली एनसीआर भारी बारिश की संभावना है। अगले दिनों तक दिल्ली में तापमान बढ़ा हुआ रहेगा, लेकिन बारिश हो जाने के बाद ठंड का एहसास बढ़ने और पारा गिरने की संभावना रहेगी। मौसम विभाग ने बताया कि आज से दिल्ली के आसमानों में बारिश छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, आज भी बढ़े रहने की संभावना है।

# महाकुंभ आए कैमरामैन को भारत आने पर पता चला महान क्यों कहलाता है



**प्रयागराज (एजेंसी)।** कुछ दिनों पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक विदेशी शख्स भंडारे से मिला खाना बड़े चाव से खाता दिखता है और लोग उसे हैरी पॉटर की संज्ञा देते हुए प्रचारित करना शुरू कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हैरी पॉटर फेम यह शख्स कोई और नहीं, इटली के निकोलो ब्रुग्नारा हैं। महाकुंभ में मिल रहे फेम का आनंद लेते हुए निकोलो महाकुंभ, यूरोप, भारत, योग और योगी सरकार के बारे में भी कई बातें बताते हुए मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए नहीं थकते हैं। निकोलो इटली के कैमरामैन महाकुंभ मेला कवर करने आए हैं और यहां महाकुंभ पर बन रही एक डॉक्यूमेंट्री का भी हिस्सा हैं।

वह आए तो थे महाकुंभ की खबरें कवर करने, तस्वीरें खींचने, मगर अब खुद खबर बन गए हैं और इसका कारण सोशल मीडिया से मिल रही लोकप्रियता है। लोग उनके साथ सेल्फी लेने, रील्स बनाने और इंटरैक्ट करने को बेताब हैं और निकोलो ने खुद कभी नहीं सोचा था कि अपने देश से दूर वह इस तरह फेमस हो जाएंगे। निकोलो एक कुशल कैमरामैन हैं और वह महाकुंभ यह सोचकर आए थे कि उनकी खींची तस्वीरें उन्हें प्रसिद्धि दिलाएंगी। मगर, महाकुंभ में मिल रही पॉपुलैरिटी को चमत्कार मानते हुए निकोलो का कहना है कि उन्होंने कभी इस तरह लोगों के आकर्षण का केंद्र बनने की बात नहीं सोची थी। उनके अनुसार, लोगों से मिल रहा प्यार अभिभूत कर देने वाला है। उन्होंने किस्से-कहानियों में सुना था कि भारत चमत्कार का देश है और अब एक चमत्कार ने ही उनकी जिंदगी बदलकर रख दी है।

निकोलो ब्रुग्नारा खुद को बेहद भाग्यशाली मानते हैं कि इटली से वह महाकुंभ की कवरेज करने आए। उनके अनुसार, एक सीमित क्षेत्र में करोड़ों लोगों का यूं जुटना, स्नान-पूजन, ध्यान करना और छिटपुट घटनाओं के इतर इतने समायोजित तरीके से पूरी प्रक्रिया का प्रबंधित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। उनके अनुसार, भारत की महानता इसी बात में है कि यह सबको बड़े प्यार से अपना अंग बना लेता है। यहां करोड़ों लोग जिस प्रकार स्व जुटकर शांतिपूर्वक पूजा-आराधन कर रहे हैं, यह अकल्पनीय दृश्य है उनका मानना है कि यूरोप में तो इस तरह के दृश्य के बारे में सोचा भी नहीं ज सकता है, क्योंकि आबादी के साथ ह व्यवहार के लिहाज से भी यूरोपीय देश के लिए इतने विशाल जनसमुद्र को समायोजित करना असंभव है।

निकोलो को इस बात पर आश्चर है कि उन्होंने तो कभी खुद की तुलन हैरी पॉटर का किरदार निभाने वाले एक्टर डैनियल रैडक्लिफ से नहीं की उनके अनुसार, डैनियल से कहीं ज्यादा सुंदर त वह खुद हैं, मगर सोशल मीडिया पर भंडारे क खाना खाते किसी शख्स ने उनका वीडियो वायरल कर दिया और तभी से वह हैरी बनक महाकुंभ में जादूगरी के मिथकीय विश्वविद्यालय हॉगवर्ड्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

निकोलो ने महाकुंभ के आयोजन के लेकर डबल इंजन की सरकार, विशेषकर योगी सरकार के साथ ही स्थानीय मेला प्रशासन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह खुद योग प्रैक्टिशनर हैं और उन्हें पता है कि योग की शक्ति से क्या कुछ नहीं हो सकता। सीएम योगी की कार्यप्रणाली से प्रभावित दिखे निकोलो क मानना है कि जो योगी जी कर सकते हैं, वह किसी और के बस की बात नहीं है।

## महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे का दावा, संजय राउत कांग्रेस में शामिल होने के लिए कर रहे बातचीत



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने दावा किया कि शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत कांग्रेस में शामिल होने के लिए दिल्ली में एक नेता से बातचीत कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राणे ने कहा कि राउत का राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के पास उन्हें एक और कार्यकाल के लिए जीत दिलाने को लेकर पर्याप्त विधायक नहीं हैं। महाराष्ट्र में पिछले साल नवंबर में हुए चुनावों में 288 सदस्यीय विधानसभा में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 20 सीट पर जीत हासिल की थी।

राणे ने संवाददाताओं से कहा, ''राउत को 'सामना' (उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी का मुखपत्र) में लिखना चाहिए कि वह शिवसेना (उबाठा) में कितने समय तक टिके रहेंगे। उन्हें उस नेता के बारे में लिखना चाहिए, जिनसे वह दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उन्हें इस मुद्दे पर भी बयान देना चाहिए।'' बार-बार प्रयास करने के बावजूद राउत से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो सका। राणे की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब राउत ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री तथा शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के बीच मतभेद से राज्य में शासन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। राउत ने शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र 'सामना' में अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' में दावा किया कि शिंदे अभी तक इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि नवंबर 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद पुन: नहीं दिया गया और वह इस पद को फिर से हासिल करने की बेहद कोशिश कर रहे हैं और फडणवीस इससे अच्छी तरह से वाकिफ हैं। शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस सहयोगी हैं।

## 5 फरवरी को त्रिपुरा आएंगे गृहमंत्री शाह, चयनित लोगों को बांटेंगे नियुक्ति पत्र

अगरतला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 5 फरवरी को त्रिपुरा सरकार में मल्टी-टास्किंग स्टाफ (ग्रेड-डी) पदों के लिए चयनित लोगों को नौकरी के प्रमाण पत्र बांटेंगे। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 2021 में त्रिपुरा के संयुक्त भर्ती बोर्ड (जेआरबीटी) द्वारा आयोजित परीक्षाओं के जरिए से 2400 से ज्यादा उम्मीदवारों का चयन किया गया था। त्रिपुरा सीएम माणिक साहा और उनके कैबिनेट सहयोगी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम साहा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सामान्य डिग्री कॉलेजों को मजबूत करने के लिए डिग्री कॉलेजों के लिए प्राचार्यो के 13 पदों को अधिसूचित किया गया है। उन्होंने एक अलग पोस्ट में घोषणा की कि राज्य के सरकारी सामान्य डिग्री कॉलेजों के लिए 201 सहायक प्रोफेसरों की भर्ती की जाएगी इसकी अधिसूचना पहले ही प्रकाशित की जा चुकी है। इस बीच सीएम साहा ने केंद्रीय बजट 2025 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट समावेशी बजट है जो सबका साथ, सबका विकास के विजन को पूरा करेगा।

# यूक्रेन के एनएसए ने अजीत डोभाल से की बात, क्या जंग रुकवाने में अहम होगी भारत की भूमिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और यूक्रेन के एनएसए के बीच फोन पर बात हुई है। इसकी जानकारी खुद यूक्रेन की ओर से दी गई है। यूक्रेन ने बताया है कि पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से बात हुई है। इस बातचीत में यूक्रेन और भारत के रिश्तों को लेकर चर्चा हुई है। साथ ही यूक्रेन के मौजूदा हालात पर चर्चा हुई है। इसके अलावा यूएस प्रेसिडेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन में बदलाव के मद्देनजर साझा तौर पर किस तरह के कदम उठाए जाने चाहिए। इस लेकर भारत के साथ यूक्रेनी एनएसए ने चर्चा की है।

जाहिर तौर पर ये बातचीत तब हुई है, जब बार बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहते हैं कि मैं रूस और यूक्रेन का युद्ध रुकवा दूंगा। खासतौर से जब अमेरिका और रूस दोनों ही अपने राष्ट्रपतियों के बीच बातचीत की तैयारी में लगे हुए हैं। जिसकी पृष्णभूमिक पर लगातार काम हो रहा है। ताकी दोनों देशों के बीच कोई सफल बातचीत का आयोजन करवाया जा सके।

एक बात साफ है कि भारत युद्ध में एक बड़ी भूमिका के रूप में उभरा था। रूस से लेकर यूक्रेन तक भारत की भूमिका को बहुत अहम मनाता हैं। एक ओर बातचीत की तैयारी हो रही है। दूसरी ओर रूस की सेना यूक्रेन में लगातार जी से हमले कर रही है। रूस ने दावा किया कि उसने पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में एक और ांव पर कब्जा किया है तथा करीब तीन साल के युद्ध के बाद वह महत्वपूर्ण यूक्रेनी साजो-साम न केंद्र पोक्रोव्स्क के और नजदीक पहुंच या है। हालांकि, रूस के दावे की स्वतंत्र रूप से ष्टि नहीं हुई है कि उसकी सेना ने नोवोवासिलि का पर कब्ज़ा किया है। रूसी सेना महीनों से पो ोव्स्क और पास के चासिव यार जैसे प्रमुख नेत्स्क गढ़ों पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं, खेत और जंगलों में अपना रास्ता बना रही हैं त ा छोटी ग्रामीण बस्तियों को अपने कब्जे में ले रही हैं।

ट्रंप लगातार कह रहे थे कि उनके शपथ लेते ही युद्ध रुक जाएगा। उन्होंने यूक्रेन को थोड़ी सी राहत की सांस दी है। 90 पैट्रेट मिसाइल डिफेंस सिस्टम को यूक्रेन की मदद के लिए भेजा है। ये वहीं मिसाइल सिस्टम है जो इजरायल के लिए पहले तैनात किए गए थे। वहीं बात डोभाल की जाएं तब पहले बीते साल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। उन्हें इसकी जानकारी दी थी कि पीएम नरेंद्र मोदी और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के बीच में क्या बातचीत हुई थी।

